
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 257 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 26 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत की शानदार जीत, बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया; अब ऑस्ट्रेलिया से होगा मुकाबला

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने टूनार्मेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में मजबूत स्थिति हासिल कर ली।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 136 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 5 विकेट पर 139 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने शानदार 53 रन (34 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का) की पारी खेली और जीत की नींव रखी। जेमिमा रोड्रिग्स ने तेजतर्रार 26 रन (15 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) बनाए, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 13 रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश की ओर से रितु मोनी ने 2 विकेट लिए।

इस जीत के साथ भारत के 4 मैचों में 6 अंक हो गए हैं और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 109 अंक चढ़ा

## दिनभर की तेजी पर आखिरी घंटे की बिकवाली भारी, निफ्टी 24,056 पर बंद

समाज जागरण

नई दिल्ली, 25 जून। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। दिनभर मजबूत तेजी दिखाने वाले बाजार में अंतिम घंटे में हुई मुनाफावसूली के कारण बढ़त काफी सीमित रह गई। आईटी, मेटल तथा ऑयल एंड गैस सेक्टर में बिकवाली का दबाव देखने को मिला, जबकि ऑटो और एफएमसीजी शेयरों ने बाजार को सहारा दिया।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 109.25 अंक अर्थात 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,100.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 34.35 अंक यानी 0.14 प्रतिशत चढ़कर 24,056 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी,




लेकिन अंतिम घंटे में निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किए जाने से अधिकांश बढ़त समाप्त हो गई। बाजार पर दबाव बनाने वाले प्रमुख शेयरों में ओएनजीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज शामिल रहे, जिनमें उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

व्यापक बाजार की बात करें तो मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कमजोरी बनी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे निवेशकों की सतर्कता स्पष्ट दिखाई दी।

सेक्टोरल प्रदर्शन में निफ्टी मेटल इंडेक्स सबसे अधिक दबाव में रहा। इसके अलावा निफ्टी आईटी और निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, डिफेंसिव और उपभोक्ता आधारित क्षेत्रों में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी ऑटो और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजार को सकारात्मक क्षेत्र में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी दिनों में शेयर बाजार की दिशा कंपनियों के पहली तिमाही (Q1) के वित्तीय परिणामों तथा मानसून की प्रगति पर काफी हद तक निर्भर करेगी। निवेशकों की नजर अब कॉरपोरेट आय के आंकड़ों और कृषि क्षेत्र को प्रभावित करने वाले मानसूनी हालात पर टिकी हुई है।

– दैनिक समाज जागरण

# होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान का सख्त निर्देश, तय मार्गों से ही गुजरेंगे जहाज

## आईआरजीसी की चेतावनी: ईरान द्वारा निर्धारित रास्तों के अलावा किसी भी मार्ग का उपयोग प्रतिबंधित और जोखिमपूर्ण

समाज जागरण

तेहरान/नई दिल्ली, 25 जून। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान ने बड़ा निर्देश जारी किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने स्पष्ट किया है कि जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी जहाजों को केवल उन्हीं मार्गों का उपयोग करना होगा, जिन्हें ईरानी अधिकारियों ने अधिकृत किया है। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित मार्गों से बाहर किसी भी रास्ते का उपयोग अवैध और अत्यंत जोखिमपूर्ण माना जाएगा।

आईआरजीसी की नौसेना द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही केवल ईरान द्वारा घोषित मार्गों पर ही संभव है। संगठन ने जहाज संचालकों से इन निर्देशों का पालन करने और ईरानी नौसेना के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की है।

### ओमान और आईएमओ के नए कॉरिडोर पर विवाद

यह बयान ऐसे समय आया है जब ओमान के मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर और संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन ने



होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकलने वाले जहाजों के लिए वैकल्पिक समुद्री मार्गों और दिशा-निदेर्शों की घोषणा की है। हालांकि ईरान ने इन मार्गों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि उसकी मंजूरी के बिना घोषित कोई भी नया कॉरिडोर स्वीकार्य नहीं है।

### 60 दिन के समझौते के बाद बढ़ी गतिविधियां

हाल ही में ईरान और अमेरिका के बीच हुए समझौते के तहत जलडमरूमध्य को सीमित अवधि के लिए व्यापारिक जहाजों के लिए खोला गया है। इसके बाद समुद्री यातायात में वृद्धि देखी जा रही है, हालांकि जहाजों की संख्या अभी भी सामान्य स्तर से कम बनी हुई है।

### 11 हजार से अधिक नाविकों की निकासी शुरू

इस बीच संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन ने होर्मुज क्षेत्र में फंसे 11,000 से अधिक नाविकों की निकासी के लिए बड़े अभियान की घोषणा की है। आईएमओ महासचिव ने कहा कि आवश्यक सुरक्षा मंजूरियां प्राप्त कर ली गई हैं और अभियान ईरान, ओमान, अमेरिका तथा अन्य क्षेत्रीय देशों के सहयोग से संचालित किया जाएगा।

### वैश्विक ऊर्जा बाजार की नजर होर्मुज पर

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और गैस व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री व्यापार को प्रभावित कर सकता है। इसलिए निवेशकों, ऊर्जा कंपनियों और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग उद्योग की नजरें फिलहाल इस रणनीतिक जलमार्ग पर टिकी हुई हैं।

# सेशेल्स के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

## राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में होंगे मुख्य अतिथि, भारत-सेशेल्स संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

समाज जागरण

नई दिल्ली, 25 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। वह सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती (50वीं वर्षगांठ) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों, समुद्री सहयोग तथा विकासात्मक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी यह यात्रा सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर कर रहे हैं। प्रधानमंत्री इससे पूर्व वर्ष 2015 में भी सेशेल्स की यात्रा कर चुके हैं। स्वर्ण जयंती



समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों का एक दल तथा भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी भाग लेंगे।

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता भारत और सेशेल्स के बीच विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा को भी संबोधित करेंगे और वहां निवास कर रहे भारतीय समुदाय के सदस्यों से भेंट करेंगे।

भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से घनिष्ठ एवं सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। दोनों देशों के संबंध साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता तथा जन-जन के आपसी जुड़ाव पर आधारित हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी के रूप में सेशेल्स भारत की 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र प्रगति) नीति तथा वैश्विक दक्षिण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता में विशेष महत्व रखता है।

यह यात्रा दोनों देशों के बीच पारंपरिक मित्रता को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को नई दिशा प्रदान करेगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी थीं। इसके उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा था कि भारत अपने समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार सेशेल्स के साथ बहुआयामी संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राम मंदिर दानराशि गबन मामले में बड़ा एक्शन, पांच आरोपी हिरासत में

## नौ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज, एसआईटी की जांच के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज

समाज जागरण

अयोध्या, 25 जून। राम मंदिर की दानराशि में कथित अनियमितता एवं गबन के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की संस्तुति और मंदिर ट्रस्ट की शिकायत के आधार पर दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। सभी आरोपियों से अयोध्या में गुप्त स्थान पर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में अनुकल्प मिश्रा, लवकुश, सुभाष चंद्र, अविनाश तथा मनीष शामिल हैं। हालांकि, इस संबंध में न तो अयोध्या पुलिस और न ही राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

गुरुवार को एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच को गति देते हुए संदिग्धों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि इस प्रकरण में कुल नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। सभी के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के करीबी माने जाने वाले उनके चालक रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू का नाम भी शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की जांच अभी जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, इस मामले के सामने आने के बाद राम मंदिर से जुड़े प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई राशि में कथित गड़बड़ी के आरोपों ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।

# ढाका में भारत की कूटनीतिक सक्रियता बढ़ी, हाई कमिश्नर दिनेश त्रिवेदी को मिला कैबिनेट रैंक

## भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई मजबूती देने की कोशिश, चीन-पाकिस्तान को भी माना जा रहा कूटनीतिक संकेत

समाज जागरण

नई दिल्ली/ढाका, 25 जून। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भारत सरकार ने बांग्लादेश में अपने उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी को कैबिनेट मंत्री के समकक्ष प्रोटोकॉल रैंक प्रदान किया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक ज्ञापन में इस निर्णय की जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। इस कदम को भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई मजबूती देने और ढाका में भारत की कूटनीतिक उपस्थिति को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

रिपोर्टों के मुताबिक, दिनेश त्रिवेदी को हाल ही में बांग्लादेश में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया था। वह पूर्व में केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं और उन्हें कैबिनेट रैंक दिए जाने को केवल औपचारिक प्रोटोकॉल तक सीमित न मानकर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एवं कूटनीतिक संकेत



माना जा रहा है। हालांकि, इससे भारत सरकार की आधिकारिक वरीयता सूची (टेबल ऑफ प्रीसिडेंस) में कोई स्थायी बदलाव नहीं किया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बांग्लादेश भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पिछले कुछ समय में दोनों देशों के संबंधों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे। ऐसे में भारत ढाका के साथ अपने संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में सक्रिय दिखाई दे रहा है। कूटनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यह निर्णय क्षेत्रीय राजनीति के संदर्भ में चीन और पाकिस्तान को एक स्पष्ट संदेश देने वाला कदम हो सकता है। भारत हिंद महासागर और दक्षिण एशिया क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करने पर लगातार जोर दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार, संपर्क, ऊर्जा, सुरक्षा तथा सांस्कृतिक सहयोग जैसे कई क्षेत्रों में घनिष्ठ साझेदारी रही है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय संवाद और सहयोग को और गति मिल सकती है।

## शत्रुघ्न सिन्हा का बयान: 'फोन आए तो सुनूंगा, लेकिन अभी टीएमसी के साथ हूं'



नई दिल्ली। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि अगर उन्हें किसी पार्टी से फोन आता है तो वे पहले सुनेंगे और फिर विचार करेंगे, लेकिन फिलहाल उनका टीएमसी छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका नेता सिर्फ ममता बनर्जी हैं और उन्होंने कठिन समय में उनका साथ दिया है। सिन्हा ने विपक्षी एकता और 2029 लोकसभा चुनाव को लेकर भी टिप्पणी की।

## पाली में आवारा कुत्तों का आतंक, 48 घंटे में 17 लोग घायल

राजस्थान। पाली जिले में 48 घंटे के भीतर आवारा कुत्तों के हमलों में 17 लोग घायल हो गए, जिनमें अधिकतर बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को बांगड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें एंटी-रेबीज टीका दिया गया। स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## जोधपुर मंडल में रेलवे की सख्ती, धूम्रपान पर 8 यात्रियों पर कार्रवाई

जोधपुर। रेलवे ने ट्रेनों और परिसर में धूम्रपान के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। नए नियम लागू होने के बाद पिछले पांच दिनों में 8 यात्रियों पर कार्रवाई कर 16 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सख्ती के चलते नियम उल्लंघन के मामलों में कमी आई है।



## ऑपरेशन टाइगर 3.0 का दावा, शिवसेना (UBT) में बड़ी टूट की आशंका

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। 'ऑपरेशन टाइगर 3.0' को लेकर राजनीतिक गलियारों में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के 20 में से 14 विधायकों ने कथित तौर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से गुप्त मुलाकात की है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह मुलाकात पिछले एक-दो दिनों में किसी अज्ञात स्थान पर हुई, जिसके बाद महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में असंतोष और बेचैनी बढ़ गई है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों के अनुसार, हाल ही में हुई एमवीए समन्वय बैठक में गठबंधन के कई विधायक अनुपस्थित रहे, जिससे विपक्षी खेमे में चिंता बढ़ी है। बैठक में अपेक्षित संख्या से कम प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## पटना: खान सर के कोचिंग सेंटर में आग, छात्रों को सुरक्षित निकाला गया

समाज जागरण

पटना। राजधानी पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडी सेंटर में अचानक आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आग के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। सभी



छात्र और कर्मचारी सुरक्षित हैं।

# बड़े चेहरों-जातीय संतुलन से सजी यूपी बीजेपी की नई टीम

उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश साफ दिख रही है। पार्टी ने जिस तरह ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित और अलग-अलग इलाकों से जुड़े चेहरों को जगह दी है, उससे यह संदेश दिया जा रहा है कि संगठन केवल एक वर्ग या एक क्षेत्र के सहारे नहीं चलेगा, बल्कि हर बड़े सामाजिक समूह को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति बनाई जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा भी तेज है कि नई टीम के गठन में प्रदेश अध्यक्ष से ज्यादा राष्ट्रीय नेतृत्व के भरोसेमंद रणनीतिकार सुनील बंसल की छाप नजर आती है। यही वजह है कि इसे सिर्फ संगठनात्मक फेरबदल नहीं, बल्कि आने वाले विधानसभा चुनाव की जमीन तैयार करने की कवायद भी माना जा रहा है।

भाजपा जानती है कि उत्तर प्रदेश में जीत सिर्फ नारे से नहीं, बल्कि जातीय समीकरण, क्षेत्रीय संतुलन और बूथ स्तर की पकड़ से तय होती है।जनसाधारण के नजरिये से देखें तो पार्टी ने ब्राह्मणों की नाराजगी को भी गंभीरता से लेने की कोशिश की है। नई टीम में इस वर्ग को अपेक्षाकृत अच्छी जगह देकर भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह किसी एक सामाजिक आधार को कमजोर नहीं होने देगी। इससे यह भी माना जा रहा है कि पार्टी पुराने भरोसेमंद मतदाताओं को फिर से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, क्योंकि चुनाव के समय संगठन का यह संतुलन बहुत मायने रखता है।सूत्रों और राजनीतिक चचाओं में यह बात भी उठ रही है कि सुनील बंसल की भूमिका अब भी उतनी ही अहम है, जितनी पहले थी। वे उत्तर प्रदेश की राजनीतिक नब्ज को गहराई से समझते हैं और 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता तक पहुंचाने में उनकी रणनीति की बड़ी भूमिका मानी गई थी। इसीलिए नई टीम को देखकर बहुत से लोग इसे उसी पुराने संगठनात्मक मॉडल की वापसी के रूप में देख रहे हैं, जिसमें नीचे तक पकड़, सामाजिक गणित और लगातार संवाद सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

इसी संदर्भ में संदीप बंसल का नाम भी चर्चा में आ रहा है। राजनीतिक समझ रखने वाले लोग मान रहे हैं कि आने वाले चुनाव में वे भी प्रदेश की राजनीति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसका कारण यह है कि भाजपा अब ऐसे चेहरों को आगे बढ़ाने की तैयारी में दिख रही है जो संगठन, वर्ग-संतुलन और चुनावी प्रबंधन तीनों में काम आ सकें। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ी, तो संदीप बंसल जैसे नेताओं की उपयोगिता और बढ़ सकती है।नई टीम की सबसे बड़ी खासियत यही मानी जा रही है कि उसमें केवल चेहरों का नहीं, बल्कि संदेशों का भी संतुलन साधा गया है। एक तरफ पार्टी यह दिखाना चाहती है कि वह सभी बड़े समाजों को साथ लेकर चल रही है, दूसरी तरफ यह भरोसा भी देना चाहती है कि चुनावी प्रबंधन पहले की तरह मजबूत हाथों में है। जनता के बीच भी यही धारणा बनती है कि भाजपा संगठन को हल्के में नहीं लेती और हर बड़े चुनाव से पहले अपनी व्यवस्था को फिर से कसती है।

खैर, उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को खास तौर पर साधने की कोशिश दिखाई दी है। पार्टी ने 19 प्रदेश उपाध्यक्ष, 8 प्रदेश महामंत्री और 19 प्रदेश मंत्रियों के साथ पूरी कार्यकारिणी को नए सिरे से सजा दिया है, जिसमें ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित, पूर्वांचल, पश्चिमी यूपी और अवध-कानपुर जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व ध्यान से रखा गया है. प्रदेश उपाध्यक्षों की सूची में सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दुर्विजय शाक्य, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर गिरी, कामेश्वर सिंह, डॉ. कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय और आलोक गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है. इनमें सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दुर्विजय शाक्य, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर गिरी, कामेश्वर सिंह, डॉ. कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय और आलोक गुप्ता जैसे नाम अलग-अलग सामाजिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि का संदेश देते हैं. प्रदेश महामंत्रियों में रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल और राजेश चौधरी को जगह मिली है. इन नामों के जरिए पार्टी ने ओबीसी, दलित, ब्राह्मण और क्षेत्रीय संतुलन को साधने की कोशिश की है. यह भी संकेत मिलता है कि संगठन में केवल पुराने चेहरों पर भरोसा नहीं किया गया, बल्कि चुनावी प्रबंधन में काम आ सकने वाले मिश्रित नेतृत्व को प्राथमिकता दी गई है.

प्रदेश मंत्रियों की सूची भी इसी सामाजिक गणित को आगे बढ़ाती है, जो नाम प्रमुखता से सामने आए हैं, उनमें शंकर गिरी, डॉ. चंद्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला सिंह माहौर, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, शकुंतला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनम बजाज, अर्चना मिश्रा, अमित बाल्मीकि, बसंत त्यागी, शिवभूषण सिंह, सुरेश पासी, अभिजात मिश्रा और डीपी भारती शामिल हैं. इन नियुक्तियों से पार्टी ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि संगठन में हर बड़े सामाजिक वर्ग को हिस्सेदारी दी जा रही है. क्षेत्रीय अध्यक्षों की घोषणा भी इस फेरबदल का अहम हिस्सा रही।


कुल मिलाकर यह नई टीम केवल पदों का बंटवारा नहीं, बल्कि 2027 विधानसभा चुनाव की जमीन तैयार करने वाला संगठनात्मक ढांचा मानी जा रही है. पार्टी ने सामाजिक समीकरण, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और चुनावी प्रबंधन तीनों को एक साथ साधने की कोशिश की है.जाति के हिसाब से देखें तो इस सूची में ब्राह्मण, क्षत्रिय, यादव, शाक्य, लोधी, सैनी, पासी, बाल्मीकि, शाक्य, मौर्य, रावत, कोरी, चौहान, जाटव और अन्य पिछड़े-दलित समुदायों की मौजूदगी साफ दिखती है. यही वजह है कि इसे महज संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश वाली टीम माना जा रहा है.

बहरहाल, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भाजपा के सामने अलग-अलग चुनौतियां हैं। शहरों में विकास, रोजगार और प्रशासनिक छवि मुद्दा बनते हैं, जबकि गांवों में जातीय तालमेल, स्थानीय नेतृत्व और कार्यकताओं की सक्रियता निर्णायक होती है। नई टीम का गठन इन्हीं दोनों स्तरों पर एक साथ असर डालने की कोशिश लगता है। इसलिए इसमें ऐसे चेहरों को महत्व दिया गया है जो अपने-अपने इलाकों में पकड़ रखते हों और समाज के अलग-अलग हिस्सों को साध सकें।जनमानस में यह भी देखा जाता है कि भाजपा जब किसी नामचीन रणनीतिकार की छाप वाली टीम बनाती है, तो उसका मतलब केवल पदों का बंटवारा नहीं होता, बल्कि आने वाले चुनाव की रूपरेखा भी साथ-साथ बनती है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में यह फामूर्ला कई बार कारगर रहा है। यहाँ संगठन की मजबूती, जातीय गणित और नेतृत्व का भरोसा, तीनों मिलकर चुनावी नतीजों को प्रभावित करते हैं। इसीलिए नई टीम को लेकर उम्मीद और चर्चा, दोनों एक साथ चल रही हैं।

लब्बोलुआब यह है कि भाजपा की नई प्रदेश टीम को जनता इस नजर से देख रही है कि क्या यह टीम वास्तव में सभी वर्गों को साथ लेकर चलेगी, क्या ब्राह्मणों और अन्य नाराज तबकों का भरोसा वापस जीत पाएगी, और क्या सुनील बंसल की रणनीतिक छाप एक बार फिर पार्टी को लाभ दिला सकेगी। अभी इतना साफ है कि पार्टी ने संदेश बहुत सोच-समझकर दिया है और आने वाले महीनों में इसी टीम की परीक्षा जमीन पर होगी।

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

# पासपोर्ट भी नहीं तो फिर क्या ?
# नागरिकता के उलझे तारों में फंसा आम आदमी



अजय कुमार

भारत में नागरिकता को लेकर चल रही हालिया बहस ने एक ऐसी गहरी कानूनी और सामाजिक पहेली को जन्म दिया है, जिसे सुलझाना अब आम नागरिक के लिए अनिवार्य हो गया है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा दिवस पर जो स्पष्टीकरण दिया, उसने देश भर के मध्यम वर्ग में खलबली मचा दी है। मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि पासपोर्ट केवल एक यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं। सुनने में यह तकनीकी लगता है, लेकिन इसकी गहराई में उतरने पर पता चलता है कि हमारी पहचान को लेकर जो सुरक्षा का बोध था, वह कितना कच्चा है। आज के दौर में जब हर गली-नुक्कड़ पर घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेजों से नागरिकता हासिल करने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं, तब यह सवाल पूछना लाजमी है कि आखिर भारत की नागरिकता का असली आधार क्या है? क्या हम उस सुरक्षा चक्रव्यूह में फंसे हैं, जहाँ कागजों की बाजीगरी किसी को भी भारतीय बना सकती है और किसी को भी बेघर? इस पूरी प्रक्रिया के पीछे का 'नेक्सस' (गठजोड़) बेहद व्यवस्थित और खतरनाक है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मामले में जो पैटर्न सामने आया है, वह बताता है कि कैसे स्थानीय मदद से पहले आधार कार्ड बनवाया जाता है, फिर उसके आधार पर वोटर आईडी और अंत में पासपोर्ट। हाल के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि केवल 2025 में ही भारत ने करीब 1.39 करोड़ पासपोर्ट जारी किए। इतनी बड़ी संख्या में पासपोर्ट जारी करने वाली मशीनरी के भीतर जब फजीर्वाड़े की गुंजाइश बचती है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा को सीधे चुनौती देती है। घुसपैठिये अक्सर स्थानीय बिचौलियों की मदद से उन इलाकों में अपनी जड़ें जमाते हैं जहाँ दस्तावेज बनवाना आसान होता है। एक बार आधार बन गया, तो वह नाम और पते की पहचान बन जाता है। इसी पहचान के दम पर वे वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराते हैं और फिर 'भारत के नागरिक' के रूप में पासपोर्ट के लिए आवेदन कर देते हैं। इस पूरे खेल में पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी कभी-कभी सतही साबित होती है, जिसका फायदा उठाकर ये लोग भारतीय होने का कानूनी मुखौटा पहन लेते हैं।

कानूनी रूप से यह स्थिति और भी पेचीदा है। 1955 का नागरिकता कानून स्पष्ट करता है कि नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण या प्राकृतिक तरीके से मिलती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि देश की 99.99 फीसदी आबादी के पास कोई ऐसा 'सिंगल कार्ड' नहीं है जिसे वे 'नागरिकता का प्रमाण पत्र' कह सकें। आधार कार्ड नागरिकता नहीं देता, यह केवल निवास का प्रमाण है, जिसे सुप्रीम कोर्ट से लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट तक ने कई बार दोहराया है। वोटर आईडी भी केवल चुनावी सूची का हिस्सा होने का प्रमाण है। जब विदेश मंत्रालय यह कहता है कि पासपोर्ट नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं है, तो वह केवल कानून का पाठ पढ़ा रहा होता है, लेकिन एक आम नागरिक के लिए यह बयान उसकी पूरी अस्मिता पर प्रहार जैसा महसूस होता है। इस बहस की कड़ियों को अगर 2019 के सीएए-एनआरसी के दौर से जोड़कर देखें, तो डर स्वाभाविक है। उस समय सरकार ने कहा था कि जन्म की तारीख और जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेज जमा करके नागरिकता साबित की जा सकती है, लेकिन कोई तय लिस्ट जारी नहीं की गई थी। अब अगर भविष्य में देशव्यापी एनआरसी लागू होता है, तो वह 'पासपोर्ट धारी' नागरिक भी सकते में है जिसे लगता था कि उसके पास सरकार का ही दिया दस्तावेज है। सच तो यह है कि पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत भी केंद्र सरकार कुछ मामलों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है। यानी, आपके हाथ में मौजूद पासपोर्ट आपकी भारतीयता का दावा तो करता है, लेकिन किसी कानूनी विवाद या एनआरसी जैसी प्रक्रिया के दौरान वह आपको 'अंतिम नागरिक' घोषित करने की गारंटी नहीं देता।

यही वह जगह है जहाँ आम आदमी के लिए सबसे बड़ा संकट खड़ा होता है। जब तक आप पर कोई कानूनी आंच नहीं आती, तब तक पासपोर्ट, आधार और वोटर आईडी के साथ आप पूरे भारत में स्वतंत्र घूम सकते हैं। लेकिन, अगर कभी 'कागज दिखाने' की नौबत आई जैसा कि असम में हुआ तो वहां के 19 लाख से अधिक लोगों के आवेदन खारिज हो गए थे। असम एनआरसी की प्रक्रिया ने दिखाया कि कैसे दशकों से रह रहे लोग भी सरकारी फाइलों में 'विदेशी' हो सकते हैं यदि उनके पास 1971 से पहले की लीगेसी (विरासत) के ठोस दस्तावेज न हों। भारत के बाकी हिस्सों में स्थिति थोड़ी अलग है, लेकिन कानूनी ढांचा वही है। यदि पासपोर्ट को ही अंतिम प्रमाण नहीं माना जा रहा, तो वह साधारण गरीब व्यक्ति क्या करेगा जिसके पास स्कूल का सर्टिफिकेट नहीं है, जिसके पास पैतृक जमीन के पुराने रिकॉर्ड नहीं हैं, और जो केवल एक सामान्य पासपोर्ट या आधार के सहारे अपना जीवन बिता रहा है? यह विवाद केवल कागजों का नहीं है, यह उस भरोसे का है जो एक नागरिक का अपनी सरकार के साथ होता है। विपक्षी दल इसे राजनीति से जोड़ रहे हैं, जबकि सरकार इसे कानूनी प्रक्रिया बता रही है। लेकिन इस बहस के बीच में जो 'सच्चाई' दबी हुई है, वह यह है कि भारत में नागरिकता 'अधिकार' से ज्यादा 'सिद्ध करने की जिम्मेदारी' बन गई है। फॉरेनर्स एक्ट 1946 की धारा 9 के तहत सबूत पेश करने का जिम्मा नागरिक का है, राज्य का नहीं। यानी, राज्य कभी भी आपसे आपकी नागरिकता मांग सकता है, और उस दिन पासपोर्ट या आधार केवल मददगार साबित हो सकते हैं, निर्णायक नहीं।

अंततः, नागरिकता का असली प्रमाण तो वही 'जन्म की श्रंखला' है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक दौर की भीड़भाड़ और फजीर्वाड़े के बीच, सरकार का यह स्पष्टीकरण एक चेतावनी भी है अपने पुराने दस्तावेजों को सहेज कर रखें। सिर्फ एक कार्ड के भरोसे न रहें। जिस तरह घुसपैठिये नेक्सस का इस्तेमाल कर सिस्टम में घुस रहे हैं, उससे निपटने के लिए सरकार भले ही कड़े नियम बनाए, लेकिन उस चक्कर में आम नागरिक को एक ऐसी अंतहीन कागजी दौड़ में नहीं धकेला जाना चाहिए जिसका कोई अंत न हो। पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता की पहचान है, और इसे और अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाना विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी है ताकि फर्जी पासपोर्ट के आधार पर कोई भी इस देश का नागरिक न बन सके। आखिर में, भारतीयता सिर्फ कागजों की मोहताज नहीं है, पर इस डिजिटल युग में कागज ही आपकी पहचान की नींव हैं। इस नींव को मजबूत रखना, आज हर भारतीय की अपनी सुरक्षा के लिए पहली शर्त बन गई है।

(नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस - 26 जून 2026)

# मादक पदार्थों का नशा - मस्तिष्क को अनियंत्रित करने वाला घातक जहर

समस्त जीव-जगत में मनुष्य को सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है और इसका प्रमुख कारण उसका विकसित मस्तिष्क हैं। मानव शरीर की प्रत्येक गतिविधि, निर्णय और व्यवहार का संचालन मस्तिष्क द्वारा ही किया जाता हैं। यदि मस्तिष्क सही ढंग से कार्य न करे तो मनुष्य का अस्तित्व मात्र एक जिंदा लाश तक सीमित रह जाता हैं। दुर्भाग्यवश, नशा सबसे पहले और सबसे अधिक इसी मस्तिष्क पर आघात करता है। मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित कर देता है, जिससे वह सही और गलत के बीच का अंतर समझने में असमर्थ हो जाता हैं। नशे की स्थिति में व्यक्ति का अपने व्यवहार और भावनाओं पर नियंत्रण कम हो जाता हैं। यही कारण है कि अनेक अपराधों के पीछे नशे की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जाती हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए लोग चोरी, लूट, हिंसा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का सहारा लेते हैं। आर्थिक तंगी बढ़ने पर कई बार स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि व्यक्ति अपने ही परिवार के सदस्यों के साथ हिंसक व्यवहार करने लगता हैं। समाचारों में अक्सर ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं, जहाँ नशे की लत के कारण परिवार टूट जाते हैं और निर्दोष लोगों की जान तक चली जाती हैं। नशा केवल मस्तिष्क को ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों को भी धीरे-धीरे नुकसान पहुँचाता हैं। इसका परिणाम अनेक गंभीर और महंगी बीमारियों के रूप में सामने आता है, जो अंततः असमय मृत्यु का कारण बन सकती हैं। इसलिए नशा किसी भी रूप में मनोरंजन या राहत का साधन नहीं, बल्कि धीरे-धीरे जीवन को नष्ट करने वाला जहर हैं।

भारत सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय प्रत्येक वर्ष नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाता हैं। वर्ष 2026 में 17 जून से 26 जून तक ह्यनशा मुक्त सप्ताहह्व मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत देशभर में विविध जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की थीम है– ह्यवैश्विक स्तर पर ड्रग समस्या : इससे उत्पन्न चुनौतियाँ और उनके नए समाधानह्व यह विषय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज नशीले पदार्थों की उपलब्धता और पहुँच पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई हैं। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और वृद्धों तक, हर आयु वर्ग के लोग किसी न किसी रूप में इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं।

हाल ही में समाचारों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार नागपुर में पांच महीनों के भीतर




पांच करोड़ रुपये मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की गई। यदि एक शहर की यह स्थिति है, तो पूरे राज्य और देश में मादक पदार्थों की तस्करी का वास्तविक स्वरूप कितना व्यापक होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता हैं। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है। देश का युवा वर्ग किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति माना जाता हैं। यदि यही युवा नशे की गिरफ्त में आ जाए तो समाज और देश दोनों का विकास प्रभावित होता हैं। पहले के समय में कुछ लोग यह मानते थे कि नशा थकान दूर करता है या मानसिक तनाव कम करता हैं। सीमित शिक्षा और मनोरंजन के साधनों के कारण ऐसी धारणाएँ प्रचलित थीं। किंतु आज, जब शिक्षा, तकनीक और जागरूकता के अनेक साधन उपलब्ध हैं, तब भी बड़ी संख्या में युवा नशे को आधुनिकता, मौज-मस्ती या सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहे हैं। यह प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक हैं।

जब परिवार का कोई एक सदस्य भी नशे का आदी हो जाता है, तो उसके दुष्परिणाम पूरे परिवार को भुगतने पड़ते हैं। परिवार आर्थिक संकट, मानसिक तनाव, सामाजिक अपमान और भावनात्मक पीड़ा का सामना करता हैं। नशे की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे उसकी जिम्मेदारियों से दूर कर देती हैं। वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असफल होने लगता है और परिवार के अन्य सदस्य स्वयं को असुरक्षित तथा असहाय महसूस करते हैं। यदि परिवार का मुखिया ही नशे का शिकार हो जाए, तो पूरे परिवार का भविष्य संकट में पड़ता हैं। नशा केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास में भी बड़ी बाधा हैं। इससे अपराध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी और सामाजिक अस्थिरता जैसी अनेक समस्याएँ बढ़ती हैं। जिन देशों में नशीले पदार्थों का व्यापार बड़े पैमाने पर फैला है, वहाँ सामाजिक और आर्थिक विकास गंभीर रूप से प्रभावित हुआ हैं। इसलिए नशे के विरुद्ध संघर्ष केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी हैं।

बच्चों और किशोरों को नशे से दूर रखने में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। केवल बच्चों की इच्छाएँ पूरी करना या उन्हें भौतिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं हैं। अभिभावकों को यह जानना चाहिए कि उनके बच्चे किन लोगों के संपर्क में हैं, कहाँ समय बिताते हैं और किन गतिविधियों में शामिल रहते हैं। बच्चों के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों को समझना और समय रहते उचित मार्गदर्शन देना आवश्यक हैं। परिवार में ऐसा वातावरण होना चाहिए जहाँ बच्चे बिना किसी डर के अपने विचार और समस्याएँ साझा कर सकें। यदि माता-पिता बच्चों के मित्र बनकर संवाद स्थापित करें, तो बच्चों को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सकता हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए उनके संस्कार, नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक हैं।

आज समाज में कई ऐसी घटनाएँ देखने को मिलती है, जहाँ नशे की हालत में लोग गंभीर अपराध कर बैठते हैं। ऐसी घटनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि नशा व्यक्ति की निर्णय क्षमता को किस हद तक प्रभावित कर सकता हैं। इसलिए केवल अपराधी को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन सामाजिक परिस्थितियों और लापरवाहियों पर भी विचार करना आवश्यक है, जो ऐसी घटनाओं को जन्म देती हैं। सरकारी आँकड़ों के अनुसार देश में नशे की शुरूआत की औसत आयु लगभग 12 से 13 वर्ष है, जो अत्यंत चिंताजनक तथ्य हैं। करोड़ों लोग शराब, गांजा, चरस, ओपिओइड्स तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। विश्व स्तर पर भी नशीली दवाओं के उपयोग में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही हैं। अवैध मादक पदार्थों का उत्पादन और तस्करी संगठित अपराध को बढ़ावा दे रही है तथा अनेक देशों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए अत्यधिक कड़े कानून की आवश्यकता हैं। नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार, पुनर्वास और भावनात्मक सहयोग की भी आवश्यकता होती हैं। तनाव, अकेलापन, चिंता, सामाजिक दबाव और भावनात्मक अस्थिरता जैसे कारण भी युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं। इसलिए उन्हें सकारात्मक जीवन मूल्यों, स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती की दिशा में मार्गदर्शन देना आवश्यक हैं। देशभर में नशा मुक्ति केंद्र, पुनर्वास केंद्र और सहायता सेवाएँ उपलब्ध हैं। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर 14446 भी संचालित किया है, जहाँ सहायता प्राप्त की जा सकती हैं। जीवन अनमोल है और इसे नशे जैसी विनाशकारी आदतों में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। यदि हम स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो नशामुक्त समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। नशा जीवन में सुख, सफलता और सम्मान नहीं लाता, बल्कि धीरे-धीरे व्यक्ति, परिवार और समाज को विनाश की ओर ले जाता हैं। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे बचाने का प्रयास करेंगे। यही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की सबसे मजबूत नींव हैं।



लेखक - डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# विश्वास की डोर टूटी... !

विश्वास की डोरी टूट गई,
सपनों की दुनिया छूट गई,
जिस हाथ में मेहन्दी सजनी
थी, मृत्यु छाया लूट गई।

जिसने संग जीवन माँगा था,
हरेक पल का वादा था,
वही बन अंधेरी राह चली,
इरादा चिराग बुझाना था।

पहाड़ों की वो शांत खाई,
इतनी ददीर्ली कथा सुनाई,
हँसते चेहरे-मीठी बातें,सब
निकली छल की परछाईं।

माँ की आँखें पत्थर बन गईं,
पिता की साँसें थम गईं,
घर का उजियारा खोने से,
दीवारें भी नम-सी हो गईं।

प्रेम अगर पावन होता है, तब
जीवन को संवारता है,
स्वार्थ व छल के अंधकार में,
सिर्फ विनाश उगाता है।

यह घटना कहानी नहीं,
विश्वास टूटने की निशानी है,
मानवता से जो दूर हुआ,
उसकी हर जीत बेमानी है।

ईश्वर से इतनी प्रार्थना हैं, हर
घर में विश्वास बना रहे,
प्रेम सदा सम्मान बने, कोई
भी केतन यूँ नहीं बिखरे।
(संदर्भ - पुणे, केतन को
गहरी खाई में धकेला.)



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना, आवेदन 10 जुलाई तक

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 जून 2026। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने जानकारी दी है कि जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत इस योजना के संचालन हेतु भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त निस्ट वेबकॉम प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-22, नोएडा को चयनित किया गया है। योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है।

इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in अथवा obccomputertraining.upsdc.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन प्रक्रिया 16 जून 2026 से प्रारंभ हो चुकी है।

विभाग ने पात्र युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर इस योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध विशेष निरीक्षण अभियान जारी, 26 संस्थानों की जांच में 2 सील, 8 को नोटिस

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 जून 2026। जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में जनपद में संचालित कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच हेतु विशेष निरीक्षण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा कोचिंग संस्थानों में पंजीकरण, अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मानकों के पालन की जांच करना है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 26 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इनमें सेक्टर-02 नोएडा के 05, सेक्टर-09 के 02, सेक्टर-12 के 02, सेक्टर-62 के 06, दादरी कस्बे के 04 तथा अल्फा कमर्शियल बेल्ट के 07 कोचिंग संस्थान शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न होने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन न पाए जाने पर 02 कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील किया गया, जबकि 08 संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है।



अधिकारियों के अनुसार पिछले तीन दिनों में चलाए गए अभियान के तहत अब तक कुल 92 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनमें 13 संस्थानों को सील तथा 26 को नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने सभी कोचिंग संस्थान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे शासन द्वारा निर्धारित समस्त मानकों, अग्नि सुरक्षा प्रावधानों, भवन सुरक्षा मानकों, पंजीकरण तथा अन्य आवश्यक अनुमतियों को तत्काल पूर्ण करें। चेतावनी दी गई है कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थान के विरुद्ध बिना पूर्व सूचना के सीलिंग, संचालन पर प्रतिबंध तथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान संचालक की होगी। जिलाधिकारी के निर्देशन में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। – सूचना विभाग,

# राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज ने 350 शिव भक्तों को अंग वस्त्र भेंट कर अमरनाथ रवाना किया .

समाज जागरण/संदीप गर्ग

संदीप गर्ग / नोएडाः राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री , किशन , ने अमरनाथ यात्रा में जाने वाले सभी शिव भक्तों को अंग वस्त्र भेंट कर हरी झंडी दिखाकर 350 भक्तों को जीआईसी मैदान सीतापुर से रवाना किया इस धर्म यात्रा को 8 वर्ष हो गए हैं या धर्म यात्रा हरिद्वार ऋषिकेश कांगड़ा देवी मनसा देवी चंडी देवी आनंद साहिब गुरुद्वारा नैना देवी ज्वाला देवी मां वैष्णो देवी के चरणों में शीश नवाते हुए बाबा बफार्नी की पवित्र गुफा तक पहुंचेंगे यह यात्रा बाबा जंगली नाथ महादेव दरबार से सभी शिव भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाता है तथा उत्तर प्रदेश के प्रमुख कलाकारों द्वारा शिव बारात गाजे बाजे एवं कन्नौज के इत खुशबू के महक एवं फूलों की वर्षा के साथ पूरे सीतापुर नेमीशरण में धूमधाम से निकली जाती है सभी शिव भक्तों को बस द्वारा राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री पियूषकांत मिश्रा के नेतृत्व में यात्रा को पूर्ण किया जाता है मंच में प्रमुख रूप से राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी जी व



राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष किशन अग्निहोत्री जी अशोक मिश्रा जी राजेश शुक्ला राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप ओझा जी कानपुर जिला प्रभारी राजेंद्र अग्निहोत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार में कारागार मंत्री सुरेश राही जी मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव जी एमएलसी पवन सिंह जी उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री एवं विधायक तथा खैराबाद के महामंडलेश्वर बजरंग मुनि महाराज कई साधु संत उपस्थित रहे

# कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने निवेश संभावनाओं का आकलन करने हेतु यीडा ( EIDA ) का दौरा किया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

संदीप गर्ग / ग्रेटर नोएडाः 25 जून 2026 को कोरिया गणराज्य के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने निवेश की संभावनाओं का आकलन करने के उद्देश्य से यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ( EIDA ) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में कोरिया के व्यापार, उद्योग एवं संसाधन मंत्रालय, कोरिया गणराज्य के दूतावास तथा कोरिया ट्रेड-इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल थे.

प्रतिनिधिमंडल में श्री किम जिनसू, निदेशक; श्री कांग होंग कू, उपनिदेशक; श्री सुंगजुंग चो, वाणिज्यिक परामर्शदाता; श्री डोंगह्योन किम, प्रबंध निदेशक, KOTRA दक्षिण एशिया मुख्यालय; तथा श्री जैवूक (जेक) ली, कार्यकारी निदेशक, इंडिया-कोरिया बिजनेस कोऑपरेशन डेस्क, KOTRA शामिल थे.

दौरे के दौरान श्री शैलेंद्र कुमार भाटिया, आईएएस, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,



YEIDA ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष यीडा क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने क्षेत्र की उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा, एचसीएल-फॉक्सकॉन सहित अन्य प्रमुख कंपनियों की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर चिप्स, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, मेडिकल डिवाइसेज, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स तथा अन्य उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से निवेश हो रहा है, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम और अधिक सशक्त हुआ है।

श्री भाटिया ने प्रतिनिधिमंडल को यीडा के सेक्टर-4ए में प्रस्तावित "कोरियन सिटी" के बारे में भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में कोरियाई निवेश को आकर्षित करना और उसे सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने बताया कि लगभग 900 एकड़ में प्रस्तावित यह परियोजना "मल्टीपल लैंड यूज इंडस्ट्री" के रूप में विकसित की जाएगी, जिसमें औद्योगिक, आवासीय, वाणिज्यिक एवं संस्थागत सुविधाओं का प्रावधान होगा। उन्होंने इसकी उत्कृष्ट कनेक्टिविटी का भी उल्लेख किया, जिसमें नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधी पहुंच तथा यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की निकटता शामिल है।

प्रस्तुति के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने कोरियाई कंपनियों के संभावित निवेश हेतु चिन्हित भूमि पार्सलों का भी निरीक्षण किया। यह दौरा कोरियाई उद्योगों और यीडा के बीच निवेश सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# थाना बीटा-2 पुलिस ने दो अभियुक्त किए गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी-मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 जून। थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल तथा अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अर्पित पुत्र प्रमोद सिवाच, निवासी नगला हुकुम सिंह, थाना रबूपुरा, जनपद गौतमबुद्धनगर तथा विवेक पुत्र गुलाब सिंह, निवासी अट्टा गुर्जरान, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। दोनों को आईथम गैलेरिया मॉल के पास से गिरफ्तार किया गया।

इसके अतिरिक्त एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल तथा दो अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।




पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2)/317(2) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

# निर्जला एकादशी पर विशेष बच्चों ने बांटा सेवा का संदेश, राहगीरों को पिलाया जूस, लस्सी और जलजीरा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 जून। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर सेक्टर-70 स्थित फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-73 स्थित महादेव अपार्टमेंट के पास जूस, लस्सी एवं जलजीरा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राहगीरों को शीतल पेय वितरित कर सेवा, सहयोग एवं मानवता का संदेश दिया।

फाउंडेशन के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल पेय पदार्थ वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करना और समाज में अपनापन बढ़ाना भी था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय



में सामाजिक दूरी और तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है, जिसे ऐसे सामूहिक सेवा कार्य सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन मस्तिष्क के लिए 'ब्रेन जिम' की तरह कार्य करते हैं और इन्हें केवल त्योहारों तक सीमित न रखकर नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए।

फाउंडेशन की सेंटर मैनेजर सुर्भी जैन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विशेष (दिव्यांग) बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनकी सामाजिक भागीदारी को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए सेक्टर-122 के अध्यक्ष शिव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों द्वारा निर्मित हैंडवॉश एवं शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों तथा स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान लगभग 5000 लोगों को शीतल पेय वितरित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें महादेव अपार्टमेंट के निवासियों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर नरेश प्रधान, अवधेश राणा, आशीष शर्मा (हैप्पी जर्नी टूर एंड ट्रैवल्स), धर्मेंद्र सिंह नेगी, दिनेश पूनिया, गजेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# थाना सूरजपुर पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, 1.1 किलो गांजा बरामद

नोएडा, 25 जून। थाना सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोनू जोगी पुत्र रामकिशन उर्फ भुल्लड के रूप में हुई है। उसे ओसिस सोसाइटी गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का निवास चंपत कॉलोनी, कस्बा व थाना सूरजपुर, जनपद गौतमबुद्धनगर बताया गया है, जबकि उसका वर्तमान पता ग्राम तिलपता, थाना सूरजपुर, जनपद गौतमबुद्धनगर है। उसकी आयु लगभग 29 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह शातिर किस्म का अपराधी माना जाता है। पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद गांजे को सील कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

# ग्रेटर नोएडा में डस्ट फ्री सड़क अभियान शुरू, पहले चरण में 37 मार्गों की सफाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 25 जून। वायु गुणवत्ता सुधारने और सड़कों को धूल मुक्त बनाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विशेष संयुक्त सफाई अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निदेशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन.जी. रवि कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य, परियोजना एवं उद्यान विभाग की संयुक्त टीमों को इस अभियान में शामिल किया गया है। अभियान के लिए वरिष्ठ प्रबंधक स्वास्थ्य राजेश गौतम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह विशेष अभियान 24 जून से प्रारंभ होकर 11 जुलाई तक चलेगा। पहले चरण में ग्रेटर नोएडा ईस्ट एवं वेस्ट की कुल 37 प्रमुख सड़कों की सफाई की जा रही है, जबकि शेष मार्गों को दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा।

अभियान के तहत मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, मैनुअल सफाई, फुटपाथ एवं सेंट्रल वर्ज की सफाई, मलबा एवं धूल हटाने तथा जल छिड़काव जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आठ दिनों के अंतराल पर दोबारा सफाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि धूल नियंत्रण प्रभावी रूप से किया जा सके।

प्राधिकरण ने बताया कि चयनित सड़कों में प्रमुख रूप से आवासीय सोसाइटियों से जुड़ी आंतरिक सड़कें, मुख्य



मार्ग, रोटरी क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों के मार्ग शामिल हैं। अभियान के दौरान यदि कहीं सड़क पर गड्ढे पाए जाते हैं तो उनकी मरम्मत भी की जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार यह एक समेकित (कंपोजिट) सफाई अभियान है, जिसमें सभी संबंधित विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही स्थायी समाधान के रूप में पेवमेंट एवं ग्रासिंग लगाने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने नागरिकों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। बृहस्पतिवार को एपेक्स कोर्ट से एस्टेक सोसाइटी तथा एलिट एक्स ग्रुप से सिक्का ग्रीन तक के मार्गों की सफाई कार्य की शुरूआत की गई।

# संविधान हत्या दिवस पर आपातकाल की विभीषिका का स्मरण, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 जून। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में सेक्टर-27 स्थित क्लब में "संविधान हत्या दिवस" के अवसर पर वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल की विभीषिका को स्मरण करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा, भाजपा पश्चिम क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर तथा भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अपने संबोधन में डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि वर्ष 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि उस समय संविधान, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक अधिकारों पर गंभीर आघात किया गया। उन्होंने कहा कि इतिहास हमें सीख देता है और इसलिए आपातकाल की घटनाओं को स्मरण



रखना आवश्यक है, ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कोई आंच न आए।

डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा प्राचीन काल से ही विद्यमान रही है, जिसमें जनमत और सभाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल थोपकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास किया गया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि आपातकाल केवल राजनीतिक विरोध का दमन नहीं था, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोगों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

भाजपा पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष नवाब सिंह नागर ने कहा कि पार्टी सदैव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपातकाल की सच्चाई को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि भविष्य में कोई भी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर आघात करने का प्रयास न कर सके।

कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को नमन किया गया।

इस अवसर पर किशन लाल पारासर, राम अवतार गर्ग, सलेक चंद गर्ग, रघुराज सिंह, गोविंद महेश्वरी सहित अनेक लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में हरीश ठाकुर, अभिषेक शर्मा, सुचित्र कक्कड़, मीनाक्षी चौहान, राहुल शर्मा, अमित त्यागी, चंदगीराम यादव, ओमवीर अवाना, विनोद शर्मा, अर्पित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# नोएडा के अधिसूचित ग्राम क्षेत्रों में अवैध निर्माण को लेकर जांच की मांग, एनसीआरपीबी निदेशों के अनुपालन पर सवाल

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 जून। नोएडा के अधिसूचित ग्राम क्षेत्रों में अनधिकृत निमार्णों और कथित अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में एनसीआर योजना बोर्ड के वर्ष 2016 के निदेशों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाते हुए स्वतंत्र जांच की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार, एनसीआरपीबी द्वारा अगस्त 2016 में नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि अधिसूचित ग्राम क्षेत्रों में हो रहे अनधिकृत निमार्णों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए तथा अनुपालन रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जाए।

आरोप है कि इसके बावजूद अगस्त 2019 के बाद से इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह भी कहा गया है कि संबंधित प्रशासनिक उदासीनता के कारण अवैध निमार्णों में वृद्धि हुई, जिसका सीधा प्रभाव उन गृह-खरीदारों पर पड़ा है जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी निवेशित की है। मामले में यह मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों की भूमिका की विस्तृत जांच कराई जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि गृह-खरीदारों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक क्षति का सामना न करना पड़े।

फिलहाल इस पूरे प्रकरण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच और कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, 106 टेट्रा पैक बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 जून। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 106 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मिथुन पुत्र कुंवरपाल के रूप में हुई है। उसे बी-13, सेक्टर-7 नोएडा से गिरफ्तार



किया गया। अभियुक्त का पता सेक्टर-7, नोएडा तथा मूल निवास गांव शोले, थाना चायसा, जिला पलवल (हरियाणा) बताया गया है। उसकी आयु लगभग 31 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। बरामद अवैध देशी शराब को सील कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है

# पंचम बाल योग संस्कार शिविर का चौथा दिन सम्पन्न, बच्चों ने किया योगाभ्यास

गाजियाबाद, 25 जून 2026 (वीरवार)। अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान (पंजीकृत) के तत्वावधान में एम.बी. गर्ल्स स्कूल, चंद्रपुरी के प्रांगण में चल रहे पंचम बाल योग संस्कार शिविर के चौथे दिन 70 से अधिक बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अधिकारियों, शिविर संचालकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात योग शिक्षिका श्रीमती दयावती शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा बच्चों को आध्यात्मिक संदेश देते हुए ईश्वर भक्ति एवं सह-अस्तित्व का महत्व बताया। शिविर में मुख्य संयोजक असील कुमार ने बच्चों को हाथ, पैर, गर्दन एवं नेत्रों के सूक्ष्म व्यायाम कराए। इसके साथ ही सूर्य नमस्कार के 12 मंत्रों के साथ उसका अभ्यास कराया गया। नन्ही साधिका तेजस्विनी ने योगासन एवं सूर्य नमस्कार का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# हिंदू जागृति मंच द्वारा "वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता" का होगा आयोजन

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच द्वारा वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन करने हेतु बैठक आहूत की गई, जिसमें सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से हिंदी जागृति मंच द्वारा वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं, युवाओं, बुजुर्ग एवं संगीत प्रेमियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा,इसमें कोई भी आयु सीमा नहीं होगी। आगे उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवा पीढ़ी में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का प्रयास किया जाएगा।



मंच के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगी। प्रतिभागियों को वंदे मातरम का गायन कर अपना वीडियो निर्धारित समय सीमा के भीतर भेजना होगा। प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को भव्य आयोजन करके सम्मानित किया जाएगा। मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को राष्ट्रहित एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें देशप्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करेगी। आगे उन्होंने कहा इस ऑन लाइन प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के प्रतिभागी भी भाग ले सकते हैं। इस दौरान शुभ्रा गुप्ता, रूपाली गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, उमेश श्रीमाली, अरविंद शुक्ला, डॉ० आलोक गुप्ता,राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल एवं संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

# लखनऊ अग्निकांड के मद्देनजर गुन्नौर में लाइब्रेरी एवं होटल का औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर कार्रवाई

**समाज जागरण**

संभल।लखनऊ में हुए दर्दनाक लाइब्रेरी अग्निकांड के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर अंकित मिश्रा एवं अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गुन्नौर क्षेत्र में संचालित विभिन्न लाइब्रेरी एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान उमेश लाइब्रेरी, केरियर लाइब्रेरी, बृजेश लाइब्रेरी तथा सिंघल होटल की व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा लाइब्रेरी संचालकों को अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में पाया गया कि सिंघल होटल को छोड़कर अन्य प्रतिष्ठानों का मानचित्र (नक्शा) स्वीकृत नहीं था तथा आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इस पर संबंधित संचालकों को उत्तर प्रदेश विनियमन अधिनियम (आरबीओ एक्ट) की धारा 10 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। उप जिलाधिकारी ने संबंधित संचालकों को आवश्यक ले-आउट स्वीकृत कराने तथा प्रवेश एवं निकास (एंट्री एवं एग्जिट) मार्गों को अलग-अलग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उमेश लाइब्रेरी में अग्निशमन यंत्रों की अनुपलब्धता, मानचित्र स्वीकृत न होने तथा आवासीय भवन का व्यावसायिक उपयोग किए जाने की पुष्टि होने पर उसे तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गुन्नौर अंकित मिश्रा, अग्निशमन विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई बैठक में आपातकाल स्मृति दिवस पर लोकतंत्र विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने आपातकाल में कांग्रेस द्वारा आम जनता, पत्रकारों, लोकतंत्र सेनानियों पर किए गए अत्याचारों से अवगत कराया। आपातकाल कांग्रेस की सत्ता-लोलुपता, तानाशाही सोच और संविधान विरोधी चरित्र का सबसे बड़ा प्रमाण है। उस दौर में देश की आवाज को कुचलने, विपक्ष को जेलों में ठूंसने, प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगाने और नागरिक अधिकारों को रौंदने का पाप कांग्रेस ने किया था। आज संविधान हत्या दिवस पर हम उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने कांग्रेस की तानाशाही के आगे घुटने टेकने के बजाय संघर्ष का मार्ग चुना और लोकतंत्र की लौ बुझने नहीं दी।देश कभी नहीं भूलेगा कि कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए संविधान का गला घोंटा था, और राष्ट्र कभी उन लोकतंत्र रक्षकों के त्याग को नहीं भूलेगा जिन्होंने भारत की आत्मा को बचाने का काम किया।




बैठक में संगठनात्मक प्रवास संबंधी कार्ययोजना, 'मन की बात' टोली बैठक तथा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत 23 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रमुख रूप से 'संस्मरण पखवाड़ा' (संस्मरण पक्ष),तथा प्राथमिक सदस्यों एवं बूथ समिति सदस्यों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. सत्य पाल सिंह राजपूत , डॉ . अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , प्रमोद बाबू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष , राघवेन्द्र सिंह,ओमेन्द्र बघेल , अजीत राजपूत , सुरेंद्र सावन झा , शिव शंकर शर्मा,पूरन सिंह लोधी, अवनीश गुप्ता , गोपाल कृष्ण सिंह , सचिन जैन,वीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव राजपूत , स्नेहलता कुशवाहा , पवन चक ,शीलू सविता , महिपाल निषाद , आजाद जैन , देश दीपक चौहान , अतुल शुक्ला , मंजेश शर्मा , यशपाल यादव , मानपाल लोधी , महावीर बघेल , दीपक टेनुआ ,धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन आकाश शर्मा जिला महामंत्री द्वारा किया गया।

# ट्रॉमा सेंटर में धक्का खाकर चली एंबुलेंस, मरीजों से भरे वाहन को तीमारदारों ने लगाया जोर

## पांच से छह मरीज थे सवार, जर्जर हालत में पहुंची एंबुलेंस का पिछला दरवाजा भी मिला खराब।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल तस्वीर बुधवार को जिला अस्पताल स्थित ट्रॉमा सेंटर में देखने को मिली। मरीजों को वार्ड तक पहुंचाने वाली एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो गई, जिसके बाद उसमें सवार मरीजों के तीमारदारों को वाहन में धक्का लगाकर उसे आगे बढ़ाना पड़ा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर परिसर में मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए इस्तेमाल की जा रही एंबुलेंस अचानक बंद हो गई। उस समय एंबुलेंस में करीब पांच से छह मरीज मौजूद थे। वाहन के चालू न होने पर मरीजों के परिजनों और तीमारदारों ने धक्का लगाकर उसे वार्ड की ओर पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एंबुलेंस लंबे समय से जर्जर हालत में संचालित की जा रही है। वाहन की तकनीकी स्थिति इतनी खराब है कि वह आए दिन रास्ते में बंद हो जाती है। इतना ही नहीं,




एंबुलेंस का पिछला दरवाजा भी खराब है और उसका लॉक काम नहीं करता, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। सरकारी अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराए गए वाहनों की ऐसी स्थिति सामने आने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि मरीजों की जान से जुड़े मामलों में इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

वहीं, मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने जर्जर एंबुलेंस को तत्काल हटाकर नई व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# बंजर भूमि प्रकरण में अनियमितता पर जिलाधिकारी द्वारा की गयी कड़ी कार्रवाई, राजस्व निरीक्षक निलंबित

**समाज जागरण**

बहजोई।तहसील गुन्नौर के ग्राम सैंडोरा स्थित गाटा संख्या 1016 की बंजर भूमि से संबंधित शिकायत प्रकरण में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर की गई जांच के उपरांत संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया था कि ग्राम सैंडोरा में स्थित गाटा संख्या 1016 की बंजर भूमि की मेढ़ काटकर काश्तकार देवेंद्र सिंह पुत्र राम सिंह द्वारा उक्त भूमि को अपने खेत में मिला लिया गया है। शिकायतकर्ता ने दिनांक 02 फरवरी 2026 को उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु कार्रवाई की मांग की थी। इसके उपरांत शिकायतकर्ता द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि दिनांक 03 फरवरी 2026 को राजस्व निरीक्षक अमरनाथ शर्मा एवं लेखपाल अनुज कुमार द्वारा कार्रवाई के नाम पर 20 हजार रुपये लिए गए, किन्तु भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया गया। साथ ही रुपये वापस किए जाने संबंधी एक वीडियो भी वायरल हुआ। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को मामले की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान रुपये के लेन-देन संबंधी तथ्यों का उल्लेख पाया गया, जिसे उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 में वर्णित प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन माना गया। जांच आख्या के आधार पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर द्वारा लेखपाल अनुज कुमार से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने की कार्यवाही की गई। वहीं राजस्व निरीक्षक अमरनाथ शर्मा, तहसील गुन्नौर के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति की गई।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने जांच आख्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राजस्व निरीक्षक अमरनाथ शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया तथा प्रकरण में विभागीय कार्यवाही प्रारंभ किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश भी जारी किए। जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकरण में लेखपाल की भूमिका जांच करने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार अथवा कर्तव्यों के प्रति लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर परियोजना का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना । कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया गया। फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को घटते मृदा के जीवांश कार्बन को बढ़ाने के लिए फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर कैसे अपनी भूमिका निभा सकता है, कैसे उसका उपयोग किया जा सकता है उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। डा. शिवांगी ने फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर की उपयोगिता और साथ ही साथ उसका मिट्टी में प्रभाव कितना पड़ता है, कैसे होता है इसके बारे में किसानों को बताया साथ ही उन्होंने कहा कि फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैनर का उपयोग करके फसल की उत्पादकता के




साथ-साथ मृदा जीवांश को भी बढ़ाया जा सकता है। डॉ. पिंटू कुमार ने समसामयिक फसल जैसे गन्ने में आने वाले कीड़े बीमारियों जैसे टाप बोर्ड, या लाल सड़नरोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. के. के. सिंह ने उपस्थित किसानों को समझाया कि वर्तमान समय जो चल रहा है इस समय में अपने खेत की मृदा का जीवांश मात्रा जो घट रही है उसको बढ़ाना अति आवश्यक है, इसके लिए अपने खेत में साल में एक बार हरी खाद का प्रयोग अवश्य करें साथ ही साथ फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैनर अपने खेतों में प्रयोग करें।

# रेवेन्यू अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की हड़ताल 11 वें दिन भी जारी रही

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना । ई रजिस्ट्री के विरोध में रेवेन्यू अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 11 वें दिन भी जारी रही। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरदयाल सिंह सोढ़ी ने बताया कि ई रजिस्ट्री व्यवस्था वापस होने तक हड़ताल जारी रहेगी। बृहस्पतिवार को सौरभ कोशिक, सचिव प्रो फूल सिंह एड, उपाध्यक्ष महावीर सिंह सैनी एड,जगदीश सिंह एड, दिवाकर



राजपूत, मुकेश पजापति, परविंदर कुमार बृजराज सिंह नीरज सेनी, प्रमोद शर्मा, शहजाद अहमद एड, जगदेव प्रसाद एड,जाकिर एड, नरेश एड,महावीर सिंह सैनी, रतन कुमार एड,चरन सिंह एड, भूदेव सिंह एड,राजकुमार एड,राजप्रकाश एड, वेदप्रकाश एड,अवधेश कुमार एड,कुलदीप सिंह एड,कमल कुमार एड, सुनिल विश्नोई एड,अवधेश गहलौत,नवीन कुमार, मलखान सिंह तथा दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष रमेश रागी, ओम प्रकाश चौहान, विनोद अग्रवाल, जावेद अहमद, आदि उपस्थित रहे।

# निर्जला एकादशी पर महिला शक्ति ने बांटा सरवत।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने, लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराने तथा सेवा एवं मानवता के भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद - महिला शक्ति (FED-5 | UNIT-8) द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 25 जून 2026, निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर, सायं 5:00 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्षा श्रीमती सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक निदेशिका श्रीमती दीपाली सिंघल ने कहा कि, "निर्जला एकादशी सेवा, त्याग और पुण्य का पर्व है। इस भीषण गर्मी में राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल शरबत उपलब्ध कराना एक छोटा सा प्रयास है, जिससे उन्हें राहत मिल सके और मानव सेवा का भाव सुदृढ़ हो।" वित्त निदेशिका श्रीमती गौरी बंसल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, "समाज सेवा के ऐसे कार्य हमें जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। छोटे-छोटे



सेवा कार्य भी लोगों के जीवन में खुशी और राहत पहुँचाने का माध्यम बनते हैं।" कार्यक्रम में अध्यक्षा श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती मोनिका गर्ग, श्रीमती मोनिका रानीवाला, श्रीमती एकता मित्तल, श्रीमती शीनू अग्रवाल, फेडरेशन ऑफिसर श्रीमती वार्तिका जैन, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनु बंसल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती कल्पना राजौरिया, श्रीमती रीना जी, श्रीमती राधिका, श्रीमती शिवांगी, श्रीमती मंजू, श्रीमती वीना, श्रीमती निक्की नरूला, श्रीमती नमिता, श्रीमती आशा एवं श्रीमती तनु माथुर की विशेष उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को प्रेमपूर्वक शरबत वितरित किया।

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने शरबत ग्रहण किया और भीषण गर्मी में राहत महसूस की। इस सेवा कार्य से लोगों को ताजगी, ऊर्जा एवं गर्मी से राहत प्राप्त हुई। साथ ही समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय संवेदनाओं का सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन सभी सदस्यों के सहयोग एवं समर्पण से संपन्न हुआ। उपस्थित जनसमूह ने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

"सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और मानवता ही सबसे बड़ी पूजा।"
"एक गिलास शरबत, सेवा का मधुर संदेश – राहत, प्रेम और मानवता का विशेष प्रयास।"

# अग्नि दुर्घटना में कई मासूम बच्चों और नागरिकों की असामयिक मृत्यु पर महाकाल भक्त मंडल ने जताया दुख

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में महाकाल भक्त मंडल द्वारा लखनऊ के अलीगंज में एक दुकान के ऊपर चल रहे कोचिंग सेंटर में अचानक आग लग गई। इस घटनाक्रम में कई छात्र-छात्राओं की मृत्यु हो गई और कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए। महाकाल भक्त मंडल ने इस



घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक बताया। महाकाल भक्त मंडल ने ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। महाकाल भक्त मंडल ने इस दुःखद हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की एवं ईश्वर से प्रार्थना की शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। महाकाल भक्त मंडल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की । शोकसभा में पंडित भोला शंकर शास्त्री, सौरभ कुमार, सभासद पवन एडवोकेट, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, देवेंद्र प्रजापति, आशुतोष टॉक, रोहित कुमार, आदित्य, सागर, ऋषभ, आकाश, तरुण, लक्ष्मण, प्रदीप आदि रहे।

# साइंस घर में साक्षी ने पवन चक्की मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 25 वें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु साक्षी ने अपने पवन चक्की मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह मॉडल स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रदर्शित करता है। इस मॉडल में हवा के प्रभाव से पवन चक्की के ब्लेड घूमते हैं, जिससे मोटर या जनरेटर सक्रिय होकर विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करता है। उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग एलईडी बल्ब जैसे छोटे उपकरणों को चलाने में किया जा सकता है। पवन ऊर्जा प्रकृति से प्राप्त होने वाला एक प्रदूषण-मुक्त ऊर्जा स्त्रोत है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायक है। यह मॉडल दशार्ता है कि प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करके स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में पवन ऊर्जा का व्यापक उपयोग ऊर्जा संरक्षण तथा हरित विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अश्वनी कुमार जैन ने कु साक्षी के पवन चक्की मॉडल के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# डा. सुमंत गुप्ता का पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद शिकोहाबाद द्वारा दो जुलाई को बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली के प्यारेलाल भवन सभागार में भामाशाह जयंती पर वैश्य महासम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सफलता के लिए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता ने गुरुवार को ग्रीन पार्क में एक पत्रकार वार्ता करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भामाशाह की जयंती पर परिषद ने यह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसके मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह



की भव्य एवं विशालकाय प्रतिमा दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में स्थापित कराना। इसके लिए सम्मेलन में पुरजोर मांग उठाई जाएगी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भामाशाह की मूर्ति स्थापना की मांग की जाएगी। जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता,राजकुमार अग्रवाल, अरविंद गुप्ता,

प्रिन्स जैन, अरुण गुप्ता सहित अन्य परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-44 पर घरौंडा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग शुरू की

## प्रौद्योगिकी-आधारित टोल संग्रह प्रणाली से बाधा रहित यात्रा संभव होगी, भीड़भाड़ कम होगी और यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी

भारत सरकार के निर्बाध, बाधा रहित और प्रौद्योगिकी-संचालित राजमार्ग यात्रा के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के पानीपत-जालंधर खंड पर घरौंडा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग सिस्टम को शुरू कर दिया है। मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली, वाहनों को रुकने या धीमा करने की आवश्यकता के बिना टोल संग्रह को सक्षम बनाकर, पारंपरिक टोल प्लाजा से एक क्रांतिकारी बदलाव लाती है। बेहतर इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) तकनीक का उपयोग करते हुए, ओवरहेड गैंट्री पर लगे उच्च-प्रदर्शन सेंसर और कैमरे स्वचालित रूप से वाहनों की पहचान करते हैं और फास्टैग के माध्यम से उपयोगकर्ता शुल्क काटते हैं जिससे राजमार्ग की गति पर निर्बाध यात्रा संभव हो पाती है। राजमार्ग उपयोगकर्ता अनुभव का रूपांतरण मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग की शुरूआत से यात्रा दक्षता और यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है जिसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित लाभ होंगे:

**प्रतीक्षा समय शून्य**

टोल बैरियरों को हटाने से वाहनों की सुचारू और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होती है जिससे यात्रा में देरी और टोलिंग बिंदुओं पर भीड़भाड़ कम होती है।

**ईंधन और यात्रा के समय में बचत**

टोल प्लाजा पर बार-बार ब्रेक लगाने, निष्क्रिय अवस्था में रहने और गति बढ़ाने की आवश्यकता को समाप्त करके यह प्रणाली ईंधन की खपत को कम करने और यात्रा के समय को कम करने में मदद करती है। मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं

**गैन्ट्री-आधारित टोल संग्रह**

राजमार्ग के आर-पार स्थापित ओवरहेड गैन्ट्री के माध्यम से उपयोगकर्ता शुल्क स्वचालित रूप से एकत्र किया जाता है। ये संरचनाएं लगभग 5.5 से 6.0 मीटर की न्यूनतम ऊर्ध्वाधर ऊंचाई प्रदान करती हैं जिससे सभी अनुमत वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होती है।

# अधिवक्ताओं का धरना 14वें दिन भी जारी, रजिस्ट्री डिजिटल योजना के खिलाफ नारेबाजी

## अधिवक्ता, टाइपिस्ट, स्टांप विक्रेता, लेखक और नोटरी एकजुट; 'हल्ला बोल' के नारे लगाकर जुलूस निकालकर धरने पर बैठे

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का धरना बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। 14 जून से सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट व महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर जमे हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री डिजिटल योजना लागू करने के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए अधिवक्ताओं, टाइपिस्ट, स्टांप विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों व नोटरी सदस्यों ने धरना दिया। बृहस्पतिवार को धरना स्थल पर कोमल तोमर एडवोकेट, सुनील आर्य दस्तावेज लेखक, बिनोद मान एडवोकेट, मनोज कुमार, कृपाल सिंह, रविंद्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, स्टांप विक्रेता राजन जैन को फूलों की मालाएं पहनाकर अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुबह सवेरे 'हल्ला बोल', 'आवाज दो हम एक हैं', 'अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है' व 'प्रदेश सरकार के खिलाफ संघर्ष हमारा नारा है' जैसे नारे लगाते हुए जुलूस निकालकर सभी अधिवक्ता धरने पर बैठ गए।



# ब्राह्मण समाज ने निकाला कैंडल मार्च, भारत भूषण तिवारी 'फर्जी एनकाउंटर' और लखनऊ हादसे पर जताया शोक

## परशुराम चौक से शहीद स्थल तक निकली मशाल जुलूस; 84 देश खाप चौधरी सुभाष शर्मा बोले- गरीबों के मसीहा की हत्या निंदनीय

**समाज जागरण**

बड़ौत। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता राजपाल शर्मा जागोश के प्रतिष्ठान पर गुरुवार को ब्राह्मण समाज की बैठक 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बिहार में गलत सिस्टम के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले गरीबों के मसीहा भारत भूषण तिवारी का फर्जी एनकाउंटर करने की घटना पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए इस हत्याकांड की जमकर निंदा की। इसके उपरांत ब्राह्मण समाज के सम्मानित लोगों ने नगर के परशुराम चौक ठाकुरद्वारा मंदिर से शहीद स्थल पीएन शर्मा पार्क तक हाथों में मशाल लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान लखनऊ-अलीगढ़ में हुई भीषण अग्निकांड दुर्घटना में हुई जनहानि पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया। ब्राह्मण समाज के सभी लोगों ने विद्यार्थियों के प्रति 2 मिनट का मौन धारण कर भगवान से उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इस मौके पर कैंडल मार्च में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम, जिलाध्यक्ष बागपत दिनेश शर्मा, ओंकार शर्मा, सुभाष शर्मा बावली, राधेश्याम भारद्वाज बबली, श्रद्धानंद शर्मा, रविंद्र भारद्वाज, राम मेहर शर्मा, पंडित विजयपाल शर्मा, आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, आचार्य संजय कौशिक जागौश, आचार्य उमेश कौशिक के अलावा बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया।



# दलदल में फंसी नीलगाय, गौसेवकों ने मशक्कत कर बचाई जान

## पट्टी भोजान के तालाब से रस्सों के सहारे निकाला गया; उपचार के बाद नीलगाय ने ली राहत की सांस

**समाज जागरण**

बड़ौत। दोघट कस्बे की पट्टी भोजान में बृहस्पतिवार को एक नीलगाय तालाब के दलदल में फंस गई। दलदल में फंसने के कारण नीलगाय बाहर नहीं



निकल पा रही थी। सूचना मिलने पर गौसेवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोक समंदर दलदल तालाब में रस्से डालकर बड़ी मुश्किल से नीलगाय को बाहर निकाला। बड़ी मशक्कत के बाद नीलगाय को बाहर निकालकर उसकी देखरेख करते हुए उपचार कराया गया।उपचार के बाद नीलगाय ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते गांव के लोग नीलगाय को नहीं बचाते तो वह दलदल में फंसकर अपने प्राण त्याग देती।

# निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी शरबत की प्याऊ, लोगों ने पीकर बुझाई प्यास

## ग्रामीण से शहरी क्षेत्र तक उमस-गर्मी में राहत; आचार्य संदीप दत्त गौतम बोले- व्रत इंद्रियों पर नियंत्रण और श्रद्धा का प्रतीक

**समाज जागरण**

बड़ौत। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्र तक निर्जला एकादशी पर जगह-जगह ठंडे शरबत की प्याऊ लगाकर आने-जाने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। उमस भरी गर्मी में लोगों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ निर्जला एकादशी पर शरबत ग्रहण किया और अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम शास्त्री ने बताया कि निर्जला एकादशी व्रत इंद्रियों पर नियंत्रण, मन की शुद्धि और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। इस पावन दिन पर हम लोग आत्मा को परमात्मा के चरणों में समर्पित करते हैं। आज का यह दिन सभी के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और स्मृति की कामना करता है। आचार्य ने कहा कि निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर सभी को शरबत पिलाकर पुण्य का काम किया जाता है। आज के दिन वस्त्र व अन्य सामग्री का दान भी किया जाता है। आज निर्जला एकादशी पर जगह-जगह ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया।



# रटौल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियां शुरू, 1 जुलाई से चलेगा विशेष अभियान

## चेयरमैन हाजी मुन्तज़िर की अध्यक्षता में बैठक, स्वच्छता-फॉगिंग-जागरूकता पर दिया जोर

**समाज जागरण**

चांदीनगर। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नगर पंचायत रटौल कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। 1 जुलाई से शुरू होने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष हाजी मुन्तज़िर की अध्यक्षता में अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अभियान को प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्व समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निभाने के निर्देश दिए। अभियान के तहत कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, जलभराव की समस्या का निस्तारण, नालियों की नियमित सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव, कूड़ा-कचरे का समुचित निस्तारण तथा नागरिकों को संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष हाजी मुन्तज़िर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि अभियान सफल हो और क्षेत्रवासियों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व अन्य संचारी रोगों से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने जनजागरूकता को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए लोगों से अभियान में सहयोग की अपील की। बैठक का समापन सभी के सहयोग और जनजागरूकता के संकल्प के साथ हुआ।



# फादर्स- डे पर बच्चों ने पिता को गिफ्ट देकर किया प्यार का इजहार

**समाज जागरण**

बागपत। जनपद भर में फादर्स-डे मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने पिता को गिफ्ट देकर उनके प्रति प्यार का इजहार किया। गोरमेंट कांट्रेक्टर कौशल मिश्रा व रजनी मिश्रा की पुत्री लिटिल स्टार, सुपर मॉडल स्मार्टी पंडित ने अपने पिता को गिफ्ट देकर फादर्स- डे का सेलिब्रेट किया। बच्चों के स्नेह व प्यार को देखते हुए पिता ने भी उन्हें चॉकलेट, आइसक्रीम व टॉफी लाकर दी। इसके अलावा काफी बच्चों ने अपने घर पर केक काटे। कोई अपने पिता के साथ लॉन्ग ड्राइव पर गया तो किसी ने होटल व रेस्तरां पर जाकर अपने पिता संग लंच व डिनर कर इस दिन का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों में फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साह देखा गया। बच्चों ने फादर्स- डे पर अपने पिता को सेलिब्रेट करने के लिए पहले ही गिफ्टों का इंतजाम कर लिया था। बच्चे फादर्स- डे को लेकर काफी खुश नजर आए और उनका पूरा दिन अपने परिवार के साथ पूरी हंसी- खुशी में व्यतीत हुआ।




# पंजाब की भाषा, संस्कृति व साहित्य को समर्पित होगा म्यूजिक कार्यक्रम : परमजीत सिंह

**समाज जागरण**

बागपत। पंजाब पाँच दरियाओं की धरती के साथ साथ प्यार, भाईचारे, मेहनत, हिम्मत और इंसानियत की धरती है। सबसे बढ़कर, यह सिखों के दस गुरुओं की पावन धरती है, जिन्होंने मानवता, सेवा, समानता और सत्य का संदेश पूरी दुनिया तक पहुँचाया। यू टैलेंट इंडस्ट्री ऑफ फिल्म एंड म्यूजिक एशोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष परमजीत सिंह मारवाह ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी से लेकर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तक, दसों गुरुओं की शिक्षाएँ आज भी लोगों को सही रास्ता दिखाती हैं। गुरु साहिबानों के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को गुरु का स्थान दिया गया और आज भी दुनिया भर के सिख गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी और उपदेशों को अपने जीवन का मार्गदर्शक मानकर चल रहे हैं। परमजीत सिंह मारवाह ने बताया कि आगामी 22 जुलाई को इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर दिल्ली में होने वाला उनका यह कार्यक्रम पंजाब की भाषा, संस्कृति, साहित्य, संगीत और कला को समर्पित है। यह उन गुरुओं, संतों, महापुरुषों, लेखकों, कवियों, साहित्यकारों, गायकों, संगीतकारों और कलाकारों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि और स्मृति है, जिन्होंने अपने विचारों, लेखनी, संगीत और कला के माध्यम से समाज को नई दिशा दी और पंजाब की पहचान को गौरवान्वित किया। यह आयोजन पंजाब की समृद्ध विरासत, उसकी मिट्टी की खुशबू, उसके लोक संगीत, उसकी संस्कृति और उन सभी महान विभूतियों को सम्मानपूर्वक नमन करने का एक विनम्र प्रयास है, जिनके योगदान को आने वाली पीढ़ियाँ हमेशा याद रखेंगी।



# सरूरपुर कलां गाँव में केवलज्ञान कल्याणक की हुई क्रियाएं

**समाज जागरण**

बागपत। जनपद बागपत के सरूरपुर कलां गांव में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ के अंतर्गत गुरुवार को केवलज्ञान कल्याणक का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आचार्य श्री विनिश्चयसागर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल से लेकर सायंकाल तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी श्रृंखला चली। कार्यक्रम की शुरूआत अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य पूजन से हुई। इसके पश्चात तपकल्याणक पूजन, हवन, मंगल प्रवचन, महामुनि आदिनाथ आहार चर्या, मंत्राराधना तथा अधिवासना पूजा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने तिलक दान, मुखोद्घाटन, नेत्रोनमीलन, मंत्रन्यास एवं प्राण प्रतिष्ठा जैसे पवित्र अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोपहर बाद केवलज्ञानोत्पत्ति, समवशरण रचना, चतुर्निकाय के देवों का आगमन एवं केवलज्ञान पूजा जैसे दिव्य आयोजनों ने वातावरण को धार्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। संध्या के समय महाआरती, शास्त्र सभा, पात्र सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और अधिक भव्यता प्रदान की। केवलज्ञान कल्याणक में यज्ञनायक बनने का सौभाग्य सरूरपुर कलां निवासी लक्ष्मी जैन एवं प्रदीप जैन को प्राप्त हुआ, जबकि समवशरण उद्घाटनकर्ता बनने का सौभाग्य सदर मेरठ निवासी गरिमा जैन, मृदुल जैन, नंदिनी जैन एवं वंदित जैन को मिला। वहीं असम के जागी रोड मोरीगांव से पहुंचे अकोला जैन, संजय कुमार जैन, कशिश जैन एवं क्रिश जैन सामग्री प्रदाता रहे। इस अवसर पर मुख्य प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी नमन भैया, सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान, पंडित सुलभ, पंडित जयकुमार, पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष नवीन जैन, महामंत्री प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, सह कोषाध्यक्ष विपिन जैन, उपमंत्री आशीष जैन, आशु जैन कॉस्मेटिक वाले, लकी जैन, तन्मय जैन, अनमोल जैन, गौरव जैन, सचिन जैन, विपिन जैन उर्फ बॉबी, मेघा जैन, पिंकी जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पंचकल्याणक में धर्मलाभ प्राप्त किया।



# बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया प्रेरित

**समाज जागरण**

बागपत। प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर1 में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रधानाध्यापक अशोक अंतिल ने बच्चों के अभिभावकों के घर-घर



जाकर संपर्क किया। साथ ही बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कक्षा 5 पास बच्चों को कक्षा 6 में अनिवार्य रूप से सभी अभिभावक नजदीकी विद्यालय में प्रवेश दिलाये, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई जारी रहे। इसी कड़ी में उन्होंने जनता जूनियर हाई स्कूल कोताना में जाकर प्रधानाचार्य सोनम शर्मा से संपर्क किया।

# स्वतंत्रता सेनानी लाला अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर 28 जून को टटीरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा और श्रवण यंत्र का मुफ्त वितरण, जिला रेडक्रॉस व लायंस क्लब करेंगे आयोजन

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। स्वतंत्रता सेनानी स्व. लाला अर्जुन सिंह जी की 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अग्रवाल मंडी टटीरी के जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती रुकमणी देवी जी की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन से लेकर चश्मा और श्रवण यंत्र तक सभी सेवाएं मुफ्त दी जाएंगी।

शिविर रविवार 28 जून को अग्रवाल धर्मशाला, अग्रवाल मंडी टटीरी में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें पात्र मरीजों के लेन्स युक्त मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा और श्रवण यंत्र भी वितरित किए जाएंगे। यह जनसेवा कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस समिति बागपत, दृष्टि दूत फाउंडेशन, लायंस क्लब अग्रवाल मंडी, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और इंडियन गुडविल सोसायटी बागपत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। जिला रेडक्रॉस समिति बागपत के मुख्य संयोजक एवं महासचिव एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने अपील की है कि क्षेत्र के सभी नागरिक अपने परिवार और इष्ट-मित्रों के साथ शिविर में पहुंचें और इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाएं। उन्होंने लोगों से जरूरतमंद मरीजों को भी शिविर की जानकारी देने का अनुरोध किया है। "सेवा ही परम धर्म है" के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर से सैकड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलने की उम्मीद है।



# विकास की कुल्हाड़ी बनाम 'मां के नाम पौधा': पर्यावरण पर गहराता संकट

## 3 साल में 28 लाख पेड़ कटे, हसदेव-धीरौली में 10 लाख और कटेंगे; विशेषज्ञ बोले- पौधा जंगल का विकल्प नहीं

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। आधुनिक सभ्यता के नाम पर देश दो विरोधाभासी रास्तों पर चल रहा है। एक तरफ मंचों से 'एक पेड़ मां के नाम' का भावुक आह्वान हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ विकास और औद्योगिक परियोजनाओं की फाइलों पर दस्तखत होते ही करोड़ों पेड़ों की बलि चढ़ रही है। सरकारी और स्वतंत्र रिपोर्टों के आंकड़े चौंकाते हैं - बीते सिर्फ तीन वर्षों में देशभर में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 28 लाख से अधिक पेड़ काटने की मंजूरी दी जा चुकी है। यह संकट सिर्फ नीतियों की विफलता नहीं, बल्कि उस सामूहिक चेतना का संकट है जो प्रकृति को अब उपभोग की वस्तु मान बैठी है। सवाल यह है कि मां के नाम पर लगाया गया एक नन्हा पौधा क्या उस आदिम घने जंगल का विकल्प बन सकता है जिसने सदियों से धरती के जीवन को संभाला है? जब कोयला खदानों, बांधों, बिजली संयंत्रों और चौड़ी सड़कों के नाम पर हसदेव अरण्य और सिंगरौली जैसे देश के फेफड़े उजाड़े जा रहे हैं, तब केवल पेड़ नहीं गिर रहे। अकेले हसदेव क्षेत्र और मध्य प्रदेश के धीरौली खन ब्लॉक में ही करीब 10 लाख पेड़ काटने की तैयारी है। इसके साथ एक पूरी जीवन प्रणाली ध्वस्त हो रही है। इस अनियंत्रित कटान का पहला मूक प्रहार वन्यजीवों पर हुआ है। जंगल कंक्रीट के मरुस्थल बने तो हाथी, बाघ, तेंदुए भोजन-पानी और गलियारे छिनने से इंसानी बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। जिसे हम 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' कहते हैं, वह असल में बेजुबानों के घर पर हमारा अतिक्रमण है। इसमें जीत आधुनिक हथियारों से लैस इंसान की होती है, हार प्रकृति की। 22,000 हेक्टेयर से ज्यादा वन भूमि विकास की भेंट चढ़ने का नतीजा आज ग्लोबल वार्मिंग, हीटवेव, बेमौसम बारिश और गिरते भूजल के रूप में सामने है। हवा में घुलता जहर इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति से छेड़छाड़ की कीमत इंसान सांसों से चुका रहा है। संकट की जड़ में सरकारों की प्रशासनिक ढील और कॉरपोरेट दबाव के आगे झुकती नीतियां हैं। कागजों पर 'कैंपा' योजना से दावा किया जाता है कि कटे पेड़ों की भरपाई नए पौधे लगा देंगे। लेकिन विशेषज्ञ इसे वैज्ञानिक धोखा मानते हैं। सदियों में बना घना, विविध जंगल कोई फैक्ट्री नहीं जिसे उखाड़कर दोबारा असेंबल किया जा सके। नए पौधे बिना देखरेख के सूख जाते हैं, और बच भी जाएं तो उस इकोसिस्टम की बराबरी नहीं कर सकते। अब समय है विकास की परिभाषा पर दोबारा सोचने का। अगर विकास इंसानी फेफड़े काले धुएं से भरे और जीवों को बेघर करे, तो यह प्रगति नहीं आत्मघाती कदम है। सरकारों को नारों से आगे बढ़कर ईमानदारी दिखानी होगी। संवेदनशील घने वनों को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित करना होगा और 'ट्री ट्रांसलोकेशन' जैसे विकल्प अनिवार्य करने होंगे, ताकि पेड़ काटने के बजाय सुरक्षित जगह शिफ्ट हों। साफ है - कंक्रीट के महलों में बैठकर साफ हवा-पानी की उम्मीद नहीं की जा सकती। अगर कुल्हाड़ी की रफ्तार नहीं रुकी, तो मां के नाम पर लगाए पौधे आने वाली पीढ़ियों के विनाश को नहीं ढक पाएंगे। विकास ऐसा हो जो जीवन को सींचे, न कि उसकी जड़ों को काट दे।



# मेनका गांधी जैन समाज से मांगे सार्वजनिक माफी : अनुराग जैन

**समाज जागरण**

बागपत। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा मोर पंख को लेकर दिए गए बयान से सम्पूर्ण जैन समाज में रोष व्याप्त है। सुप्रसिद्ध समाजसेवी अनुराग जैन ने कहा कि मेनका गांधी को इतना भी मालूम नहीं है कि मोर स्वेच्छा से अपने पंख छोड़ता है। प्रकृति के नियमानुसार मोर वर्ष में एक बार अपने पंख स्वयं त्याग देता है। इन्हीं प्राकृतिक रूप से गिरे हुए पंखों को एकत्र कर जैन मुनिराजों के लिए अहिंसा का प्रतीक पिच्छी बनाई जाती है। पिच्छी बनाने में किसी भी जीव की हिंसा नहीं होती। यह जैन साधुओं का अनिवार्य उपकरण है, जिसका उपयोग वे सूक्ष्म जीवों की रक्षा के लिए करते हैं, ताकि चलते-फिरते, बैठते-उठते किसी भी जीव को कष्ट न पहुंचे। यह पूर्णतः अहिंसक परंपरा है जो हजारों वर्षों से चली आ रही है। अनुराग जैन ने कहा कि बिना पूर्ण जानकारी के इस प्रकार के बयान देना जैन धर्म की अहिंसक परंपराओं के प्रति अज्ञानता दर्शाता है और समाज की भावनाओं को आहत करता है। अनुराग जैन ने कहा कि जैन समाज अहिंसा को परम धर्म मानता है और मोर पंख से बनी पिच्छी उसी अहिंसा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मेनका गांधी ने जैन संतों की पिच्छी को लेकर जो भ्रामक बयान दिया है, उसके लिए उन्हें जैन समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।



# नवनिर्मित पुलिस चौकी का डीएम–एसपी ने किया लोकार्पण

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) नवनिर्मित पुलिस चौकी जहानपुरा का डीएम व एसपी ने लोकार्पण किया। इससे क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

नगर के शामली बाईपास फ्लाईओवर के नीचे पुलिस चौकी जहानपुरा का निर्माण कराया गया है। गुरुवार को जिलाधिकारी आलोक यादव व पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधिवत शुभारम्भ कर किया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने चौकी के प्रभावी संचालन, जनसुनवाई की बेहतर व्यवस्था तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पुलिस चौकी जहानपुरा के संचालन से क्षेत्र के नागरिकों को पुलिस सेवाएं और अधिक सुलभ एवं त्वरित रूप से प्राप्त होंगी। इससे स्थानीय स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी तथा आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। एसपी ने कहा कि जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। नवनिर्मित पुलिस चौकी जहानपुरा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, प्रभावी गश्त, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया तथा जनता-पुलिस समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के साथ संवेदनशील एवं मित्रवत व्यवहार करते हुए गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे।



# सीआईए ने ड्रग्स तस्कर की तलाश में दी दबिश

**समाज जागरण**

कैराना। पानीपत सीआईए–3 ने ड्रग्स तस्कर की तलाश में दबिश दी। इस दौरान आरोपी के हाथ नहीं लगने पर टीम लौट गई।

गुरुवार को सीआईए–3 पानीपत से एसआई कृष्ण कुमार टीम के साथ कोतवाली में पहुंचकर आमद दर्ज कराई। बताया गया कि 22 जून को थाना सनौली क्षेत्र के गढ़ीबेसक के पास के निकट कौसर निवासी पत्थरगढ़ को पुलिस द्वारा 30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि गांव तितरवाड़ा निवासी नोमान से उसने यह स्मैक खरीदी। सीआईए ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर गांव तितरवाड़ा में दबिश दी, लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद टीम लौट गई।

# ई–रजिस्ट्री के विरोध में कार्य बहिष्कार

**समाज जागरण**

कैराना। स्टांप वेंडरों द्वारा ई–रजिस्ट्री के विरोध में कार्य बहिष्कार जारी है।

आल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन के कैराना अध्यक्ष मोहम्मद परवेज ने बताया कि ई–रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से उनके सामने भी रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इसी के चलते बुधवार से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। शनिवार को भी कार्य बहिष्कार रहेगा।

# मोहित बेनिवाल व सुरेश राणा बनाए गए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने एमएलसी मोहित बेनीवाल पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें भाजपा उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं थानाभवन निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा को भी प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेताओं की नियुक्ति से जिले के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है।



मोहित बेनीवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शामली वैश्य इंटर कॉलेज से प्राप्त की तथा आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री स्वर्ण पदक के साथ हासिल की। इसके बाद उन्होंने करीब छह वर्षों तक अमेरिका में टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कार्य किया और कई सफल स्टार्टअप एवं वैश्विक उत्पाद कंपनियों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह भाजपा में प्रदेश मंत्री, युवा मोर्चा और राष्ट्रीय युवा मोर्चा की टीम में रहते हुए उन्होंने उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा वे भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री और क्षेत्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वही पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने एक छोटे कार्यकर्ता से लेकर थानाभवन क्षेत्र से विधायक बने और भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। प्रदेश नेतृत्व में मिली जिम्मेदारी से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

# दस दिवसीय एनसीसी कैंप का शुभारंभ

समाज जागरण

शामली। गुरूवार को शहर के देशभक्त इंटर कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप के पहले दिन लगभग 500 कैडेट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कैडेट्स के कैंप में पहुंचने पर सर्वप्रथम चीफ ऑफिसर नीरज कुमार एवं हवलदार ओमप्रकाश व अनूप राणा के नेतृत्व में कैडेट्स के डॉक्यूमेंट चेक



किए गए तथा उनके लिविंग रूम आवंटित किए गए। इसके पश्चात कैंप के ओपनिंग एड्रेस में कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला ने कैडेट्स को कैंप में अनुशासित तथा टीम भावना के साथ मिलकर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कैंप का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में अपने आप को समावेश करना है और साथ ही जाति धर्म से ऊपर उठकर एक दूसरे की जाति धर्म संस्कृति को सम्मान देकर एकजुट की भावना भी विकसित करना है। अंत में उन्होंने कैडेट्स को बताया कि कैंप में अनुशासन के साथ रहना है। यदि कोई क्रेडिट अनुशासनहीनता में लिप्त पाया जाता है तो उसे कैंप से बाहर कर दिया जाएगा। इस अवसर पर चीफ ऑफीसर अशोक कुमार, लेफ्टिनेंट आशीष कुमार, थर्ड ऑफिसर लक्ष्मी गर्ग आदि मौजूद रहे।

# निर्जला एकादशी पर मीठी छबील का आयोजन

समाज जागरण

शामली। शहर के बडा बाजार में भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा निर्जला एकादशी पर मीठी छबील का आयोजन किया गया। गुरूवार को छबील का शुभारंभ



संस्था के अध्यक्ष डा. अर्जुन वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान बाजार में आने वाले ग्राहकों व अन्य लोगों को ठंडे शरबत वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि संस्था द्वारा समय समय पर समाज सेवी के कार्य किए जाते है। भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए लगाई गई छबील से राहगीरों को फायदा पहुंचा। इस अवसर पर मनीष भटनागर, डा. नीरज वशिष्ठ, अनुराग जैन, पंकज हिन्दुस्तान, अनुज जैन, ऋषभ जैन, राजीव बंसल, वैभव संगल आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर बेटी के साथ छेड़छाड़ मारपीट का आरोप

समाज जागरण

शामली। झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव उल्हेनी निवासी एक महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में गांव उल्हेनी निवासी एक महिला ने बताया कि 20 जून की रात करीब 10 बजे वह अपनी तीन बेटियों के साथ घर पर मौजूद थी, जबकि उसका पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी सावन घर में घुस आया और कमरे में अकेली सो रही उसकी बेटी को बदनीयती से पकड़ लिया। पीड़िता के अनुसार युवती के शोर मचाने पर वह और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि लोगों को आता देख आरोपी ने युवती के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा उसके गले में चुन्नी डालकर घसीटा। इतना ही नहीं आरोपी ने चुन्नी से उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। समय रहते मौके पर पहुंची मां ने किसी तरह बेटी को बचाया। महिला का आरोप है कि इसके बाद सावन ने अपने भाई अमन को भी मौके पर बुला लिया। दोनों भाइयों ने डंडों से महिला और उसकी बेटियों के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# एकादशी पर लगा शरबत का प्याऊ, महिलाओं व युवाओं ने निभाई सेवा की मिसाल

समाज जागरण

कांधला। अपरा एकादशी के पावन अवसर पर कस्बे के बालिका इंटर कॉलेज के समीप राहगीरों की सेवा के लिए मीठे ठंडे शरबत का प्याऊ लगाया गया। भीषण गर्मी के बीच पूरे दिन लोगों को निःशुल्क शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई गई। प्याऊ पर पहुंचने वाले राहगीरों ने ठंडे शरबत का आनंद लिया और इस सामाजिक पहल मे महिलाओ ने



उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर गोल्डी पांचाल, अनुज पांचाल, अंकित पांचाल, आर्यन कुमार, अमन कुमार, रोहित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान श्री राम के नामकरण संस्कार का भावपूर्ण वर्णन

समाज जागरण

शामली। शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में श्रीराम लखन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास दीपक महाराज ने भगवान श्रीराम के नामकरण संस्कार का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कारों का महत्व बताया।



उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के नामकरण संस्कार का उल्लेख मुख्य रूप से वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस में मिलता है। राजा दशरथ के चारों पुत्रों के जन्म के बाद कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ ने वैदिक रीति से उनका नामकरण संस्कार संपन्न कराया था। महर्षि वशिष्ठ ने राजकुमारों के गुणों और भविष्य के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए उनके नाम रखे। राम का अर्थ सभी को आनंद और सुख प्रदान करने वाला, भरत का अर्थ संसार का भरण-पोषण करने वाला, लक्ष्मण का अर्थ शुभ लक्षणों से युक्त तथा शत्रुघ्न का अर्थ शत्रुओं का नाश करने वाला बताया गया। कथा व्यास ने रामचरितमानस के बालकाण्ड का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान राम आनंद और सुख के सागर हैं तथा उनके नाम मात्र से समस्त लोकों को शांति और विश्राम प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि नामकरण संस्कार हिंदू संस्कृति के प्रमुख संस्कारों में से एक है, जो व्यक्ति के जीवन और व्यक्तित्व को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में यज्ञ, पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महर्षि वशिष्ठ ने चारों राजकुमारों का नामकरण किया था। इसके बाद अयोध्या में उत्सव मनाया गया और दान-दक्षिणा दी गई। कथा में मुख्य यजमान के रूप में संजय त्यागी एवं सुरेंद्र बंसल ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सचिन जैन भगतजी, राजकुमार तायल, यशपाल पंवार, अनिल गोयल, सतीश गोयल, शिव कुमार मित्तल, अशोक गोयल, सचिन मित्तल, संजय एरन, सक्षम संगल, कपिल जिंदल, अजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) डीएम आलोक यादव ने गुरुवार को नगर पालिका शामली कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने जनगणना संबंधी अभिलेख, भंडार एवं अभिलेख कक्ष, मीटिंग हॉल, रैन बसेरा तथा टैक्स संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड को व्यवस्थित ढंग से संधारित करने तथा पालिका परिसर में उपलब्ध खाली स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष सख्ती दिखाते हुए कहा कि शहर के बॉर्डर और आउटर क्षेत्रों सहित किसी भी स्थान पर गंदगी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में एक स्थान पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर डीएम ने ईओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को स्वच्छता, जनसुविधाओं और कार्यालयीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर ईओ विनोद सोलंकी सहित सभासद मौजूद रहे।

# घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से अज्ञात चोर हजारों रुपये कीमत की बैटरी चोरी कर ले गए। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन बैटरी और चोर का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।सलेमपुर मार्ग निवासी साजिद ने अपना ट्रैक्टर परिचित के मकान के पास घर के बाहर खड़ा किया हुआ था। आरोप है कि रात के समय किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर ट्रैक्टर से बैटरी निकाल ली और फरार हो गया। सुबह ट्रैक्टर के पास पहुंचने पर बैटरी गायब मिली, जिससे उसके होश उड़ गए।पीड़ित ने आसपास के लोगों से जानकारी करने के साथ ही अपने स्तर पर बैटरी की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद गुरुवार को वह थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना से अवगत कराया।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोर की पहचान करने का प्रयास कर रही है।




# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता जरूरी: ईओ

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

संचारी रोगों की रोकथाम एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया।बैठक में अधिशासी अधिकारी ने पालिका कर्मियों और सभासदों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। नालियों की नियमित सफाई, जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर उनका निस्तारण तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएं।अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों और नगर-वासियों का सहयोग जरूरी है। बैठक में पालिका कर्मचारी, सभासदगण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया घर से बाहर निकालने और बच्चे से ना मिलने देने का आरोप

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)गुरूवार को शहर के मोहल्ला गगन विहार में एक विवाहिता ने ससुरालियों पर घर से बाहर करने और 10 माह के बच्चे से न मिलने देने का आरोप लगाया। विवाहिता घंटों ससुरालियों के मकान का दरवाजा खटखटाती रही, लेकिन ससुरालियों ने दरवाजा नही खोला। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

हरियाणा के करनाल जनपद के शक्तिपूरम कालोनी निवासी दीक्षा कांबोज पुत्री स्व राकेश कांबोज की शादी गत 13 नवंबर 2024 को शामली के गगन विहार निवासी अनिवाश कांबोज पुत्र कपिल कांबोज के साथ हुई थी। बताया जाता है कि शादी के बाद विवाहिता ने एक पुत्र शहराज को जन्म दिया, जो मानसिक बीमारी से ग्रस्त होने के कारण ससुरालिये विवाहिता से कलेश करने लगे और बच्चे की बीमारी के ईलाज के लिए विवाहिता के परिजनों पर दबाव बनाया गया। गत तीन फरवरी को विवाहिता दीक्षा को उसका भाई आदित्य कांबोज अपने घर में एक कार्यक्रम होने के कारण लेने के लिए आया था और हसी खुशी अपने साथ ले गया था, लेकिन आरोप है कि 9 फरवरी को कार्यक्रम समाप्ति के बाद ससुरालिये विवाहिता को लेने नही आये और गत अप्रैल माह में 10 माह के पुत्र शहराज को भी अचानक घर आकर अपने साथ ले गए। जिसके बाद से विवाहिता को अपने बच्चे से भी नही मिलने दिया गया। गुरूवार को विवाहिता अपने परिजनों और समाज के लोगों को साथ लेकर गगन विहार स्थित अपने ससुराल पहुंचे, जहां उसने घर में घुसने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि ससुरालियों ने धक्के मारकर उसको बाहर निकाल दिया और घर में घुसने नही दिया गया। विवाहिता अपने बेटे से मिलने के लिए घंटों दरवाजा खटखटाती रही लेकिन ससुरालियों का मन नही पसीजा। घटना की सूचना विवाहिता ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है। विवाहिता दीक्षा ने आरोप लगाया कि सांस मनीषा, ससुर कपिल, नंद अक्षिता उर्फ चिनमिन उसके साथ मारपीट करते है और मानसिक रूप से बीमारी बच्चे के ईलाज के लिए रुपए की डिमांड कर रहे है।



# लखनऊ अग्निकांड में मृत छात्रों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) लखनऊ में हुए कोचिंग संस्थान अग्निकांड में मृत छात्रों एवं विभिन्न छात्र हितों से जुड़े मामलों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने देर शाम कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई गई।



झिंझाना के मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे स्थित एकता चौराहे पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने एकत्र होकर कैंडल मार्च निकाला। मार्च आमवाली रोड तक लगभग 200 मीटर तक निकाला गया, जिसमें लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वाले छात्रों तथा अन्य छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा एवं नासिर चौधरी ने किया। अश्वनी शर्मा ने अग्निकांड की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। नासिर चौधरी ने कहा कि युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पीयूष शर्मा ने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं से संबंधित समस्याओं को उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की।

इस अवसर पर जुबैर चौधरी, सचिन चौधरी, विशाल तोमर, संदीप भाटी, रिजवान मंसूरी, विकास तोमर, वीशू शर्मा, अंशुल कौशिक, अश्वनी कौशिक, राकेश बालियान, आसिफ सलमानी, खालिद मिर्जा, आजाद मंसूरी, शाहिद मिर्जा, वसीम मिर्जा, रामानंद, मंगल आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट के नाम पर दो लाख की ठगी, विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट

## न्यायालय के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में प्लॉट बेचने के नाम पर करीब दो लाख रुपये की कथित ठगी और विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी अनीस पुत्र गुलजार ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके गांव निवासी ईश्वर सिंह ने उसे गांव गंगेरू में 100 वर्गगज का प्लॉट दिखाकर बेचने का सौदा किया था। आरोप है कि सौदा तय होने के बाद उसने 69 हजार रुपये का चेक और अन्य माध्यमों से कुल 1.99 लाख रुपये आरोपी को दे दिए। रकम लेने के बावजूद आरोपी ने न तो प्लॉट का बैनामा कराया और न ही पैसे वापस किए। इसके उलट वह लगातार टालमटोल करता रहा।पीड़ित का आरोप है कि जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी रंजिश रखने लगा। आरोप है कि एक फरवरी 2026 को ईश्वर सिंह अपने चार साथियों प्रिंस, अब्दुल्ला, एहसान व मेहरबान के साथ ईको कार में सवार होकर उसके घर पहुंचा और जबरन घर में घुस गया। वहां आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए रुपये मांगने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी तथा उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उसने थाना कांधला और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कांधला पुलिस ने ईश्वर सिंह समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर ले गए जल्दी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मामूली कहासुनी में दो पक्षों में संघर्ष, लाठी-डंडे व पत्थर चले, तीन महिलाएं घायल

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा में मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दो पड़ोसी पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर लाठी-डंडे और पत्थर चले, जिससे तीन महिलाएं घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो महिलाओं को छुट्टी दे दी, जबकि एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी गुलफान और सत्तार पड़ोसी हैं। आरोप है कि देर रात सत्तार का पुत्र इंतजार घर के बाहर खड़ा होकर गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान गुलफान की मां इकबाल जहां ने उसे गाली देने से मना किया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर इंतजार और उसके परिजन आक्रोशित हो गए तथा कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई।देखते ही देखते दोनों पक्षों के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने के साथ पत्थरबाजी भी हुई। संघर्ष के दौरान एक पक्ष की इकबाल जहां और नजमा घायल हो गईं, जबकि दूसरे पक्ष की इमराना को भी चोटें आईं। दोनों पक्षों ने घायलों का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने इकबाल जहां की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता और सतर्कता

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के मंदिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट रजिस्टर्ड के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की आधिकारिक पत्रिका शिवस्य प्रसाद का विमोचन किया गया तथा बढ़ते साइबर अपराधों पर जागरूकता परिचर्चा आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट की महासचिव डॉ. शिखा कौशिक ने महादेव शिवलिंग पर ह्यशिवस्य प्रसाद की प्रथम प्रति समर्पित कर किया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में इंडियन एयर फोर्स से सेवानिवृत्त जियालाल एडवोकेट, बार एसोसिएशन कैराना के पूर्व महासचिव राजकुमार चौहान एडवोकेट तथा पंकज बंसल एडवोकेट ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम जानकारी, जागरूकता और सतर्कता है। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक ह्यक्राइम का चक्रव्यूह : साइबर क्राइम-एक समग्र अध्ययन का भी लोकार्पण एवं विमोचन किया गया।इस अवसर पर एडवोकेट सोनू कल्याण, दक्ष बाबू शेरवाल, रवि कुमार, बाबू ईनाम, अजय शर्मा, मोहम्मद अजमल, मोहम्मद सलमान, शिक्षक अमित गोस्वामी, धर्म सिंह, सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# एसी के तार काटकर ले जा रहे युवक को लोगों ने दबोचा, पुलिस के हवाले किया

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक के समीप स्थित एक गली में घरों के बाहर लगे एसी के तार व पाइप काटकर चोरी करने का प्रयास कर रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।गुरुवार दोपहर भीषण गर्मी के कारण अधिकांश लोग अपने घरों में आराम कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ला शेखजादगान स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास वाली गली में कुछ घरों के एसी अचानक बंद हो गए। जब लोगों ने बाहर निकलकर जांच की तो एक युवक एसी के कटे हुए तार और पाइप लेकर जाता दिखाई दिया।मोहल्ला निवासी अक्षत जैन, राहुल जैन, दीपक जैन सहित अन्य लोगों ने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से कटे हुए तार और उपकरण बरामद किए तथा उसे थाने ले गई। पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर एवं क्षेत्र लोगों का कहना है कि कस्बे और आसपास के क्षेत्र में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अपराधों को पुलिस रोकने में नाकाम साबित हो रही है।



# पहाड़ी माता मंदिर आभूषण मामले में पूर्व पुजारी से एक घंटे तक पूछताछ

### बदलते बयानों से गहराया संदेह, एडीसी की जांच में आज होंगे कई अहम खुलासे

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



लोहारू। गांव पहाड़ी स्थित पहाड़ी माता मंदिर के आभूषण मामले में जांच लगातार तेज होती जा रही है। गुरुवार को लोहारू एसडीएम मनोज तथा थाना प्रभारी मुरारी लाल की मौजूदगी में पुलिस टीम ने पूर्व पुजारी आशीष कुमार से उसके घर पर करीब एक घंटे तक पूछताछ की। वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) भिवानी ने आज सुबह 11:30 बजे सभी संबंधित पक्षों को जांच के लिए तलब किया है।
सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान पुलिस ने आशीष कुमार से उसके घर से बरामद सोने-चांदी के आभूषणों तथा उनसे संबंधित बिलों के बारे में विस्तार से सवाल किए। बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान कई सवालों पर उसके जवाब अलग-अलग रहे, जिससे जांच टीम ने कई बिंदुओं पर गहन पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार जांच में सबसे बड़ा सवाल सोने के बिस्किट और आभूषणों के बिलों को लेकर उठा। पूछताछ के दौरान आशीष ने कथित तौर पर बताया कि उसने लगभग 10 ग्राम सोने का बिस्किट खरीदा था, लेकिन उससे संबंधित अलग-अलग राशि के कई बिल प्रस्तुत किए गए। जांच टीम ने जब एक ही सामान के कई बिलों पर सवाल उठाया तो उसने कथित तौर पर कहा कि जितनी-जितनी राशि का भुगतान हुआ, उसी हिसाब से अलग-अलग बिल बनवाए गए।
सूत्रों के अनुसार जब अधिकारियों ने इतनी बड़ी रकम के स्रोत के बारे में पूछा तो आशीष ने कथित रूप से अलग-अलग स्पष्टीकरण दिए। उसने बताया कि करीब 10 लाख रुपये उसके ससुर, जो रेलवे से सेवानिवृत्त हैं, से मिले थे, जबकि शेष राशि वर्षों से बचत कर एकत्रित करने की बात कही। सूत्रों का यह भी दावा है कि पूछताछ के दौरान आशीष ने तोशाम क्षेत्र में बरामद आभूषणों को छुड़वाने के संबंध में कथित रूप से पैसों के लेन-देन जैसी बातों का भी उल्लेख किया। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है। पूछताछ के दौरान आशीष ने अपने तीन बैंक खाते तथा अपनी पत्नी के दो बैंक खातों की जानकारी भी पुलिस को दी। अब जांच एजेंसियां इन खातों के लेन-देन, आभूषणों की खरीद और संबंधित दस्तावेजों की विस्तार से जांच करेंगी। इसी मामले में अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार आज 26 जून को जांच बैठक आयोजित की जाएगी। जांच में उपमंडल अधिकारी लोहारू, तहसीलदार, थाना प्रभारी, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त, के.के. ज्वेलर्स, श्री सिल्वर हाउस सहित संबंधित अधिकारियों और पक्षकारों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर के आभूषणों, बरामद सामान, बैंक खातों और खरीद से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद ही प्रशासन आगे की कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने को लेकर अंतिम निर्णय लेगा। फिलहाल पूरे मामले पर प्रशासन की नजर बनी हुई है और जांच के बाद कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# 19 वर्षीय युवती लापता, पिता की शिकायत पर मामला दर्ज

### सरकारी अस्पताल से रहस्यमय ढंग से गायब हुई युवती, पुलिस ने शुरू की तलाश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**

भिवानी। थाना शहर भिवानी क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(6) के तहत मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि की सुबह करीब 8:30 बजे वह अपनी 19 वर्षीय बेटी को सरकारी अस्पताल भिवानी में अपने बेटे के पास छोड़कर चला गया था। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसकी बेटी वहां नहीं मिली। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पिता ने पुलिस चौकी दिनोद गेट पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।
शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(6) के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब से भरी कार पकड़ी

### लोहारू पुलिस ने 12 बोतल व 24 अद्धे देसी शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)**

लोहारू। लोहारू थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को कार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोतल और 24 अद्धे 'मस्ती माल्टा' मार्का देसी शराब बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध पंजाब आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार एएसआई देवेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध जांच के दौरान सोहासड़ा चौक के पास मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जयबीर पुत्र संतलाल निवासी सोहासड़ा अपनी सफेद रंग की बलेनो कार में अवैध देसी शराब लेकर बिक्री के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ढाणी ढोला रोड पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध वाहन मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखकर चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट पर रखी दो गत्ते की पेटियों से 12 बोतल और 24 अद्धे 'मस्ती माल्टा' मार्का देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने नियमानुसार शराब के नमूने लेकर शेष शराब को सील कर दिया तथा कार और बरामद शराब को कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति को भी गवाह बनाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर

पंजाब आब कारी अधिनियम की धारा 61 में मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच महिला मुख्य सिपाही निशा को सौंपी गई है।

# सरकार ने गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति को संकट-पूर्व स्तर पर बहाल किया; क्षेत्रवार आपूर्ति प्रतिबंध हटाए

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

नई दिल्ली,25 जून :आज केंद्र सरकार ने औद्योगिक एवं वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करते हुए गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति पर सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध को हटा दिया है और पश्चिम एशिया संकट से पूर्व की आपूर्ति स्थिति बहाल की है। इसके अलावा एलपीजी की विशाल आपूर्ति, जिसे संकट की शुरूआत में निलंबित कर दिया गया था, को संकट-पूर्व खपत स्तरों के 50 प्रतिशत तक बहाल किया गया है जिससे वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को मह त्वपूर्ण राहत प्राप्त हुआ है। यह बहाली हाल ही में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में हुए सुधार के बाद की गई है।पश्चिम-एशिया संकट के दौरान, घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए, सरकार ने अनिवार्य वस्तु अधिनियम के अंतर्गत आदेश जारी किए थे, जिनमें सी3-सी4 स्ट्रीम को केवल एलपीजी उत्पादन के लिए इस्तेमाल करना था उन्हें पेट्रोकेमिकल व अन्य डाउनस्ट्रीम कामों से हटाकर इसके लिए उपयोग करना था।
देश में एलपीजी के बेहतर उत्पादन और आयातित एलपीजी कार्गो की अनुमानित उपलब्धता के मद्देनजर सरकार ने एलपीजी पूल में सी3-सी4 स्ट्रीम में परिवर्तन को कम करने का भी निर्णय लिया है।एलपीजी के अलावा दूसरे कामों के लिए सी3-सी4 स्ट्रीम का बढ़ा हुआ आवंटन लागू किया जाएगा लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि घरेलू एलपीजी की उपलब्धता पर कोई असर न पड़े और देश में एलपीजी का कुल उत्पादन प्रतिदिन कम से कम 40 टीएमटी बना रहे।मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र को पेट्रोकेमिकल तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए उन्नत सी3-सी4 स्ट्रीम का संगठनवार आवंटन जारी करने एवं मंत्रालय को नियमित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न वैश्विक आपूर्ति बाधा उत्पन्न होने के बाद सरकार ने पूरे देश में घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। जिसके बाद कुछ समय के लिए वाणिज्यिक पैक एलपीजी की आपूर्ति पर अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए। नीतिगत मध्यवर्तनों एवं तेल विपणन कंपनियों के समन्वित प्रयासों ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला होने के बावजूद आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में मदद की।सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे औद्योगिक एवं वाणिज्यिक एलपीजी ग्राहकों का पूरा डेटा बनाए रखें जिससे कुशल योजना और आपूर्ति प्रबंधन को सुगम बनाया जा सके। ओएमसी के बीच एक एकीकृत क्षेत्रीय डेटाबेस भी रखा जाएगा ताकि निगरानी एवं संचालन समन्वय को मजबूत किया जा सके।साथ ही, सरकार पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन का विस्तार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। वाणिज्यिक एवं थोक उपभोक्ता, जो पहले ही पीएनजी पर स्थानांतरित हो चुके हैं वे पीएनजी का ही उपयोग करेंगे। अन्य पात्र एलपीजी उपभोक्ता, जिन्हें पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है या जो पीएनजी पर स्थानांतरित होने की प्रक्रिया में हैं, उन्हें सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं के समन्वय से चरणबद्ध रूप से पीएनजी पर स्थानांतरित किया जाएगा।इस संबंध में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर संशोधित आपूर्ति व्यवस्थाओं का सुचारू

कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।यह निर्णय सरकार के राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के सजग दृष्टिकोण को दर्शाता है, साथ ही देश की ऊर्जा आवश्यकताओं तथा साफ, सुरक्षित एवं अधिक कुशल ईंधनों तक पहुंच बढ़ाने की उसके निरंतर प्रतिबद्धता को भी प्रतिबिंबित करता है।

## भारत ने 2026 में ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत गुरुग्राम में 11वीं ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक आयोजित की

ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों ने राष्ट्रीय परिस्थितियों, विकास प्राथमिकताओं और ऊर्जा प्रवाह को सम्मान देने के महत्व दोहराया ब्रिक्स देशों के सामूहिक दृष्टिकोण और सहमति दशार्ते हुए, बैठक, 11वें ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों के संयुक्त विज्ञप्ति अपनाने के साथ संपन्न भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा भंडारण के लिए ब्रिक्स डिजिटल उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत, "स्थिति से दृढ़ता से उबरने, नवाचार, सहयोग और संवहनीयता के लिए निर्माण" विषय पर आधारित 11 वीं ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक 25 जून 2026 को गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित हुई। बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्रियों, उप मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श और ऊर्जा क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग पर चर्चा की गई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) सहित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सवेर्षां ऊर्जम(सभी के लिए ऊर्जा) विषय पर आधारित चर्चा तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित रही: प्राथमिकता 1: ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता , जिसमें स्थिति अनुरूप ऊर्जा प्रणालियों, विविध ऊर्जा स्रोतों, महत्वपूर्ण खनिज पदार्थों, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता, ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण और सुरक्षित, किफायती ऊर्जा आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्राथमिकता 2: ऊर्जा पहुंच और समानता, जिसमें सस्ती, भरोसेमंद, संवहनीय और आधुनिक ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच, खाना पकाने के स्वच्छ समाधान, किफायती वित्तपोषण, क्षमतावर्द्धन और उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए समर्थन पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्राथमिकता 3: प्रौद्योगिकी और नवाचार , जिसमें स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला (उत्पादन, भंडारण और वितरण, तथा अंतिम उपयोग अनुप्रयोग), ऊर्जा प्रणालियों का डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा दक्षता, जैव ईंधन, कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों तथा ब्रिक्स देशों में अनुसंधान और नवाचार सहयोग मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों ने राष्ट्रीय परिस्थितियों, विकास प्राथमिकताओं और ऊर्जा मार्गों (ऊर्जा स्रोत और भविष्य रूपरेखा) का सम्मान करने के महत्व की पुष्टि की। 11 वें ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों द्वारा संयुक्त विज्ञप्ति अपनाए जाने के साथ बैठक संपन्न हुई, जो ऊर्जा सुरक्षा, संवहनीयता, नवाचार, स्थिति सक्षम बुनियादी ढांचे और क्षमता वर्द्धन के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर ब्रिक्स देशों के सामूहिक दृष्टिकोण और सहमति को दशार्ता है।

### भारत का ऊर्जा रूपांतरण और वैश्विक नेतृत्व

केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और मानव विकास के लिए ऊर्जा,मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को अपने लोगों की उचित आकांक्षाएं पूरी करते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय, संसाधन और नीतिगत उपाय करने की जरूरत है। उन्होंने सवेर्षां ऊर्जम के सिद्धांत से निर्देशित स्थिति दृढ़, भविष्योन्मुखी और जन-केंद्रित ऊर्जा प्रणाली निर्मित करने की भारत की प्रतिबद्धता रेखांकित की। केंद्रीय विद्युत मंत्री ने पिछले एक दशक में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आए उल्लेखनीय बदलाव की चर्चा करते हुए बताया कि भारत विश्व में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बनकर उभरा है, जिसकी विद्युत स्थापन क्षमता लगभग 540 गीगावाट तक पहुंच गई है जिसमें गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों का योगदान कुल स्थापन क्षमता के आधे से अधिक है।

# फिरोजपुर मंडल में 16 घंटों में अलार्म चेन पुलिंग के 7 मामले दर्ज

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो,25 (जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा वीरवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेन के प्रत्येक कोच में आपातकालीन स्थिति में ट्रेन रोकने के लिए अलार्म चेन की सुविधा उपलब्ध होती है। बिना किसी वैध कारण के अलार्म चेन खींचना भारतीय रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत दंडनीय अपराध है। 24 जून 2026 को चेन पुलिंग से संबंधित 16 घटनाओं में से 07 मामले रजिस्टर्ड किए गए। अनावश्यक चेन पुलिंग रोकने के लिए अलार्म चेन हैंडल पर पारदर्शी सुरक्षा कवर लगाए गए हैं तथा चेतावनी स्टिकर भी लगाए गए हैं। बिना उचित कारण अलार्म चेन खींचने पर ₹1,000 तक का जुमार्ना, एक वर्ष तक का कारावास या दोनों का प्रावधान है। यात्रियों को अलार्म चेन के सही उपयोग और इसके दुरुपयोग के कानूनी परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है। फिरोजपुर मंडल सभी रेल यात्रियों से आग्रह करता है कि अलार्म चेन का उपयोग केवल वास्तविक आपात कालीन परिस्थितियों में ही करें। अनावश्यक चेन पुलिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे हजारों यात्रियों की यात्रा प्रभावित होती है तथा रेल सेवाओं के सुचारु संचालन में व्यवधान उत्पन्न होता है। फिरोजपुर मंडल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल का रेलवे पुलिस कर्मचारी यात्रियों अलार्म चेन पुलिंग के बारे में जागरूक करते हुए।

## केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अनुपालन के बोझ को कम करने और नियामक दक्षता को मजबूत करने के लिए नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम में जन विश्वास सुधारों की शुरूआत की है

जन विश्वास सुधारों के तहत क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट्स अधि नियम, 2010 के पांच प्रावधानों का युक्तिकरण किया गया केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) अधिनियम, 2026 के अनुसरण में 22 जून 2026 को नैदानिक प्रतिष्ठान (पंजीकरण एवं विनियमन) अधिनियम, 2010 में संशोधन अधिसूचित किए हैं, जो 8 अप्रैल 2026 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित हुआ था। इन सुधारों का उद्देश्य विश्वास-आधारित शासन को बढ़ावा देना, अनुपालन के बोझ को कम करना, व्यापार करने में सुगमता में सुधार करना और आनुपातिक नियामक प्रवर्तन सुनिश्चित करना है, साथ ही देश भर में रोगी सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की रक्षा करना जारी रखना है। जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) अधिनियम, 2026, 23 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 79 केंद्रीय अधिनियमों के प्रावधानों को तर्कसंगत बनाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन पांच अधिनियमों के 35 प्रावधानों में संशोधन किया गया है ताकि प्रक्रियात्मक अनि यमितताओं को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और नागरिक-केंद्रित नियामक प्रथाओं को मजबूत किया जा सके। क्लिनिकल एस्टैब्लि शमेंट्स अधिनियम, 2010 के तहत अधिसूचित ये संशोधन, एक अधिक उत्तरदायी और सुगम नियामक प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई व्यापक सुधार पहल का हिस्सा हैं। संशोधित ढांचे के तहत, अधिनियम की धारा 40, 43 और 46 में "जुमार्ना" शब्द को "दंड" से प्रतिस्थापित किया गया है, जिससे प्रवर्तन ढांचा आपराधिक अभियोजन से प्रशासनिक न्यायनिर्णय की ओर स्थानांतरित हो गया है। धारा 44 में संशोधन करके कंपनियों द्वारा किए गए उल्लंघनों के लिए श्रेणीबद्ध और आनुपातिक दंड निर्धारित किए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रवर्तन कार्रवाई उल्लंघन की प्रकृति और गंभीरता के अनुरूप हो। इसके अलावा, धारा 41 के तहत न्यायनिर्णय प्राधिकारी तंत्र को मजबूत किया गया है और इसका दायरा धारा 40, 43 और 44 के अंतर्गत कार्यवाही को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया है, जिससे पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह प्रवर्तन को सुगम बनाया जा सके।

# सुरपुरा कला में कार्यवाहक सरपंच का चयन फिर टला

### 30 जून को होगी बैठक, पूर्व सरपंच को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया गया था पदच्युत

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। ग्राम पंचायत सुरपुरा कला में कार्यवाहक सरपंच के चयन की प्रक्रिया एक बार फिर स्थगित हो गई है। चयन प्रक्रिया खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) की उपस्थिति में होनी थी, लेकिन उनके अन्य सरकारी कार्य में व्यस्त होने के कारण बैठक आयोजित नहीं हो सकी। अब कार्यवाहक सरपंच के चयन के लिए 30 जून को सुबह 11 बजे ग्राम सचिवालय, सुरपुरा कला में बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत के सभी पंच सदस्यों को सूचना पत्र जारी कर दिया गया है।
गौरतलब है कि उपायुक्त भिवानी द्वारा पूर्व सरपंच राजेश पूनिया को हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 175(बी) के तहत निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूरी नहीं करने के आधार पर सरपंच पद से पदच्युत किया गया था। इसके बाद पंचायत के बहुमत वाले पंच को कार्यवाहक सरपंच नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्यालय द्वारा जारी आदेश की प्रतियां उपायुक्त भिवानी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी सूचनार्थ भेजी गई हैं। वहीं बैठक के सफल संचालन के लिए समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी को विस्तार अधिकारी नियुक्त किया गया है।
बताया जाता है कि पूर्व सरपंच की शैक्षणिक योग्यता को लेकर शिकायत गांव के युवा क्लब के प्रधान सुरेश लाखलाण द्वारा की गई थी। शिकायत पर हुई कानूनी प्रक्रिया के बाद सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के अनुसार पूर्व सरपंच को पद से हटाया गया।

## शिरोमणि कमेटी ने बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस के मौके पर गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में गुरमत समागम का आयोजन

**(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/ दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 25 जून : सिख समुदाय के महान जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस के मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब से संबंधित गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में गुरमत समागम का आयोजन किया। इस मौके पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सचखंड श्री हरिमंदिर मंदिर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरबचन सिंह के जत्थे ने गुरबानी कीर्तन किया। भाई बलविंदर सिंह ने अरदास की और सचखंड श्री हरिमंदिर मंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी राजदीप सिंह ने पवित्र हुक्मनामा पढ़ा। इस मौके पर ज्ञानी राजदीप सिंह ने संगत से बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत के बेमिसाल इतिहास के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत सिख इतिहास में सच्चाई, हिम्मत और बेमिसाल कुबार्नी की कहानी है। बाबा बंदा सिंह बहादुर वो जरनैल थे जिन्होंने सिख राज्य की स्थापना की थी। ज्ञानी राजदीप सिंह ने सिख युवाओं को बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में एक धार्मिक दीवान भी लगाया गया, जिसमें हेड प्रचारक भाई जगदेव सिंह ने संगत को बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन के बारे में बताया। इस दौरान ढाडी और कविशर जत्थे भी समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर श्री दरबार साहिब के मैनेजर मेजर सिंह, सुपरिटेंडेंट निशान सिंह और मलकीत सिंह बहिडवाल, इंचार्ज
जगदीश सिंह बुट्टर, बलदेव सिंह, करमजीत सिंह, राजविंदर सिंह, हैड प्रचारक भाई जगदेव सिंह, एडिशनल मैनेजर इकबाल सिंह, बिक्रमजीत सिंह झंगी, युवराज सिंह और अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन शुरू, 10 जुलाई तक कर सकेंगे नामांकन

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

नई दिल्ली,25 जून :केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों तथा मान्यता प्राप्त बोर्डों से संबद्ध सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक निर्धारित दिशानिदेर्शों के तहत आवेदन कर सकते हैं।राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन प्रक्रिया 15 जून 2026 से शुरू हो चुकी है। इच्छुक शिक्षक 10 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड, मूल्यांकन प्रक्रिया और समय-सीमा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रतिवर्ष उन शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और समर्पण का परिचय दिया हो। इस पुरस्कार का उद्देश्य शिक्षकों के उल्लेखनीय कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना और शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करना है।राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए चयन प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चरणों में आयोजित की जाएगी। जिला एवं क्षेत्रीय चयन समितियां 14 से 21 जुलाई तक आवेदन की समीक्षा करेंगी, जबकि राज्य एवं संगठन स्तर की चयन प्रक्रिया 22 से 29 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद स्वतंत्र राष्ट्रीय चयन समिति अगस्त में अंतिम चयन करेगी।चयनित शिक्षकों को अगस्त 2026 के दौरान सूचना दी जाएगी। पुरस्कार समारोह से पहले 4 सितंबर को पूर्वाभ्यास होगा, जबकि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह 5 सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों के ऑनलाइन स्वयं-नामांकन के लिए वेब, 15 जून से 10 जुलाई 2026 तक
शिक्षकों द्वारा अंतिम स्वयं-नामांकन प्रस्तुत करने की अवधि 11 से 13 जुलाई 2026 स्वतंत्र राष्ट्रीय चयन समिति का गठन : जुलाई 2026 के मध्य जिला/क्षेत्रीय चयन समितियों द्वारा चयन प्रक्रिया : 14 से 21 जुलाई 2026 राज्य/संगठन समितियों द्वारा चयन प्रक्रिया : 22 से 29 जुलाई 2026। चयनित उम्मीदवारों को सूचना और चयन समिति के साथ बातचीत : 30 से 31 जुलाई 2026 स्वतंत्र राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया 3 से 7 अगस्त 2026 चयन समिति द्वारा अंतिम संस्तुति : 8 अगस्त 2026,शिक्षा मंत्री की स्वीकृति के बाद चयनित विजेताओं को सूचना : 10 से 20

अगस्त 2026,पूर्वाभ्यास और पुरस्कार समारोह 4 और 5 सितंबर 20 26,इच्छुक आवेदक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता शर्तें और आवेदन प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे सुधारों पर की चर्चा

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब )**




नई दिल्ली,25 जून : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में भारतीय रेलवे को माल ढुलाई का सबसे लोकप्रिय माध्यम बनाने के लिए किए जा रहे सुधारों पर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि सीमेंट और नमक जैसी वस्तुओं के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए नए मालवाहक डिब्बों की सफलता ने यह साबित किया है कि उद्योगों की जरूरतों के अनुसार डिब्बों का डिजाइन तैयार करना बेहद महत्वपूर्ण है। इन विशेष डिब्बों से माल की लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन प्रक्रिया अधिक आसान और प्रभावी हुई है, जिससे रेलवे के जरिए माल ढुलाई को बढ़ावा मिला है।श्री वैष्णव ने कहा कि डिजाइन मंजूरी और प्रोटोटाइप विकास के लिए कड़े मानकों को अपनाने से देश में उच्च गुणवत्ता वाले मालवाहक डिब्बों का निर्माण सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इससे नए डिजाइन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तथा भारतीय रेलवे की माल ढुलाई व्यवस्था और मजबूत होगी रेलवे की प्रस्तावित वैगन डिजाइन नीति को आधुनिक, ग्राहक-केंद्रित और नवाचार आधारित माल परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। यह नीति आर्थिक विकास को गति देने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगी।

# सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए




केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों और मान्यता प्राप्त बोर्डों से संबद्ध सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन और नामांकन 15 जून, 2026 से 10 जुलाई, 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किए जा सकते हैं। विस्तृत दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड, मूल्यांकन प्रक्रिया और समय-सीमा पोर्टल पर उल्लेखित हैं।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी गैंग का भंडाफोड़

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी ।**

साइबर क्राइम थाना की टीम ने ऑनलाइन बेटिंग और सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कानपुर निवासी दो आरोपियों दीपक सिंह और नवनीत सिंह को जगतगंज स्थित किराये के कमरे से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 09 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और एक एटीएम कार्ड बरामद



हुआ है। जांच में बेटिंग पैनल, बैंक खातों के क्यूआर कोड, यूजर आईडी और डिजिटल भुगतान से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। पुलिस ने करीब 5 लाख रुपये की धनराशि दो बैंक खातों में सीज कराई है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है तथा साइबर थाना ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की।

# ऋणसीमा किसान और समिति की संजीवनी: अवधेश कुमार सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

सहायक आयुक्त एवंसहायकनिबंधक सहकारिता वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य के निर्देश पर जिलासहकारीबैंक वाराणसी की लहरतारा शाखा मे बीपैक्स की अल्पकालीन ऋणसीमा बनाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प मे बीपैक्स सचिव संजय वर्मा,रमाकांत त्रिपाठी ,राजेश सिंह व विनय त्रिपाठी



ने अपनी अपनी समितियो की ऋणसीमा तैयार की। एडीसीओ अवधेश सिंह ने बैठक मे संतुलन पत्र 2026 तथा इफको कटौती की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शाखाप्रबंधक कुंवर देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी सचिवो से कहा कि ध्यानपूर्वक ऋणसीमा मे सभी प्रविष्टियाँ भरें ।यह सुनिश्चित करे कि कोई त्रुटि न हो ताकि ऋणसीमा की स्वीकृति मे कोई कठिनाई या अनावश्यक विलंब न हो। बैठक मे एडीसीओ अवधेशसिंह, शाखाप्रबंधक कुंवर देवेंद्र प्रताप सिंह ,खुशबू यादव आँकिक ,रमाकांत त्रिपाठी,संजय वर्मा, राजेश कुमार सिंह,विनय त्रिपाठी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सचिव आईजीआरएस निस्तारण रोस्टर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय ब्लाक सभागार में प्रशासक/प्रधान, सचिवों ,कोटेदारों व बाल विकास विभाग के संयुक्त बैठक में बीडीओ हरहुआ




छोटेलाल तिवारी ने कहा कि सचिव क्लस्टर रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कार्य पूर्ण करे। पात्र गृहस्थी एवम अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को समूह में जोड़ने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर विभागीय समन्वयन के द्वारा पूर्ण करें। साथ ही मनरेगा कार्य , वृक्षारोपण कार्य की तैयारी का निर्देश दिया। सचिवों को अपने क्लस्टर के ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया। बैठक में समस्त एडीओ ,आवास व मनरेगा ऑपरेटर ,आईजीआरएस पटल सहायक ,प्रशासक/प्रधान ,सचिव, कोटेदार , मुख्यसेविका व समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

# 28 जून को सुईया कला में अनुसूचित जाति महासम्मेलन, मीडिया के साथ होगा समस्या समाधान

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ क्षेत्र के सुईया कला में 28 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनुसूचित जाति, अनुसूई, हैरिहर, धरकार, धर्मराज, वनवंशी आदिवासी समाज का महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में मीडिया के साथ समस्याओं का सीधा समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निर्मल, लखनऊ और वाराणसी से माधुरी वर्मा, संतनगर से आध्या प्रसाद, विंध्याचल से लालजी, रामचन्द्र, बकुराकला से धरकार विरदरी शामिल होंगे। धरकार विरदरी समाज की ओर से सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया है।

# मनमोहक नृत्य

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

भीषण गर्मी के बीच आज सुबह आसमान में जब कुछ बादल दिखे तो



जंगल छोड़ बस्ती में आए मोर भी नृत्य करने लगे,जो देखने में काफी मनमोहक नजर आए।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीकों, जीवाणुरोधी और कैंसर रोधी दवाओं तक क्यूआर कोड आधारित दवा उत्पाद पहचान ढांचे का विस्तार किया

टीकों, जीवाणुरोधी, एनडीपीएस और कैंसर रोधी दवाओं को शामिल करने के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रमाणीकरण केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत की दवा आपूर्ति श्रृंखला की गुणवत्ता, सुरक्षा और शुद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अनुसूची एच2 के दायरे का विस्तार करने और क्यूआर कोड-आधारित ट्रैक और ट्रेस ढांचे के तहत दवाओं की अतिरिक्त श्रेणियों को लाने के लिए औषधि नियम, 1945 में संशोधन अधिसूचित किए हैं। संशोधित प्रावधानों के तहत, मादक औषधि एवं मनोरोग पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत आने वाले सभी टीके, रोगाणुरोधी, मादक और मनोरोग औषधियां तथा सभी कैंसर रोधी दवाओं को औषधि नियम, 1945 की अनुसूची एच2 में शामिल किया गया है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ ने बच्चों को तिलक लगाकर किया सम्मान,स्कूल में बंटा चॉकलेट

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। ग्रीष्म कालीन अवकाश 25 जून को दूसरी बार विद्यालय खुलने पर गर्मी के बाद भी बच्चों के स्कूल पहुंचने पर तिलक लगाकर स्वयं स्वागत किया।स्कूलों में चॉकलेट वितरित किये गए। विद्यालय परिसर में साफ -सफाई ,बिजली ,पेयजल , शौचालय सफाई का अवलोकन किया। साथ ही विद्यालयों के संसाधन व शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली।

खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार ने प्राथमिक विद्यालय मोहाव, हरहुआ मे 'प्रवेश उत्सव फेस टू' के अंतर्गत ग्रीष्म अवकाश के बाद बच्चों को विद्यालय में देख प्रसन्नता व्यक्त किया प्रधाना ध्यापिका रीता देवी सहित समस्त विद्यालय



स्टाफ द्वारा तिलक लगाते हुए मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवनाथपुर, प्राथमिक विद्यालय भोहर, प्राथमिक विद्यालय बेरवां सहित 127 विद्यालयों में 'प्रवेश उत्सव फेस टू' मनाया गया। जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। बच्चों की कम उपस्थिति के बाद भी चहल पहल से माहौल बदला नजर आया।

बच्चों को मिड डे मील में भोजन कराकर समय से धूप से बचाव की बच्चों को जानकारी देकर छोड़ा गया।

# रोहनिया विधायक ने 28 विकास कार्यो का किया शिलान्यास

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए ग्राम सभा लखमीपुर में विधानसभा अध्यक्ष बसंत लाल पटेल की देखरेख में रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने 1करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 28 इंटरलॉकिंग सड़कों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।विधायक डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं कृषि गति विधियों को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और रोहनिया विधानसभा में लगातार सड़क, बिजली, पानी तथा जनहित की योजनाओं पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

यह परियोजना अलाउद्दीनपुर, भटौली, गोसाईपुर, खेवली, अमरा,



रमना, सगहट, नियसीपुर सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने का कार्य करेगी, जिससे हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में कच्चे रास्तों के कारण काफी परेशानी होती थी, लेकिन इंटरलॉकिंग सड़क बनने से अब आवागमन आसान होगा। विधायक

ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं, ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवर अभियंता अमरेश विन्द , मनीष सिंह, राकेश यादव, श्याम नारायण पटेल, महेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय सचिव अजीत पटेल, आनंद पटेल, उदय प्रताप प्रधान, प्रदेश महासचिव डॉक्टर उमेश पटेल, रीना पटेल ,डॉ उमेश सिंह ,राजेंद्र पटेल, कडॉ. नरेंद्र पटेल,अभिमन्यु सिंह,मानस सिंह, बसंत लाल पटेल, अखिलेश देवराज, दिनेश पटेल, चंद्रशेखर पटेल, प्रेम पटेल, श्यामबली पटेल, नागेंद्र वर्मा, विनोद पटेल, आदर्श पटेल ,नोहर सिंह,गोलू मौर्य, विपिन पांडेय, आलोक पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संभव अभियान 6.0 का अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

मीरजापुर / शासन के क्रम में संभव अभियान 6.0 का अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जिसमें जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त मुख्य सेविका एवं लगभग 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिमुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित रही। संभव अभियान-6.0 पूर्व की भांति माह जुलाई से सितम्बर, 2026 तक आयोजन किया जाना है, जिसकी मुख्य थीम "गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा" निर्धारित की गयी है। साथ ही गंभीर कुपोषण (सैम) एवं मध्यम कुपोषण (मैम) की रोकथाम एवं प्रबन्धन पर विशेष बल दिया जायेगा। उक्त अभियान का संचालन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पंचायती राज विभाग के समेकित प्रयास से किया जाना है। संभव 6.0 अभियान का प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षणकर्ता राधेश्याम पाल, बाल विकास



परियोजना अधिकारी द्वारा दिया गया। जनपद के नवागत जिला कार्यकम अधिकारी दुर्गेश कुमार द्वारा अपने सम्बोधन में कहां गया कि उक्त अभियान को सफल बनाने में हमारे फील्ड के कर्मचारी यथा मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मुख्य भूमिका है। आप सभी पूरे मनोयोग से अभियान को सफल बनाये, जिससे प्रदेश में जनपद की बेहतर छवि प्रस्तुत हो सके।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनिवास सिंह, स्मृत कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, मीना गुप्ता, रेनू पाण्डेय एवं मुख्य सेविका, नेहा गुप्ता, प्रीती, सुनीता, शीला पाल तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री आरती, कविता, चंचल आदि उपस्थित रही।

# खुटहना में पीएम आवास लाभार्थी की धनराशि गबन किये जाने की लाभार्थी ने सीडीओ से की शिकायत

*पात्र लाभार्थी भटक रहा दर-दर, सता रहा बरसात में कैसे होगी गुजर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।विकास खण्ड के खुटहना (खेतलपुर) गांव में प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी के जगह दूसरे लाभार्थी को लाभान्वित करने की लिखित शिकायत लाभार्थी रेशमा के पति राजकुमार ने मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारी से की गयी है। जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने एवं आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश बीडीओ चिरईगांव को दिया है। इस बारे में बीडीओ हरहुआ/चिरईगांव छोटेलाल तिवारी से पूछा गया तो बोले कि शिकायती पत्र आया है। कम्प्यूटर आपरेटर से अभिलेख दिखवाकर जांच रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी।




शिकायतकर्ता राजकुमार का आरोप है कि मेरी पत्नी रेशमा के नाम से स्वीकृत पीएम आवास की धनराशि किसी अन्य के खाते में भेजकर गबन कर लिया गया है। उक्त प्रकरण में ग्रामप्रधान सुनील यादव ग्रामपंचायत सचिव रमाशंकर एवं कम्प्यूटर आपरेटर मोहित गुप्ता द्वारा मिलीभगत कर आवंटित पीएम आवास की धनराशि दूसरे के खाते में स्थानांतरित कर गबन कर ली गयी है।गबन की गयी धनराशि की रिकवरी करने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। साथ ही रेशमा को आवास योजना का लाभ दिलाया जाय। यहीं नहीं खेतलपुर खुटहना के आवंटित आवासों को ग्रामप्रधान द्वारा चोलापुर विकास खण्ड के राजस्व गांव चुमकुनी में बनवाये जाने की जांच भी करने के लिए लिखित शिकायत किया है।

# पूर्व प्रधान ने युवक पर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।**

जंसा थाना क्षेत्र के वेरुका गांव निवासी एवं पूर्व ग्राम प्रधान अनित कुमार गर्ग ने गांव के ही एक युवक पर रंगदारी मांगने, धमकी देने तथा उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में अनित कुमार गर्ग ने आरोप लगाया है कि गांव निवासी रितेश कुमार सिंह स्वयं को अधिवक्ता बताकर उन पर और उनके परिवार के सदस्यों पर धौंस जमाता है तथा आए दिन गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करता है। प्रार्थी का आरोप है कि आरोपी उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। रुपये न देने पर फर्जी शिकायत देकर झूठे मुकदमे में फंसाने और बर्बाद करने की धमकी भी दे रहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 15 जून 2026 को आरोपी ने गांव में ही उन्हें रोक लिया और तत्काल पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाया। आरोप है कि रुपये न देने पर जान से मरवा देने की धमकी भी दी गई।

पूर्व प्रधान ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति क्षेत्र में लोगों को वकालत की धौंस दिखाकर धन उगाही, जमीन कब्जाने तथा अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहता है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने

तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने हेतु ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया विकास खण्ड सभागार में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अभिमुखीकरण बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।बैठक के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम हेतु संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का निराकरण, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण कर बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। साथ ही लोगों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान की दैनिक प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया खण्ड विकास अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें तथा किसी भी प्रकार के बुखार या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ,सीएम फेलो गौरव सिंह ,सहायक विकास अधिकारी सांख्यकी सुशील कुमार सिंह ,

आरबीएसके डॉक्टर सुरेश कनौजिया ,बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ला ,प्रशासक काशी प्रसाद मिश्रा, रमेश मौर्य, विजय प्रकाश सिंह, मार्कण्डेय प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे

# दिलीप सिंह पटेल को भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर चुनार नगर के लोगों में हर्ष का माहौल

## बूथ कार्यकर्ता के रूप में दिलीप सिंह पटेल ने शुरू किया था राजनीतिक सफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /चुनार तहसील के सीखड़ ब्लाक के मंगरहा गांव के भाजपा नेता दिलीप. मध्यवर्गीय किसान रहे स्व. राम सजीवन सिंह के पुत्र दिलीप सिंह पटेल शुरू से ही भाजपा से जुड़े रहे। सीखड़ में बूथ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए इन्होंने अलग पहचान बनाई। सन 2013 से 2016 तक मिजार्पुर में भाजपा उपाध्यक्ष पद पर रहे। जमीनी स्तर से कार्यकताओं के साथ लगातार बैठक कर पार्टी को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई और इसी मेहनत का लाभ मिल रहा है।संगठन



में लगातार सक्रियता की वजह से 2016 से 2018 तक काशी प्रांत में क्षेत्रीय मंत्री रहे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संगठन को मजबूती दी। 2018 से अब तक वह दो बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहे। दिलीप पटेल ने एमएससी एजी, एमए बीएड की पढ़ाई की है। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के चुनाव से लेकर चुनार विधायक अनुराग सिंह के चुनाव में रणनीति बनाकर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिलीप ने आदर्श जनता स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोलना की 2007 में स्थापना भी की। दिलीप सिंह पटेल को उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर नगर में हर्ष का माहौल।

# कामाख्या धाम में उमडा श्रद्धा का सैलाव

**अम्बुवाची महोत्सव में मंगला आरती के बाद किया मां का भव्य श्रंगार**
**- मां के दर्षन को लगी लम्बी कतारें, पुलिसफोर्स भी रहा मुस्तैद**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । कस्बा जसराना में तीन दिवसीय अम्बुवाची महोत्सव के तहत रविवार को मां कामाख्या धाम में मातारानी के दर्षन के लिये भक्तो का सैलाव उमड पडा। पीठाधीष महेष स्वरूप बृहमचारी के निर्देषन में वेदमंत्रो के साथ मां के पट खोले गये। मां का आकर्षक रूप से श्रंगार किया गया। मंदिर प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस व्यवस्थाएं भी चाक चौबंद रही। मां के दर्षन करने आये भक्तो के जयकारो से पूरे कस्बे का माहौल भक्तमय हो गया। महिलाये और पुरूष की अलग अलग लाईन लगाकर दर्षन कराये गये। वहीं जसराना क्षेत्राधिकारी, एसडीएम, एसएचओ ने मंदिर परिसर में पहुॅचकर सुरक्षा का जायजा लिया। भक्तो को लाईन में ही ठन्डा जल, पीठा जल और नीबू पानी, गन्ने का रस की व्यवस्था भी की गई। वही मंदिर के रास्ते पर नगर पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारी तैनात किये गये जो श्रछालुओ द्वारा पानी पीने के बाद खाली गिलासो को उठाकर सफाई कर रहे थे। गर्माहट के कारण श्रद्वालुओ के पैर न जले इसके लिये नगर पंचायत का टैकर पानी का छिडाकाव करता रहा।

कस्बा जसराना स्थिति मां कामाख्या धाम में सोमवार को अंबुबाची महोत्सव के आयोजन के दौरान 25 जून को मां के पट खोले गए। जसराना की ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, छर्रा अलीगढ़ निवासी दीपिका गुप्ता, मोहल्ला टीकतपुर जसराना निवासी अनू चौहान, सिढंपुरा एटा निवासी सोनी गुप्ता, अलीगढ़ निवासी देविकी गुप्ता, कुरावली मैनपुरी निवासी अनुराधा मिश्रा, जसराना निवासी रजनी गुप्ता, छिबरामऊ कन्नौज निवासी डॉली चतुवेर्दी , दिल्ली से अर्चना गुप्ता आदि भग्याषाली महिलाओं ने वेदमंत्रों के साथ मां के गर्भग्रह के पट खोले। महेष स्वरूप बृहमचारी के नेतृत्व में मंदिर के आचार्यो ने मां की मंगला आरती को सम्पन्न किया। मंगला आरती के बाद मां का सफेद श्रंगार उतारकर भव्य श्रंगार किया गया। सुवह से आम भक्तों के लिये पट खोले गये। गर्भग्रह के पट खोलते मंदिर प्रांगण मां के जयकारों से गूजंने



लगा। मंदिर में मां के जयकारों ने पूरे माहौल को भक्ति से ओतप्रेत कर दिया। महोत्सव में कसबा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं के साथ यूपी के कई जिलों के भक्तों के साथ हरियाणा, दिल्ली, एमपी एवं राजस्थान से भी काफी मात्रा में भक्तों ने मां के दर्षन किए। गर्मी को देखते हुए षर्वत के साथ साथ पानी की जहग जगह प्याउ लगाई गई।मंदिर में मंदिर प्रबंधन के साथ पुलिस प्रषासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। भक्तों ने पूरी श्रद्धा एवं संयम से मां के दर्षन किए। इस दौरान सुबह से लेकर सायं तक भक्तों का सैलाब उमडता रहा। भक्तों ने नारियल, मिश्री, एवं मिष्ठान के साथ मां की पूजा अर्चना की। मंदिर प्रषासन की ओर से सभी दर्षनाथीयों को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं भक्तों ने मां से अपने परिवार के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में बजने बाले घंटे एवं घडियालो की आवाजो के साथ भक्तो द्वारा लगाये जाने बाले जयकारों से पूरा नगर गूंजरयमान हो गया।

**– लग गई लम्बी कतारे**

जसराना। अम्बुवाची महोत्सव के दौरान मां कामाख्या धाम पर मां के दर्षन करने के लिये भकतो में अपार उत्साह था। सुवह दो बजे से ही भक्तो की कतारे मंदिर परिसर के पास जुटना शुरू हो गई जो सुवह छ बजते बजते काफी लम्बी हो गई। मां के जयकारे के साथ भक्तो की लम्बी कतारें पुरषो की मंदिर परिसर से तहसील तक और महिलाओ की मंदिर परिसर से फरिहा रोड स्थित नदी के पुल तक पहुच गयी। मंदिर प्रवंधन और पुलिस की व्यवस्थाओ के चलते भक्तो को कोई परेसानी नही हुई।

**नगर पंचायत ने किया सफाई और पानी का व्यापक इंतजाम**

जसराना। नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में अम्बुंबाची महोत्सव पर कस्बा में युद्व स्तर पर सफाई कराई गई। समूचे कसवे में सफाई कराकर सडको पर पानी का छिडकाव कराके चूना डलवाया गया। इसके अलावा भक्तो को पीने के पानी का टैंकरो को जगह जगह लगाकर व्यवस्था की गई। वही दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी मंदिर परिसर और कस्बा के मार्गो पर सारे दिन सफाई करते रहे। वही भक्तो के लिये नगर पंचायत के टैंकर से मार्ग पर पानी का छिडकाव कराया गया जिससे भक्तो ने भीषण गर्मी में राहत की सांस ली।

**– युवाओ का रहा विषेष योगदान**

जसराना। पानी व्यवस्था से लेकर श्रदालुओ को विना परेसानी मातारानी के दर्षन कराने के लिये समूचे कस्बा के युवाओ की चार दर्जन से अधिक टोलीयां टीम बनाकर लाईन में लगे श्रद्वालुओ की सेवा में लगी रही। युवाओ ने पुलिस प्रषासन एवं मंदिर प्रषासन के साथ मिलकर सम्पूर्ण व्यवस्था देखी। भीशण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिये श्रदालुओ को लगाईन में ही मीठापानी, ठन्डापानी एवं नीवू पानी एवं गन्ने का रस पिलाया।

**भंडारे की पूर्व विधायक की रही व्यवस्था**

ज्सराना: जसराना के पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी एवं उनकी पत्नी जसराना ब्लाक प्रमुख संध्या लोधी ने अम्बूबाची महोत्सव के लिये हर वर्ष योगदान रहता है। अम्बुबाची महोत्सव शुरू होने से लेकर समापन तक पूर्व विधायक एवं उनकी पत्नी का विशेष योगदान रहता है। महोत्सव में भंडारे की व्यवस्था पूर्व विधायक की तरफ से रही।

**पल पल की जानकरी लेते रहे थाना प्रभारी**

जसराना। जसराना स्थिति मां कामाख्या के दर्षन को उमडी भक्तो की भीड को देखते हुए जसराना थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे ने मंदिर परिसर की स्थिति का पल पल का जायजा लेते हुए नजर आये।

# विद्युत नगरी चचाई में चोर एवं कबाड़ियों ने मचाया आतंक।

**समाज जागरण**

चचाई -----विद्युत नगरी चचाई में नए प्लांट का निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही स्थानीय चोरों एवं कबाड़ियों ने मंडल आवासों का कबाड़ा कर दिया मंडल के अच्छे आवासो में चोरों एवं कबाड़ियों ने थाना चचाई की निष्क्रियता के चलते खुलेआम दिन हो या रात आवासो के ताला तोड़ तार पंखा खिड़की दरवाजा शटर चुरा ले गए सूने आवासो को साफ कर दिया वर्ष भर में सैकड़ो आवासो को खंडहर बना दिया किंतु चोर कभी पकडे नहीं गए सरकारी संपत्ति लुटती गई इसका असर ना तो थाना ना ही मंडल अधिकारियों को पड़ा किंतु दहशत में मंडल कर्मचारी एवं आम लोगों पर बना हुआ है।

कर्मचारियों ने किया पुलिस का काम-----लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस की नाकामी को देखते हुए डी ई कॉलोनी के आधा सैकड़ा युवा मंडल कर्मचारियो ने सीसीटीवी लगा रात्रि में निगरानी करने लगे इसी बीच 23-- 24 जून की रात 2:00 बजे के करीब तीन चोरों ने डीई 262 में चोरी का प्रयास करते दिखने पर कर्मचारियों ने घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया जिसमें सत्येंद्र पटेल निवासी डीएफ कॉलोनी चचाई को मौके से पकड़ लिया जबकि दूसरा कृष्णा सिंह ठाकुर डीएफ कॉलोनी निवासी एवं उसका साथी भागने में सफल रहे पकड़े गए चोरों को कर्मचारियों ने पुलिस के सुपुर्द किया। सिविल अधिकारी व कर्मचारियों ने की रिपोर्ट -----घटना के बाद सिविल विभाग के सहायक अभियंता एसके जैन कर्मचारियों में विनीत मिश्रा मनीष शुक्ला मनोज कुमार




मेखचंद पाटीदार समीर बढई संजय मांझी संदीप पारधी जय सिंह भूपेंद्र भलावी जितेंद्र निवारे कौशल श्रीवास्तव सुभाष परते ओमेश लिल्होरे आधा सैकड़ा कर्मचारियों ने थाने में लिखित आवेदन दे नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें सत्येंद्र पटेल और कृष्णा सिंह ठाकुर एवं उनके एक अज्ञात साथी पर रिपोर्ट दर्ज हुई जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 331 (4),305 (ए), 317 (2), 3(5) बीएनएस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया कर्मचारियों के अनुसार कई माह से हो रही चोरियों से परेशान कर्मचारियों ने चोरों को पकड़ने का निर्णय लिया। कर्मचारियों ने कार्यपालक निदेशक को लिखा पत्र-----मंडल कर्मचारी कई माह से स्थानीय चोरों व स्थानीय कबाड़ियों द्वारा सूने घरों में चोरी खाली आवासों के दरवाजा खिड़की शटर आदि चोरी कर आवासो को खंडहर बनने जा रहे हैं जिससे परेशान होकर विद्युत गृह के कार्यपालक निदेशक को पत्र दे इस पर संज्ञान लेने की बात कही साथ ही स्थानीय चोर जो मंडल आवास या परिक्षेत्र में रहकर मंडल कर्मचारी एवं मंडल की संपत्ति को क्षति पहुंचा रहे हैं इन्हें चिन्हित कर उनके आवास खाली करा इन्हें मंडल परिक्षेत्र से तत्काल हटाए जाने की बात कही है।

वर्तमान में पुलिस की सक्रियता जरूरी----लगातार हो रही चोरियो जिसमें स्थानी चोरों कबाड़ियों की भूमिका बनी रही है वर्तमान में 660 मेगावाट के बड़े उद्योग की स्थापना से लगातार बढ़ रही उनकी सक्रियता ताप विद्युत गृह प्रबंध एवं पुलिस को खुली चुनौती है जिस पर पुलिस व विद्युत गृह के अधिकारियों को कठोर कदम उठाने होंगे अन्यथा विद्युत नगरी में भय व अराजकता का

# युवा राजनीति का 'चमत्कारी विकास मॉडल'

**समाज जागरण**

कोयलांचल इन दिनों विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा है। यहां कुछ युवा नेताओं की प्रगति इतनी तेज है कि अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भी उनके "विकास मॉडल" पर शोध करना चाहें। जनता आज भी रोजगार, व्यापार और खेती की चिंता में उलझी है, लेकिन कुछ राजनीतिक प्रतिभाएं ऐसी हैं जिन्होंने कम समय में सफलता की ऐसी उड़ान भरी है कि लोग हैरान हैं। चौक-चौराहों, पान ठेलों और चाय की दुकानों पर एक ही चर्चा सुनाई देती है–"भाई साहब, आखिर यह तरक्की का फॉमूर्ला क्या है?" कभी साधारण जीवन जीने वाले ये जनसेवक आज ऐसी रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं कि बैंक बैलेंस, जमीन-जायदाद और आलीशान जीवनशैली भी उनके कदमों का साथ नहीं दे पा रही। लोग मजाक में कहते हैं कि जहां दूसरे लोग वर्षों की मेहनत के बाद एक प्लॉट खरीदते हैं, वहीं कुछ भाग्यशाली चेहरे शायद सुबह उठते ही विकास की नई संपत्ति का सपना नहीं, बल्कि रजिस्ट्री देख लेते होंगे। कोयलांचल में तो अब एक नई कहावत भी चल निकली है–"जहां कोयला काला है, वहां किस्मत उजली है।" हालांकि यह केवल जनचर्चा है, लेकिन चर्चा इतनी व्यापक है कि पान की गुमटी से लेकर सोशल मीडिया तक हर कोई इसी रहस्य को सुलझाने में लगा है। जनता का सवाल भी सीधा है–यदि इतनी तेज आर्थिक उन्नति का कोई वैध और प्रेरणादायक सूत्र है, तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

ताकि बेरोजगार युवा भी प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें छोड़कर उसी रास्ते पर चल सकें और कुछ वर्षों में आर्थिक क्रांति ला सकें। फिलहाल रहस्य बरकरार है। संपत्ति बढ़ रही है, चचाएं बढ़ रही हैं और सवाल भी बढ़ रहे हैं। जवाब शायद कहीं है, लेकिन फिलहाल वह आम जनता की पहुंच से उतना ही दूर है, जितना चुनावी वादों का हिसाब चुनाव खत्म होने के बाद।

# सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के बाद प्रशासनिक निगरानी और कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज, क्षेत्र में बढ़ी पर्यावरणीय चिंता

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर क्षेत्र से जुड़े कौआसरई स्थित हलफल नदी (नाला) में कथित अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ वीडियो और तस्वीरों ने क्षेत्र में खनिज गतिविधियों की निगरानी तथा प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नदी क्षेत्र से ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोगों को नदी से रेत भरते और उसका परिवहन करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि वायरल सामग्री की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इसके सामने आने के बाद ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों के बीच चिंता बढ़ गई है। पर्यावरण संरक्षण पर उठे सवाल क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि नदी क्षेत्रों में नियमों के विपरीत खनिज दोहन हो रहा है, तो इसका सीधा असर स्थानीय पर्यावरण, भूजल स्तर और नदी तंत्र पर पड़ सकता है। उनका मानना है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना आवश्यक है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि अनियंत्रित रेत उत्खनन से नदी की संरचना प्रभावित होती है, जिससे भविष्य में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो में दिखाई गई गतिविधियां वास्तविक हैं, तो संबंधित विभागों को मामले की जांच कर तथ्य स्पष्ट करने चाहिए। वहीं कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद निगरानी तंत्र कितना प्रभावी है। कार्रवाई की उम्मीद में स्थानीय लोग ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका मानना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो अवैध खनन की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। प्रशासनिक पहल पर टिकी निगाहें वायरल वीडियो के बाद अब लोगों की नजर जिला प्रशासन, खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाएगी तथा यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

फिलहाल संबंधित विभागों की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जांच और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

# सायबर सुरक्षा हेतु बनें जागरूक, बरतें सावधानी और निभाएं सहभागिता - पुलिस अधीक्षक

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने जिले के नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि जिले में नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 जुलाई तक साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति



जागरूक करना है जिससे वे सुरक्षित साइबर व्यवहार अपना सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सायबर सुरक्षा के लिए 3 सूत्र अपनाए जिसमें जागरूकता, सावधानी और सह भागिता शामिल है। अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी भी किसी से साझा न करें। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गति विधि की सूचना तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या आधिकारिक वेबसाइट साइबरक्राइम पर दें और एक सुरक्षित डिजिटल समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

# देवसर के मजौना रेत खदान में NGT नियमों की सरेआम धज्जियां, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

देवसर। क्षेत्र के मजौना रेत खदान में जिस तरह नदी की धारा के बीचों-बीच गहरे पानी में पोकलेन मशीन उतारकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है, वह पर्यावरणीय नियमों और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना दिखाई दे रही है। 24 जून के सामने आए वीडियो में कथित तौर पर यह साफ नजर आ रहा है कि मशीनें नदी के बीच तक पहुंचकर खनन कर रही हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय कार्यालयों तक सीमित नजर आ रहे हैं।

जब हर महीने लेन-देन की चचाएं होती हैं, तो सवाल उठता है कि क्या प्रभावशाली ठेकेदारों को इतनी छूट मिल जाती है कि वे खुलेआम नदी की धार में घुसकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर सकें? करोड़ों रुपये के अवैध उत्खनन के आरोपों के बीच खनिज विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

हम यह बात पूरी जिम्मेदारी के साथ लिख रहे हैं – यदि किसी को आपत्ति है तो वह हमारे खिलाफ थाने में आवेदन दे। हम जांच एजेंसियों के सामने यह बताने को तैयार हैं कि किस स्तर पर क्या शिकायतें मिलीं और कौन-कौन से तथ्य हमारे पास हैं। जरूरत पड़ी तो संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के कंधों पर कानून लागू कराने की जिम्मेदारी है, वही यदि अवैध गतिविधियों पर आंखें मूंद लें तो आम जनता किससे उम्मीद करेगी?

एक शिक्षक से जुड़े मामले पर भी सवाल उठ रहे हैं कि जिनका दायित्व बच्चों का भविष्य संवारना है, उनके परिवार से जुड़ी संपन्नता और परिस्थितियों की भी जांच होनी चाहिए। यदि किसी सरकारी कर्मचारी की आय और संपत्ति में अंतर है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। कानून की जिम्मेदारी जिन लोगों पर है, उन्हें माफिया या अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने के बजाय जनता और पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। महानदी केवल रेत का स्रोत नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर है – इसे लूट का साधन बनने देना आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा।

# आठ करोड़ से अधिक लागत के दो छात्रावासों का लोकार्पण

**विधायक ने लोकार्पित किया 100 सीटर छात्रावास शिक्षा के प्रकाश से आलौकित होगा भविष्य - सुश्री मीना सिंह**

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- पाली नगर में नव निर्मित दो छात्रावास का लोकार्पण मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्री मती अनुजा पटेल ने किया। सर्व प्रथम माननीय मुख्य अतिथि और जन प्रतिनिधियों ने गणेश गौरी का मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा आराधना करते हुए दो छात्रावासों को लोकार्पित किया गया, तत्पश्चात विधायक एवं गणमान्य नागरिकों ने नव निर्मित भवन का भम्रण कर उसका विधिवत देखने, जांचने, परखने का काम बखूबी किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में माननीय अतिथि गणों का माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने अपने संबोधन में हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आज दो छात्रावासों का लोकार्पण किया जा रहा है, यह हमारी विधायक सुश्री मीना सिंह जी के प्रयास से ही संभव हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी में विकास का चक्र तेजी से चलता है और आगे भी चलता रहेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री मीना सिंह जी ने अपने उदबोधन में कहा की मध्यप्रदेश सरकार विकास



के पथ पर निरंतर आगे बढ रहा है, उसी के परिणामस्वरूप क्षेत्र में विद्यालय भवनों और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है ताकि छात्र छात्राओं को सुगमता पूर्वक अध्ययन कर सकें, साथ ही इन छात्र छात्राओं को दो डेस और पुस्तकों की सुविधा प्रदान की जाती है। इसी तरह मध्यप्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है, वह भी फोर प्लेन सड़क बनी हैं जिससे आवागमन को सुगम बना दिया है। पिछली सरकार में सडकों के नाम पर भारी दुर्दशा बनी हुई है। आपने आगे मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए किसान सम्मान निधि, लाडली बहना योजना, छात्र वृत्ति योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना किसानों को जीरो प्रतिशत पर लोन उपलब्ध कराने जैसे जन कल्याण कारी योजनाओं के विस्तार से जन समुदाय को संबोधित किया।

गरिमा मयी कार्यक्रम में आज नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष राजेश पटेल, पाली नगर के पार्षद गण, जनपद पंचायत सदस्य धूप सिंह, नव नियुक्त एल्डर मैन प्रदीप सोनी, सुधीर मोटवानी, कामता विश्व कर्मा,कमल , भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा विजय तिवारी, घुनघुटी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा के वरिष्ठ नेता सरजू प्रसाद अग्रवाल,, राम सुशील मिश्रा,,पवन मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल जयसवाल, जिला मंत्री बबली यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमलता वर्मन, सुदामा विश्व कर्मा, बहादुर सिंह, राजकुमार अग्रवाल, , देवी सिंह, गुलाब सिंह, राम प्रसाद महरा, छत्रपाल सिंह, के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकत्ताओं ने भाग लिया।

# जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी. सिंह का तबादला , कविता त्रिपाठी को मिला अतिरिक्त प्रभार – शहडोल में पदस्थापना को लेकर उठे सवाल

**समाज जागरण शहडोल।**

जिला शिक्षा विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सिंगरौली श्री सूर्यभान (एस.बी.) सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहडोल में पदस्थ किया गया है। वहीं सुश्री कविता त्रिपाठी, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिंगरौली को जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिंगरौली द्वारा 24 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश के परिपालन में यह प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई है। आदेश में बताया गया है कि श्री एस.बी. सिंह, जो उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, उन्हें प्रशासनिक आधार पर शहडोल स्थानांतरित किया गया है। हालांकि इस तबादले को लेकर शिक्षा विभाग में यह चर्चा भी सामने आ रही है कि श्री एस.बी. सिंह को शहडोल में जो पदस्थापना मिली है, वह जिला शिक्षा अधिकारी के समकक्ष पद है या उससे कनिष्ठ/वरिष्ठ पद, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट होना आवश्यक है। यदि किसी अधिकारी को डीईओ पद से हटाकर उससे नीचे के पद पर भेजा गया है तो यह पदावनति (डिमोशन) की श्रेणी में आएगा, जबकि समान या उच्च पद पर भेजे जाने पर यह स्थानांतरण/पदोन्नति व्यवस्था मानी जाएगी। विभागीय आदेश में इस संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आना बाकी है। आदेश के अनुसार, सुश्री कविता त्रिपाठी ने 24 जून 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली के अतिरिक्त प्रभार पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इसके साथ ही श्री एस.बी. सिंह को उसी दिन अपराह्न में उनके नवीन पदस्थापन स्थल शहडोल के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। शिक्षा विभाग में हुए इस बदलाव को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# उर्वरक भंडारण एवं वितरण में लापरवाही पर जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक को नोटिस

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। खरीफ सीजन 2026 के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं कराने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के महाप्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कलेक्टर ने तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि जिले की 102 सहकारी समितियों में से अधिकांश समितियों में डीएपी, एनपीके, एसएसपी, यूरिया एवं पोटाश उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण नहीं कराया गया है। इसके कारण किसानों को आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि पूर्व में उर्वरक भंडारण एवं वितरण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट


कार्यालय कलेक्टर जिला दमोह (म.प्र.)

निर्देश दिए जाने के बावजूद संबंधित समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे वितरण व्यवस्था प्रभावित हुई और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान किसानों ने शिकायत करते हुए बताया कि नियमित सदस्य होने के बावजूद उन्हें सहकारी समितियों से उर्वरक नहीं मिल रहा है। मजबूरी में किसानों को निजी विक्रेताओं से नगद भुगतान कर अधिक कीमत पर उर्वरक खरीदना पड़ रहा है। किसानों की इन शिकायतों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर श्री यादव ने इस स्थिति को प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के महाप्रबंधक से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन लगातार उर्वरक भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी कर रहा है ताकि किसानों को आवश्यक कृषि आदान समय पर मिल सके।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा: डेटा गुणवत्ता पर सख्त हुए नीति आयोग के संयुक्त सचिव अजीत कुमार

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (सीपीओ) अजीत कुमार ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग नीति आयोग को सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण और विकास संबंधी निर्णय डेटा के आधार पर ही लिए जाते हैं, इसलिए आंकड़ों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुल पगारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा में सामने आई डेटा विसंगतियां**

संयुक्त सचिव श्री कुमार ने नीति आयोग के स्वास्थ्य संकेतकों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वास्तविक उपलब्धियों के बीच अंतर पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। विशेष रूप से लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव तथा जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जैसे महत्वपूर्ण संकेतकों के आंकड़ों में अपेक्षित सामंजस्य नहीं मिलने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जवाब-तलब किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डेटा की गुणवत्ता सुधारने के लिए गंभीरता से कार्य करें तथा प्रत्येक जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नीति



आयोग को वास्तविक स्थिति का सही चित्र प्रस्तुत हो सके।

**एनीमिया प्रबंधन की प्रभावशीलता का मांगा मूल्यांकन**

बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। संयुक्त सचिव ने निर्देश दिए कि गंभीर (Severe) एनीमिया से मध्यम (Moderate) और हल्के (Mild) एनीमिया की श्रेणी में पहुंचे मामलों का पृथक विश्लेषण तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे उपचार, पोषण हस्तक्षेप और विभागीय गतिविधियों की वास्तविक प्रभावशीलता का आकलन किया जा सकेगा।

**शिक्षा, कृषि और अन्य विभागों को भी दिए निर्देश**

समीक्षा के दौरान शिक्षा, कृषि एवं अन्य विभागों के आंकड़ों का भी परीक्षण किया गया। श्री कुमार ने कहा कि आगामी बैठकों में सभी विभाग अद्यतन और गुणवत्तापूर्ण डेटा प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड स्तर पर बेहतर कार्य सुनिश्चित करने तथा उपलब्धियों को सही तरीके से दर्ज करने पर जोर दिया।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के अपडेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के अपडेशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की गति संतोषजनक न पाए जाने पर संयुक्त सचिव ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**गुणवत्ता आधारित कार्यप्रणाली पर जोर**

बैठक के अंत में संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार ने कहा कि केवल आंकड़े प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विभागों को मेहनत, गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने तथा विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए डेटा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट योगदान पर शक्ति फाउंडेशन एवं समग्र कल्याण समिति सम्मानित

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में आयोजित सम्मान समारोह में शक्ति फाउंडेशन एवं समग्र कल्याण समिति को नशा मुक्ति अभियान एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए संस्था प्रमुख आकाश पटेल को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संस्था द्वारा युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संस्था प्रमुख आकाश पटेल ने इस सम्मान को सभी पदाधि




कारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी नशा मुक्ति, जन जागरूकता एवं समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# हटा में विद्युत विभाग के एई को 2 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा जिले के हटा नगर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सागर लोकायुक्त की टीम ने विद्युत विभाग के एक सहायक यंत्री (एई) को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हटा निवासी इंद्र कुमार पटेल ने लोकायुक्त सागर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि विद्युत विभाग के सहायक यंत्री द्वारा उनके बिजली मीटर को कम लोड पर चलने संबंधी कार्रवाई नहीं करने के एवज में 7 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। गुरुवार को लोकायुक्त सागर की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी सहायक यंत्री को 2 हजार रुपये की रिश्वत



लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि प्राप्त की, टीम ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। यह पूरी कार्रवाई लोकायुक्त निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

लोकायुक्त की इस कार्रवाई को क्षेत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मैजिक पर डीजे लेकर आ रहा अज्ञात वाहन के पीछे मारा जोरदार टक्कर, दो की मौत, तीन घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमुरा वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग स्थित जय गुरुदेव आश्रम के पास दुद्धी से रॉबर्ट्सगंज तरफ से जा रही डीजे रोड साउंड लगा मैजिक वाहन की अज्ञात वाहन में पीछे से जा भिड़ी, इस दौरान हुए इस भीषण टक्कर में मैजिक वाहन डीजे पर सवार दो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई सवार एक की केविन में दबने से मौत व दुसरे की गंभीर चोट लगने की वजह से मौत हो गई एक हालत गंभीर बताया जा है दो व्यक्तियों को हल्का फुल्का चोट लगी।



मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार को चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमुरा में वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग स्थित जय गुरुदेव आश्रम के पास जो दुद्धी स्थित नगवा से बारात की बुकिंग से वापस रॉबर्ट्सगंज की तरफ वापस आ रही थी कि डीजे सेट मैजिक ने पहले से अज्ञात खड़ी वाहन में पिछे से भीषड़ टक्कर हो गई जिसके उपरांत प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर मौके पर डायल 112 की पुलिस ने तीनों घायलों को ऐम्बुलेंस से चोपन अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए एक घायल चन्दन उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम चुर्क को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं दो घायलों में शिवा 21 वर्ष पुत्र राजमन छपका रावर्टसगंज, विनय 21 वर्ष कुमार पुत शिव प्रसाद ग्राम गडवाल निवासी को हल्का फुल्का चोट लगी जिसको इलाज के बाद घर चलें गए। वहीं पाकर मौके पर पहुंचे चोपन थाना के उपनिरीक्षक विनोद यादव अपने सहयोगियों व स्थानीय लोगों के सहयोग से टैक्टर से मैजिक के केविन को खिंचतान कर फंसे हुए शव को बाहर निकाला गया दुसरा को गंभीर चोट लगने से मौत हो गई जहां दोनों शव को चोपन पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर अग्रीम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी रही।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों व परिचितों ने मृतकों की पहचान मनोज कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र स्व रामधयान मौर्या निवासी लोढ़ी आरटीओ के पास बताया जिसकी दो बेटियो के है। दूसरे मृतक श्याम बाबू उम्र पुत्र रामदुलारे निवासी छपका जिसके तीन बच्चों है बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है, शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

# अनपरा तापीय परियोजना की बड़ी पहल; किराया जमा करने के लिए लगेगा विशेष कैंप, अब उपभोक्ताओं को नहीं होगी परेशानी

**दैनिक समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना प्रशासन ने आवास, दुकान और फ्लैट का किराया जमा करने वाले आवंटियों की सुविधा के लिए एक अहम कदम उठाया है। अब किराया जमा करने में हो रही असुविधा को दूर करने के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यालय अधिशासी अभियंता, जनपद अनुरक्षण खंड-पंचम, अनपरा तापीय परियोजना द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जिन आवंटियों को मकान, फ्लैट या दुकान का किराया जमा करने में दिक्कत हो रही है, उनके लिए साप्ताहिक विशेष व्यवस्था लागू की गई है। हर बुधवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आवास इंस्पेक्शन-06, गेट संख्या-02 के पास विशेष कैंप आयोजित होगा। वहीं शनिवार को भी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिकायत कार्यालय, एक कक्षीय फील्ड हॉस्टल, अनपरा कॉलोनी में किराया जमा किया जा सकेगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शुल्क जमा करने के बाद मूल रसीद संबंधित कैंप स्थल से शाम 5 बजे के बाद प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही उपभोक्ताओं से बिल की छायाप्रति साथ लाने की अपील की गई है।

अनपरा तापीय परियोजना की इस पहल से हजारों आवंटियों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था किराया जमा प्रक्रिया को और सरल व सुगम बनाएगी।

# सोन नदी हादसा: 25 घंटे बाद दो युवकों के शव बरामद, तीसरे की तलाश जारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के मितापुर गांव स्थित सोन नदी में बुधवार को हुए दर्दनाक हादसे के बाद गुरुवार को करीब 25 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद डूबे तीन युवकों में से दो के शव बरामद कर लिए गए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर 18 वर्षीय संदीप निषाद पुत्र रविंदर और 10 वर्षीय दीपक केवट पुत्र भगवान दास का



शव नदी से बाहर निकाला। वहीं 16 वर्षीय बोल बम केवट पुत्र लोधी केवट की तलाश लगातार जारी है। शव बरामद होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ओबरा तहसील की राजस्व टीम, थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं। बताया गया कि मितापुर निवासी रंतन केवट की बेटी की शादी के चौथी कार्यक्रम में शामिल होने आए दीपक और बोल बम परिजनों के साथ सोन नदी में नहाने गए थे, जहां दोनों गहरे पानी में डूब गए। इसके बाद संदीप भी नदी में डूब गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा दौड़ाए जाने के कारण संदीप ने नदी में छलांग लगाई, जिससे उसकी मौत हुई। हालांकि प्रशासन ने इस आरोप को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि संदीप की मौत भी नहाने के दौरान डूबने से हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि निर्धारित क्षेत्र से बाहर हो रहे अवैध बालू खनन के कारण नदी गहरी और दलदली हो गई है, जिससे अक्सर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। वहीं तीसरे युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।

# पेट्रोल भरवाने जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई मे गिरा एक की मौत , एक घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ज्वारीडाड के आगे बृहस्पतिवार को लगभग ग्यारह बजे चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे निशान बोर्ड से टकराते हुई लगभग पंद्रह फिट नीचे झाड़ियों में जा गिरा जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हों गई। और सवार एक व्यक्ति घायल हों गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धिलाल पुत्र स्व0 रामलाल निवासी गुर्मा और घायल गुड्डू पुत्र संतोष निवासी जवारीडाड़ जो एक बाइक से जवारीडाड़ से गुरमुरा बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहें थे कि गुरमुरा से लगभग डेढ़ किलोमीटर पहले एकाएक बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे निशान बोर्ड के खम्बे से टकराते हुई लगभग पंद्रह फिट निचे जा गिरे जिसमें बुद्धिलाल पुत्र स्व0 रामलाल निवासी गुर्मा की मौके पर मौत हों गई और घायल को सीएचसी चोपन टोलप्लाजा के एम्बुलेंस द्वारा भेजवा दिया गया। वही मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने ससुराल गुरमुरा में ही रहता था।

# नीरज सिंह को भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर ऊर्जांचल में हर्ष की लहर

**पुष्पराज सिंह/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी ने अपने संगठन में बड़ा बदलावा किया है। पार्टी ने कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसी लिस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह का नाम भी शामिल है। बीजेपी ने उन्हें यूपी बीजेपी का उपाध्यक्ष बनाया है। पिछले कई महीनों से ये अटकले चल रही थी कि नीरज को पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।बताते चले कि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूरे ऊर्जांचल क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। नीरज सिंह देश के रक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह के सुपुत्र हैं, किन्तु अपनी कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण उन्होंने स्वयं एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। नीरज सिंह अपने पिता की अनुपस्थिति में क्षेत्रीय जनसमस्याओं एवं संगठनात्मक



कार्यों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते रहे हैं। ऊर्जांचल के नागरिकों के साथ उनका विशेष जुड़ाव एवं आत्मीय संबंध रहा है, जिसके कारण वे क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता के.सी. जैन ने नीरज सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण तथा कुशल नेतृत्व से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नीरज सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा जनसेवा के अपने उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करेगा। इस अवसर पर के सी जैन, आर डी सिंह, आर. जी. खंडेलवाल, अतुल शाह, विजय प्रताप सिंह, बालकेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह, सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नीरज सिंह की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है।

# मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विधान सभा वार तैनात सेक्टर ऑफि सर्स, समस्त उप जिलाधि कारियों एवं तहसीलदारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि दिनांक 27 जून, 2026 को सभी सेक्टर ऑफिसर्स अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह जांच की जाए कि मतदेय स्थल के लिए चयनित भवन उपयुक्त स्थिति में है अथवा नहीं तथा वहां आवश्यक मूलभूत



सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थलों पर शौचालय, विद्युत आपूर्ति, मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता, भवन एवं कमरों की स्थिति सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत परीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। जहां किसी प्रकार की कमी पाई जाए, वहां संबंधित विभागों के माध्यम से समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं का उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भौतिक सत्यापन का कार्य गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करते हुए निर्धारित समय सीमा में आख्या उपलब्ध कराएं।

# चोपन पुलिस और एसओजी की बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ का गांजा बरामद, अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोपन पुलिस और एसओजी टीम ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 क्विंटल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, दो कारें, एक फर्जी नंबर प्लेट, दो मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब



एक करोड़ रुपये आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार 24 जून 2026 की रात करीब 11:15 बजे मीतापुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो कारों में भारी मात्रा में गांजा लेकर तस्कर शक्तिनगर की ओर से चोपन आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना चोपन, चौकी डाला पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से चोपन बैरियर पर सघन वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक इनोवा और एक स्विफ्ट कार तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों वाहन चालक भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए सलखन स्थित गांधी आश्रम के सामने दोनों वाहनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान पांच प्लास्टिक की बोरियों में रखा कुल 1 क्विंटल 42 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने लखनऊ निवासी मोहम्मद जावेद और रायबरेली निवासी अनुज कुमार मौर्य को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका साथी ऋषभ सिंह उर्फ आदित्य उर्फ अंकुश मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार अनुज कुमार मौर्य के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# प्रेमिका हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र के धरतीडाड़ स्थित मोटकी मुकुट पहाड़ी के जंगल में गत माह मिले महिला के कंकाल मामले का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विनोद कुमार की पत्नी पार्वती देवी 10 मई को लाला भैया उर्फ लाले पनिका तथा एक अन्य व्यक्ति के साथ घर से निकली थीं और उसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने म्योरपुर थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 30 मई को धरतीडाड़ स्थित मोटकी मुकुट पहाड़ी के जंगल में एक महिला का कंकाल मिला। परिजनों ने घटनास्थल पर



मिली साड़ी और चप्पल के आधार पर उसकी पहचान पार्वती देवी के रूप में की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका की सास ने लाला भैया उर्फ लाले पनिका तथा सुरेश पर संदेह व्यक्त किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेतवा मोड़ से करीब 300 मीटर पहले लाला भैया उर्फ लाले पनिका निवासी सिसवा झापर, थाना बभनी को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। पूरे प्रकरण का खुलासा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय ने किया।

# हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू, 20 जुलाई तक किए जा सकेंगे आवेदन

### हज कमेटी ऑफ इंडिया ने पात्र एवं इच्छुक आवेदकों से मांगे आवेदन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता ८**

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज-2027 के लिए पात्र एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हज यात्रा पर जाने के इच्छुक आवेदक हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लिकेशन हज सुविधा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हज-2027 के लिए आवेदन प्रक्रिया दिनांक 22 जून, 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है, जो 20 जुलाई, 2026 को रात्रि 11:59 बजे तक संचालित रहेगी। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में कुर्रा (डिजिटल रैंडम चयन) प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। चयनित हज यात्रियों को 10 अगस्त, 2026 तक ₹1,52,300 की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। निर्धारित समय-सीमाओं में किसी प्रकार का विस्तार अथवा छूट प्रदान नहीं की जाएगी।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन से पूर्व जारी दिशा-निर्देशों, घोषणा पत्रों एवं प्रतिज्ञापत्रों का भली-भांति अध्ययन कर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। आवेदन के साथ मशीन-पठनीय भारतीय पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ, नवीन पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक अथवा निरस्त चेक तथा पते के प्रमाण की स्कैन की गई प्रतियां निर्धारित प्रारूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने यह भी स्पष्ट किया है कि हज सीट का निरस्तीकरण हतोत्साहित किया जाता है, क्योंकि इससे व्यवस्थागत एवं परिचालन संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। इसलिए इच्छुक हज यात्रियों को अपनी तैयारी एवं यात्रा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के उपरांत ही आवेदन करने की सलाह दी गई है।

हज सीट निरस्त किए जाने की स्थिति में हज-2027 दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे। जनपद के इच्छुक नागरिकों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों को निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार रखने की अपील की गई है।

# अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर प्रशासन की कार्रवाई, घोरावल में 02 डिजिटल लाइब्रेरी सील

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में संचालित कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरियों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों




के अनुपालन की जांच हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.06.2026 को नायब तहसीलदार घोरावल, थाना घोरावल पुलिस एवं फायर सर्विस टीम द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान थाना घोरावल क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोचिंग सेंटरों, लाइब्रेरियों एवं शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन संसाधनों एवं अन्य निर्धारित मानकों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थानों में सुरक्षा मानकों से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए Success Digital Library & Book Stationery तथा कान्हा डिजिटल लाइब्रेरी को सील कर दिया गया। जनपद प्रशासन एवं सोनभद्र पुलिस द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

# राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने बेहतर नागरिक सेवाओं के लिए फार्मा जन समाधान पोर्टल को फार्मा सही दाम पोर्टल के साथ एकीकृत किया

एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ही स्थान पर दवाओं की कीमतों के सत्यापन और शिकायतों का निवारण करेगा नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के औषधि विभाग के राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने फार्मा जन समाधान पोर्टल को फार्मा सही दाम पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया है। इस एकीकरण से दवा की कीमतों की जानकारी और शिकायत निवारण सेवाएं एक ही एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो गई हैं जिससे नागरिक ऐप और पोर्टल के माध्यम से दोनों सेवाओं का आसानी से लाभ उठा सकते हैं। फार्मा सही दाम प्लेटफॉर्म को उपभोक्ताओं को अनुसूचित और गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए विकसित किया गया था जिससे उन्हें यह सत्यापित करने में मदद मिलती है कि दवाएं सरकार द्वारा अनुमोदित मूल्य सीमा के अंदर बेची जा रही हैं। दूसरी ओर, फार्मा जन समाधान को दवा मूल्य निर्धारण से संबंधित शिकायतों की रिपोर्टिंग और समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि दोनों पहलें मोबाइल एप्लिकेशन स्तर पर पहले से ही एकीकृत थीं लेकिन पहले वे अलग-अलग वेब पोर्टलों के माध्यम से संचालित होती थीं। इस एकीकरण का उद्देश्य अधिक कुशल और उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करना है। एकीकृत पोर्टल तत्काल प्रभाव से चालू हो गया है

# राष्ट्रीय एकता, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हेतु जिला एकीकरण समिति की 27 जून को बैठक

### जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगी बैठक

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी श्री दिनेश कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला एकीकरण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक दिनांक 27 जून, 2026 को अपराह्न 2:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मा० अध्यक्ष, जिला पंचायत, सोनभद्र द्वारा की जाएगी। बैठक में जनपद में राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनि रपेक्षता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को और अधिक प्रोत्साहित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही सामाजिक सौहार्द, आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने हेतु आवश्यक सुझावों एवं कार्ययो जनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान जनपद में साम्प्रदायिक एकता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी की जाएगी तथा विभिन्न विभागों एवं संबंधित अधिकारियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

# भारी उद्योग मंत्रालय ने सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम योजना) के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत ग्लोबल टेंडर के लिए बोली जमा करने की समय- सीमा बढ़ाई

भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने कई हितधारकों की मांग को देखते हुए आरईपीएम स्कीम के तहत ग्लोबल टेंडर के लिए समय-सीमा बढ़ा दी है। बोली जमा करने की आखिरी तारीख 29.06.2026 से बढ़ाकर 29.07.2026 कर दी गई है, जबकि तकनीकी बिड खोलने की तारीख 30.06.2026 से बदलकर 30.07.2026 कर दी गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें हिस्सा ले सकें और हितकधारकों को बोली लगाने की प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। सभी हितधारकों की जानकारी के लिए सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट (सीपीपी) पोर्टल पर एक परिशिष्ट प्रकाशित किया गया है(https://eprocu re.gov.in/eprocure/app)। भारत में इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) बनाने की सुविधाएँ स्थापित करने के लिए, आरईपीएम योजना के तहत लाथार्थियों के तौर पर उत्पादकों को चुनने के लिए मंत्रालय ने 20 मार्च 2026 को ग्लोबल टेंडर जारी किया था। 26 नवंबर 2025 को, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7,280 करोड़ रुपये के बजट के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के निर्माण को बढ़ावा देने वाली योजना को मंजूरी दी। अपनी तरह की इस पहली योजना का मकसद भारत में कुल 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाली इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने की सुविधाएँ स्थापित करना है, जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और भारत ग्लोबल आरईपीएम बाजार में एक अहम खिलाड़ी के तौर पर उभरेगा। रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट, दुनिया के सबसे शक्तिशाली मैग्नेट में से एक हैं और इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, विंड टर्बाइनों, अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा प्रणालियों में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

भारत में NdPr ऑक्साइड से लेकर तैयार मैग्नेट तक की पूरी मूल्य श्रृखंला बनाकर, इस योजना से इस क्षेत्र में आयात पर निर्भरता काफी कम होने की उम्मीद है।

# मुहर्रम पर्व से पहले कपाली में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, निकला फ्लैग मार्च

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कपाली ओपी क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार ने किया। इस दौरान चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता , कपाली नगर परिषद के प्रशासक गोपी कृष्ण, एसडीपीओ, चांडिल सर्किल इंस्पेक्टर रवि कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च कपाली टीओपी चौक से शुरू होकर डांगरडीह, अलबेला गार्डन, ताजनगर, इस्लामनगर, मिल्लतनगर, डेमडुबकी, तमोलिया सहित विभिन्न संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। प्रशासनिक अधिकारियों ने मोहर्रम कमेटियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक सुझाव भी लिए। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान जुलूस मार्गों, इमामबाड़ों और प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। एसडीओ ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं नगर परिषद प्रशासक गोपी कृष्ण ने कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है, जिसे सभी समुदायों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।



# सिंहभूम कॉलेज चांडिल में साहित्य अकादमी का 'साहित्यिक मंच' कार्यक्रम संपन्न; संताली साहित्य और युवा रचनाधर्मिता पर हुई गंभीर चर्चा

**समाज जागरण, संवाददाता**







चांडिल। सिंहभूम कॉलेज, चांडिल के बिरसा मुंडा सभागार में गुरुवार को साहित्य अकादमी द्वारा 'साहित्यिक मंच' (Literary Forum) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज और जुवान ओनोलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य विषय "रघुनाथ टुडू का जीवन और उनके कार्य" तथा "युवा साहित्य" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिंहभूम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन क्षेत्रीय भाषाओं और युवा साहित्यकारों को एक मजबूत मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कॉलेज में संताली साहित्य के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि संताली के भोगला सोरेन जैसे प्रबुद्ध साहित्यकारों को सुन पाना विद्यार्थियों के लिए उपलब्धि के समान है। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. रिया शालिनी (सहायक प्राध्यापक, सिंहभूम कॉलेज) के स्वागत भाषण से हुई। प्रख्यात संताली विद्वान बाबूराम सोरेन ने बीज वक्तव्य (Keynote Address) प्रस्तुत करते हुए रघुनाथ टुडू के साहित्यिक अवदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संताली के साहित्य अकादमी से पुरस्कृत प्रसिद्ध नाटककार ने युवा रचनाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि समकालीन दौर में अपनी जड़ों और लोक-साहित्य को बचाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने रघुनाथ टुडू के गीत नाटक और संगीत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रघुनाथ टुडू एक कवि ही नहीं बल्कि एक महान संताल दार्शनिक भी थे। श्री सोरेन ने आगे कहा कि संताली में नाटक की तीन शैलियां प्रचलित है। पंडित रघुनाथ मुर्मू शैली, रघुनाथ टुडू शैली एवं यदुनाथ टुडू शैली। रघुनाथ टुडू की शैली झारखंड और उड़ीसा में अत्यधिक प्रचलित है । इसीलिए, उनके नाटक आज भी प्रासंगिक है । इसके बाद, घासीराम मुर्मू, जितराई हांसदा, कृष्ण टुडू एवं जागरण मुर्मू ने विषय से संबंधित अपना महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने गहन विचार-विमर्श किया। द्वितीय सत्र में युवा साहित्यकारों ने स्वरचित कविताओं को प्रस्तुत किया। इनमें रवि हेंब्रम ,नरेंद्र माझी, लखन माझी ,फनीभूषण टुडू, अनिमा टुडू, हिमानी मुर्मू, एवं पायल मुर्मू ने अपने कविता के साहित्य रसिकों का मन मोह। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, संताली भाषा के शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बाबूराम सोरेन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पास्कल बैक और डॉ डुमरेंद्र राजन ने संयुक्त रूप से किया।

# पटना जंक्शन पर मोबाइल चोरी के बाद खाते से 64 हजार पार, शातिर साइबर ठगों ने बनाया निशाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के पटना जंक्शन पर एक बार फिर साइबर अपराधियों का दुस्साहस सामने आया है। जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-10 पर एक यात्री का मोबाइल फोन उड़ाने के बाद शातिरों ने महज कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से 64 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। पीड़ित यात्री ने इस संबंध में रेल साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित कुंदन कुमार, जो रामकृष्णानगर के नंदलाल छपरा के निवासी हैं, प्लेटफॉर्म नंबर 10 पर स्थित रेस्ट रूम के पास एक्सलेटर के समीप खड़े थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने उनके पॉकेट से मोबाइल फोन पार कर दिया। कुंदन को घटना का पता तब चला जब उन्हें अपना फोन गायब मिला। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके फोन में जो सिम कार्ड लगा था, वह उनके बैंक खाते, पैन कार्ड और आधार कार्ड रेडाक्टेड से लिंक था। चोरों ने इसी सुविधा का लाभ उठाते हुए उक्त सिम कार्ड का उपयोग कर उनके बैंक खाते की यूपीआई आईडी बना ली और तुरंत खाते से 64 हजार रुपये उड़ा लिए। जब कुंदन ने बैंक जाकर अपना स्टेटमेंट निकलवाया, तो उन्हें अवैध निकासी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने आनन-फानन में अपना बैंक खाता ब्लॉक करवाया। पीड़ित की शिकायत पर रेल साइबर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। रेल पुलिस ने यात्रियों को आगाह किया है कि वे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल और कीमती सामान के प्रति सतर्क रहें। साथ ही, सिम कार्ड और बैंक खातों से जुड़ी सुरक्षा सेटिंग्स को और अधिक मजबूत रखने की सलाह दी गई है। पुलिस मामले के तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके।

# पटना का टॉप-10 वांटेड शराब तस्कर मुकेश दास गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना की पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात शराब तस्कर मुकेश दास को गिरफ्तार कर लिया है। उसे रानीतालाब थाना क्षेत्र से उस वक्त दबोचा गया, जब वह वहां अवैध धंधे में सक्रिय था।गिरफ्तार मुकेश दास पटना के मालसलामी थाना अंतर्गत बुंदेल टोली का निवासी है। पुलिस के अनुसार, मुकेश दास लंबे समय से कानून की नजरों से बचकर फरार चल रहा था। उसके खिलाफ मालसलामी थाने में शराब तस्करी से संबंधित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह न केवल पटना में शराब का नेटवर्क चला रहा था, बल्कि वैशाली से शराब की खेप लाकर उसे राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करता था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मुकेश दास का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी कई बार शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। हालांकि, हर बार जमानत पर छूटकर बाहर आते ही वह फिर से अपने पुराने धंधे में लिप्त हो जाता था। उसकी लगातार आपराधिक गतिविधियों और फरार रहने के कारण उसे पटना पुलिस ने जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में रखा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुकेश दास रानीतालाब इलाके में छुपा हुआ है और शराब तस्करी का अपना नेटवर्क संचालित कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख अपराधी भागने की कोशिश में था, लेकिन टीम ने उसे धर दबोचा। फिलहाल, एसटीएफ ने गिरफ्तार मुकेश दास को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मालसलामी थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उसके खिलाफ मालसलामी थाने में शराब तस्करी से संबंधित कुल सात मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी को शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस की एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और तस्करी के नेटवर्क के बारे में और भी महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाने में लगी है।

# पीएमसीएच में उद्घाटन के तीन दिन बाद भी एमआरआई सेवा ठप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के दावों को उस समय झटका लगा, जब स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा उद्घाटन की गई अत्याधुनिक एमआरआई मशीनें तीन दिन बाद भी शुरू नहीं हो सकीं। अस्पताल प्रशासन की ओर से इसके पीछे तकनीकी विशेषज्ञों (टेक्नीशियन) और मैन पावर की भारी कमी को मुख्य कारण बताया जा रहा है। एमआरआई जैसी संवेदनशील जांच को सुचारू रूप से चलाने के लिए पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर 12 टेक्नीशियनों समेत पर्याप्त मैन पावर की तत्काल मांग की है। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि जैसे ही मैन पावर की तैनाती होगी, सेवा शुरू कर दी जाएगी। अधीक्षक डॉ. सिंह ने आश्वस्त किया है कि अगले 10 दिनों के भीतर जांच और वेंटिलेटर की वेटिंग लिस्ट पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उद्घाटन के बाद अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्स-रे और इको जैसी पांच सुविधाएं मरीजों के लिए शुरू कर दी गई हैं। पहले रेडियोलॉजी विभाग पुराने भवन में था, जहाँ केवल तीन अल्ट्रासाउंड मशीनें होने से मरीजों को लंबी कतारों में लगना पड़ता था। अब नई मशीनों के साथ कुल छह अल्ट्रासाउंड मशीनें उपलब्ध हैं। साथ ही, अब पुराने इमरजेंसी वार्ड में चल रही सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और इको मशीनों को भी नए भवन (टावर-2) के प्रथम तल पर शिफ्ट किया जा रहा है। अब मरीजों को जांच के लिए अस्पताल से बाहर जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। टावर-2 में एक्स-रे (5-6 मशीनें), अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा दी गई है। रेडियोलॉजी विभाग की नई व्यवस्था से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निजी जांच केंद्रों की लूट से भी मुक्ति मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग अब जल्द से जल्द टेक्नीशियनों की तैनाती करने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि एमआरआई का लाभ भी मरीजों को मिलना शुरू हो सके।

# पटना में लंबित दाखिल-खारिज और परिमार्जन मामलों के निपटारे के लिए चलेगा विशेष अभियान, डीएम ने दिए निर्देश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले में भूमि विवादों को जड़ से खत्म करने और रैयतों को राहत देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में लंबित दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और परिमार्जन के मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अंचलों में सीओ को प्राथमिकता के आधार पर इन लंबित कार्यों का निष्पादन करना होगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पटना जिले में अभी भी दाखिल-खारिज के 17,000 से अधिक मामले लंबित हैं। इसके साथ ही, परिमार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन जमाबंदी कराने और जमाबंदी में सुधार से संबंधित 13,000 से अधिक आवेदन प्रक्रिया में हैं। डीएम ने सभी डीसीएलआर और सीओ को इन आंकड़ों को तेजी से कम करने और बेहतर प्रदर्शन करने का कड़ा निर्देश दिया है, ताकि भूमि विवादों की शिकायतों में कमी आए। राजस्व के साथ-साथ डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सिविल सर्जन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रखंड, अनुमंडल और जिला-स्तरीय अस्पतालों में एम्बुलेंस सेवा को सुदृढ़ करने, पर्याप्त मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराने और मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया गया है। लक्ष्य यह है कि आमजन को इलाज के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। जिलाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए बाल संरक्षण इकाई को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले भर में अनाथ बच्चों, एड्स से पीड़ित या प्रभावित बच्चों और कुष्ठ रोग से पीड़ित माता-पिता के बच्चों की संख्या का पता लगाने के लिए व्यापक सर्वे कराने को कहा है। इसके लिए सीडीपीओ, बीडीओ और डीपीओ (कख्ऊ) को मिशन मोड में कार्य करने को कहा गया है। इसके अलावा, बाल गृहों में शिक्षकों, डॉक्टरों और सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति आवश्यकतानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन के इन फैसलों से एक ओर जहाँ भूमि संबंधी जटिलताओं से जूझ रहे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी बड़े बदलावों की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# पटना में 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, 40 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर होंगे प्रभु

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में 16 जुलाई (गुरुवार) को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूरे धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। इस्कॉन मंदिर द्वारा आयोजित इस वार्षिक रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा 40 फीट ऊंचे अत्याधुनिक हाइड्रोलिक रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। यह आयोजन राजधानी के प्रमुख धार्मिक उत्सवों में से एक है।इस बार का मुख्य रथ ओडिशा के कुशल कारीगरों द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया है। रथ को पुरी की पारंपरिक रथ यात्रा की तर्ज पर लाल और पीले रंगों के विशेष संयोजन से सजाया गया है। रथ के चक्कों पर शंख, गदा और पद्म के बारीक और आकर्षक डिजाइन उकेरे गए हैं, जो इसकी भव्यता को और बढ़ा रहे हैं। रथ के शीर्ष पर स्थापित गदा मायापुर से मंगाई गई है। भगवान के दिव्य वस्त्र भी मायापुर और वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा तैयार करवाए गए हैं। रथ को फूलों से सजाने के लिए बेंगलुरु, कोलकाता और थाईलैंड से विशेष ऑर्डर दिया गया है। गुलाब, गेंदा, ऑर्किड और गुलदाउदी के फूलों से सुसज्जित यह रथ दोपहर 3 बजे बुद्ध मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर से निकलेगा। यात्रा का रूट तारामंडल, पटना हाईकोर्ट, बिहार म्यूजियम, पटना विमेंस कॉलेज, इनकम टैक्स गोलंबर और कोतवाली होते हुए डाकबंगला चौराहा पहुंचेगा। शाम 7 बजे तक रथ पुनः इस्कॉन मंदिर लौट आएगा।आयोजन समिति के अनुसार, रथ यात्रा के दौरान विभिन्न पड़ावों पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की जाएगी। यात्रा के समापन पर इस्कॉन मंदिर परिसर में भक्तों के लिए महाप्रसाद और सामुदायिक भोज की विशेष व्यवस्था की गई है। इस्कॉन प्रशासन ने इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई है और सुरक्षा व व्यवस्था के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

# पटना के कंकड़बाग में कार चोर गिरोह का आतंक

## शीशा तोड़ और झांसा देकर उड़ा रहे कीमती सामान

पटना/ राजधानी के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में कार सवार लोगों को निशाना बनाने वाला एक शातिर गिरोह इन दिनों काफी सक्रिय है। पिछले कुछ दिनों में इस गिरोह ने दर्जनों वारदातों को अंजाम दिया है, लेकिन पुलिस अब तक एक भी बदमाश को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। मुख्य रूप से कंकड़बाग मेन रोड स्थित 'तिवारी बेचर' के पास यह गिरोह जमकर सक्रिय है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह दो तरीकों से चोरी करता है। पहला, सुनसान जगह पर खड़ी कारों का शीशा तोड़कर अंदर रखा बैग या कीमती सामान निकाल लेना। दूसरा, चालक को 'गाड़ी से मोबिल या तेल गिर रहा है' जैसा झांसा देकर बाहर बुलाना और इस बीच कार का दरवाजा खोलकर सामान पार कर देना। हाल की कुछ प्रमुख घटनाओ के तहत पहली घटना आदित्य वत्स खेमनीचक में अपनी कार तिवारी बेचर के पास पार्क कर शोरूम गए थे। वापस लौटने पर ड्राइवर सीट के पीछे वाला शीशा टूटा मिला और पर्स जिसमें घर की चाबी और अन्य दस्तावेज थे गायब था। वही दूसरी घटना में डॉ. रंजीत रंजन मधुकर की है जहां डॉ. जीपी सिंह हाउस के बाहर कार पार्क की थी। कुछ देर में लौटने पर खिड़की का शीशा टूटा मिला और उनका बैग (उपकरण और फाइलें) चोरी हो गया था। जबकि तीसरी घटना शिबी तिवारी दीघा नहर रोड की है जहां खरीदारी के दौरान एक युवक ने ड्राइवर को झांसा दिया कि गाड़ी से मोबिल गिर रहा है। चालक के नीचे उतरते ही बदमाशों ने कार की सीट पर रखा लैपटॉप बैग और 8000 रुपये नकदी उड़ा ली। वही पीड़ितों का आरोप है कि कंकड़बाग थाना क्षेत्र में लगातार वारदातों के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। हालांकि, शिबी तिवारी के मामले में थाने में केस दर्ज कर लिया गया है, लेकिन अन्य घटनाओं में भी पुलिस की सुस्त जांच से स्थानीय लोगों में डर व्याप्त है। इस गिरोह के आतंक से इलाके के वाहन चालक दहशत में हैं। पुलिस प्रशासन अब इन घटनाओं को गंभीरता से लेने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का दावा कर रहा है।

# पटना पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह पर गिरी गाज, डॉ. गीता सिन्हा को मिली जिम्मेदारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के सबसे बड़े अस्पताल, पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) में उस समय हड़कंप मच गया, जब स्वास्थ्य विभाग ने वहां के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह को हटाए जाने का आदेश जारी किया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा की गई इस बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के बाद डॉ. गीता सिन्हा को पीएमसीएच के नए प्रिंसिपल के रूप में नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के हालिया औचक निरीक्षण के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्री जब व्यवस्था का जायजा लेने पीएमसीएच पहुंचे, तो वहां प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह मौजूद नहीं थे। प्रोटोकॉल के तहत मंत्री ने तुरंत उन्हें फोन लगवाया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने पर मंत्री खासे नाराज हुए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और साफ-सफाई की कमी को लेकर भी कड़ी नाराजगी जताई थी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पीएमसीएच में प्रशासनिक गड़बड़ियों और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में कोताही की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का दौरा किया था। दौरे के दौरान अस्पताल की लचर स्थिति देखकर उन्होंने सुधार के सख्त निर्देश दिए थे। प्रिंसिपल का कार्यभार संभाल रहे डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह का फोन न उठाना और निरीक्षण के समय नदारद रहना 'कोढ़ में खाज' साबित हुआ, जिसके बाद यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया। अब नई जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. गीता सिन्हा के सामने पीएमसीएच की साख सुधारने और वहां की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बड़ी चुनौती होगी। अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं में सुधार नई प्रिंसिपल की प्राथमिकता सूची में हो सकते हैं। अस्पताल प्रशासन में हुए इस बड़े बदलाव से स्वास्थ्य विभाग में भी हलचल है।

# पटना के फुलवारीशरीफ में सड़क किनारे मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र से एक विचलित कर देने वाली खबर सामने आई है। गुरुवार की सुबह फुलवारीशरीफ के मुख्य मार्ग के किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान पीरबहोर थाना क्षेत्र के पटना कॉलोनी निवासी हरीस राज के रूप में हुई है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, गुरुवार की सुबह जब स्थानीय लोग अपने दैनिक टहलने के लिए घर से बाहर निकले, तो उन्होंने सड़क किनारे एक युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और सूचना तुरंत फुलवारीशरीफ पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस को तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक सरकारी पहचान पत्र मिला, जिससे उसकी पहचान पीरबहोर थाना क्षेत्र की पटना कॉलोनी के निवासी हरीस राज के तौर पर हुई। पुलिस ने तुरंत उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। शुरूआती जांच के संबंध में फुलवारीशरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर फिलहाल किसी भी प्रकार की बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। इससे मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक की मौत सामान्य परिस्थितियों में हुई है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। क्या युवक ने दम घुटने या किसी अन्य मेडिकल कारण से दम तोड़ा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय का खुलासा हो सकेगा। पुलिस घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मृतक अंतिम बार किसके साथ देखा गया था। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# पटना में होल्डिंग टैक्स में 15 फीसदी की बढ़ोतरी

## 30 साल बाद बदले टैक्स के स्लैब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना नगर निगम क्षेत्र के मकान मालिकों पर अब आर्थिक बोझ बढ़ गया है। नगर निगम ने वार्षिक किराया मूल्य (एआरवी) में प्रति वर्ग फुट 15 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। नगर विकास एवं आवास विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार से नई दरें प्रभावी हो गई हैं। गौरतलब है कि शहर में होल्डिंग टैक्स में यह संशोधन पूरे 30 साल (वर्ष 1995) के बाद किया गया है।इस वृद्धि के बाद आवासीय, व्यावसायिक और अन्य सभी श्रेणियों की संपत्तियों का होल्डिंग टैक्स बढ़ गया है। निगम के अनुसार, यदि कोई मकान मालिक पहले 1,000 रुपये वार्षिक टैक्स देते थे, तो अब उन्हें 1,150 रुपये का भुगतान करना होगा। बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 127 के तहत हर पांच साल में न्यूनतम 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी अनिवार्य है, जिसे अब लागू किया गया है। निगम प्रशासन का कहना है कि इस फैसले से प्राप्त अतिरिक्त राजस्व का उपयोग शहर में आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने, सफाई व्यवस्था, सड़कों के निर्माण, जलनिकासी और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने में किया जाएगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि यह संशोधन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप है। बढ़ते टैक्स के बीच निगम ने राहत की बात भी कही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जो करदाता 30 जून तक अपना होल्डिंग टैक्स एकमुश्त जमा करेंगे, उन्हें कुल राशि पर पांच प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।निगम के इस फैसले से शहर के लाखों मकान मालिकों को अब अपनी संपत्ति के अनुसार संशोधित टैक्स जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए नागरिक नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट या अपने संबंधित अंचल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# बिहार पंचायत चुनाव 2026 के दौरान 8-9 चरणों में मतदान की तैयारी, 4000 से अधिक पंचायतों में लागू होगा नया आरक्षण रोस्टर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 की आहट के साथ ही राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ने लगा है। राज्य निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में पूरी तरह जुट गया है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो बिहार में पंचायत चुनाव सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के पहले सप्ताह के बीच आयोजित किए जाने की प्रबल संभावना है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए आयोग इस बार चुनाव को 8 से 9 चरणों में संपन्न कराने की योजना बना रहा है। आगामी चुनाव कई मायनों में बदलावों से भरा होगा। आयोग ने पंचायतों के सीमांकन और जनसंख्या के आधार पर आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। राज्य की 4,000 से अधिक पंचायतों और 55 हजार से ज्यादा वार्डों में नया आरक्षण रोस्टर लागू किया जाएगा। इस नए रोस्टर के तहत महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में फेरबदल होना तय है। इसका सीधा असर स्थानीय राजनीति पर पड़ेगा, जिससे कई पुराने जनप्रतिनिधियों की चुनावी गणित बिगड़ सकती है। निर्वाचन आयोग ने आरक्षण के निर्धारण के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया है। पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिसकी अंतिम तारीख 15 जून 2026 निर्धारित थी। दावा-आपत्ति की समय सीमा समाप्त होने के बाद, अब आयोग का पूरा ध्यान अंतिम मतदाता सूची तैयार करने और सभी मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन पर केंद्रित है। आरक्षण रोस्टर में बदलाव की सूचना के साथ ही गांवों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। वर्तमान मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड प्रतिनिधियों के भविष्य पर सस्पेंस बना हुआ है। चुनाव की आधिकारिक घोषणा से पहले ही संभावित उम्मीदवार सक्रिय हो गए हैं। माना जा रहा है कि आयोग की तैयारी पूरी होते ही जल्द ही चुनावी बिगुल बज जाएगा।

# पटना में 24 घंटे में दो युवकों के शव मिलने से फैली सनसनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में पिछले 24 घंटों के भीतर दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से युवकों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। गोपालपुर के बाद अब रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में शव मिलने की घटना ने स्थानीय लोगों को दहशत में डाल दिया है। एक ही दिन के अंतराल पर हुई इन वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पहली घटना गोपालपुर थाना क्षेत्र की है, जहाँ पुलिस को एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान करने के लिए पुलिस ने हर संभव प्रयास किए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। मृतक के हाथ पर 'शकील' नाम का टैटू गुदा हुआ है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए अस्पताल के मोर्चरी में 72 घंटे तक सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है, ताकि कोई परिजन या परिचित आकर शव की शिनाख्त कर सके। गुरुवार को दूसरी घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र की नई ढेलवा कॉलोनी में सामने आई। यहाँ एक युवक का शव मिला, जिसकी पहचान पीरबहोर थाना क्षेत्र के पटना कॉलोनी निवासी हरीश राज (पिता संतोष सिंह) के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पटना सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) डॉ. रंजन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर बाहरी चोट या जख्म के कोई निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका सही खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।लगातार दो दिनों के भीतर हुई इन घटनाओं से पूरे इलाके में भय का माहौल है। रामकृष्ण नगर पुलिस घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि मृतक की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। पुलिस दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए अलग-अलग कोणों से जांच कर रही है। फिलहाल, दोनों थाना क्षेत्रों की पुलिस संदिग्धों से पूछताछ और साक्ष्य जुटाने में जुटी है।

# किशनगंज भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया "काला दिवस"

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



25 जून। भारतीय जनता पार्टी के किशनगंज जिला कार्यालय में गुरुवार को वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल की बरसी पर "काला दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार राजू झा की उपस्थिति में तथा जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार राजू झा ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों को गंभीर आघात पहुंचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया गया तथा विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया। साथ ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी व्यापक प्रतिबंध लगाए गए।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आपातकाल की घटनाएं देशवासियों को लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की सीख देती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

किशनगंज आगमन पर भाजपा जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आपातकाल के दौरान हुए घटनाक्रम और लोकतंत्र पर पड़े उसके प्रभावों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में हरिराम अग्रवाल, शिशिर कुमार दास, बिजली सिंह, ज्योति कुमार सोनू, अजीत दास, पंकज कुमार साहा, कौशल झा, राजेश गुप्ता, सुबोध माहेश्वरी, जयकिशन प्रसाद कुशवाहा, अरविंद मंडल, किशलय सिन्हा, मुकेश हेम्ब्रम, मिक्की साहा, कौशल आनंद, बीणा देवी, सोनी देवी, लखवीर कौर, दुर्गा स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोबरा के जहर को मात देकर घर लौटी नन्ही नैन्सी, 102 एंबुलेंस ने बचाई जान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



25 जून। समय पर मिली चिकित्सा सुविधा, 102 एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और चिकित्सकों के अथक प्रयास से सर्पदंश की शिकार एक मासूम बच्ची की जान बच गई। तीन दिनों तक चले उपचार के बाद बच्ची पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आई।

जानकारी के अनुसार बहादुरगंज प्रखंड के कटेलबाड़ी गांव निवासी नैन्सी प्रवीण को 20 जून को खेलते समय जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, किशनगंज रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही 102 एंबुलेंस के चालक संदीप कुमार और ईएमटी देवराज कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों ने बिना समय गंवाए बच्ची को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और सदर अस्पताल के लिए रवाना हो गए। रास्ते भर ईएमटी ने बच्ची की स्थिति पर नजर रखते हुए आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई, जबकि चालक ने कुशलतापूर्वक वाहन चलाकर उसे समय पर अस्पताल पहुंचाया।

सदर अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने लगातार तीन दिनों तक बच्ची का गहन उपचार किया। इलाज और निगरानी के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ तथा वह पूरी तरह स्वस्थ होकर खतरे से बाहर आ गई।

बेटी के स्वस्थ होने पर उसके पिता सेदर रहमान ने सदर अस्पताल पहुंचकर 102 एंबुलेंस के चालक संदीप कुमार और ईएमटी देवराज कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समय पर एंबुलेंस और चिकित्सा सहायता नहीं मिलती तो उनकी बेटी को बचाना मुश्किल हो सकता था।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जिले के अंतिम व्यक्ति तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि सर्पदंश जैसी आपात स्थितियों में मरीज को शीघ्र अस्पताल पहुंचाना जीवन बचाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है।

जिले में वर्तमान में 34 एंबुलेंस संचालित हैं, जिनमें 8 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट, 24 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस तथा 2 शव वाहन शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 102 एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन 62 से अधिक मरीजों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

नैन्सी की यह कहानी समय पर स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और चिकित्सकों के समर्पण से जीती गई जिंदगी की जंग का प्रेरक उदाहरण बन गई है।

# "स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान; एसएसबी का सराहनीय अभियान"।

**समाज जागरण संवाददाता**

खोरीबारी ( सिलीगुड़ी )सीमावर्ती क्षेत्रों में जनकल्याण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 41वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रानीडंगा द्वारा समवाय कदोमनिजोत के कार्यक्षेत्र अंतर्गत जीवंत गांव खुनिया पुकुर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर






कमांडेंट विकास कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर का उद्देश्य पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ पशुपालकों को पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों एवं उनके बचाव के प्रति जागरूक करना था। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक छेत्री ने कुल 230 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। साथ ही जरूरतमंद पशुपालकों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

इस दौरान पशुपालकों को खुरपका-मुँहपका, गलघोटू, कृमिरोग, त्वचा संक्रमण तथा पोषण संबंधी समस्याओं जैसे सामान्य एवं संक्रामक रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने पशुओं के नियमित टीकाकरण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया।

शिविर से लगभग 46 ग्रामीण एवं पशुपालक परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने एसएसबी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पशुधन संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका और आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एसएसबी अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनकल्याण और ग्रामीण विकास से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि ग्रामीण समुदाय को आवश्यक सेवाएं उनके द्वार तक उपलब्ध कराई जा सकें।

# जाम के शिकंजे में किशनगंज शहर, बेअसर साबित हो रही प्रशासन की कार्रवाई

## अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और अनियंत्रित टोटो संचालन से शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त, आमजन बेहाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



25 जून। शहर में जाम की समस्या दिन-ब-दिन विकराल रूप धारण करती जा रही है, लेकिन प्रशासन और नगर परिषद के तमाम दावे धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। पश्चिम पाली, चूड़ी पट्टी, डे मार्केट, गुदरी बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर सुबह से लेकर देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। नतीजतन आम लोगों, छात्रों, मरीजों और व्यवसायियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को लगभग पंगु बना दिया है। सब्जी मंडियों, फुटपाथी दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने सड़क के बड़े हिस्से पर कब्जा जमा रखा है। कई बड़े मॉल और दुकानों द्वारा पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने से ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे सड़कें संकरी होकर जाम का कारण बन रही हैं।

स्थिति को और गंभीर बनाने में टोटो (ई-रिक्शा) की अनियंत्रित संख्या अहम भूमिका निभा रही है। संकरी सड़कों पर बेतरतीब ढंग से चल रहे टोटो के कारण किसी भी समय यातायात बाधित हो जाता है। जैसे ही कोई बड़ा वाहन शहर के भीड़भाड़ वाले मार्गों में प्रवेश करता है, देखते ही देखते लंबा जाम लग जाता है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन्हीं मार्गों से होकर न्यायालय, टाउन थाना, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, विद्यालय, गैस गोदाम और अस्पतालों तक पहुंचने का रास्ता गुजरता है। जाम के कारण एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

हालांकि नगर परिषद और प्रशासन समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाते हैं, लेकिन इन अभियानों का असर कुछ घंटों या अधिकतम एक-दो दिन तक ही दिखाई देता है। कार्रवाई समाप्त होते ही अतिक्रमण फिर से सड़कों पर लौट आता है। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर प्रशासनिक कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक ही क्यों सीमित रह जाती है।

शहरवासियों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जाममुक्त शहर और बेहतर यातायात व्यवस्था के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही जनप्रतिनिधि जनता की इस मूलभूत समस्या को भूल जाते हैं। वर्षों से जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है, जबकि शहर की आबादी और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

किशनगंज के लोगों ने जिला प्रशासन, नगर परिषद और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि अतिक्रमण के खिलाफ नियमित और कठोर कार्रवाई की जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती बरती जाए तथा टोटो संचालन के लिए प्रभावी नियम लागू किए जाएं। जब तक ठोस और स्थायी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक शहरवासियों को जाम के इस दंश से राहत मिलना मुश्किल नजर आता है।

**"कार्रवाई नहीं, स्थायी समाधान चाहिए"**

शहरवासियों का कहना है कि अब दिखावटी अभियान नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था चाहिए जिससे सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके और यातायात सुचारु रूप से चल सके। अन्यथा जाम की समस्या आने वाले दिनों में और भी भयावह रूप ले सकती है।

# मंझोक गांव में मोहम्मद हुसैन आजाद ट्रस्ट का निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 100 मरीजों की हुई जांच

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**



25 जून। किशनगंज जिले की दौला पंचायत अंतर्गत मंझोक गांव में गुरुवार को मोहम्मद हुसैन आजाद ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और आवश्यक दवाइयों का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती शाईदा बानु की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

शिविर के दौरान कुल 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 40 पुरुष, 38 महिलाएं और 22 बालिकाएं शामिल थीं। इसके अलावा 31 वृद्धजनों ने भी स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

यह चिकित्सा शिविर डॉ. मोहम्मद हंजला एवं उनकी चिकित्सकीय टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय और लाभकारी प्रयास बताया।

# पटना के पालीगंज में मोहर्रम को लेकर सिगोड़ी में पुलिस का फ्लैग मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के सिगोड़ी थाना क्षेत्र में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में, गुरुवार को पालीगंज अनुमंडल के सिगोड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से 'फ्लैग मार्च' निकाला गया। इस



दौरान पुलिस ने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में गश्त की और आम जनमानस में सुरक्षा का भरोसा जगाया। फ्लैग मार्च सिगोड़ी थाना परिसर से शुरू होकर बाजार के प्रमुख मार्गों से होता हुआ विभिन्न टोलों और मोहल्लों तक पहुंचा। पुलिस के जवानों और प्रशासनिक अधिकारियों को सड़क पर मार्च करते देख स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई। थाना प्रभारी ने मार्च के दौरान लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगी।पालीगंज अनुमंडल प्रशासन ने क्षेत्र के सभी शांति समितियों के साथ भी लगातार बैठकें की हैं। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य न केवल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना था, बल्कि हुड़दंगियों को यह कड़ा संदेश देना भी था कि प्रशासन शांति व्यवस्था के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पुलिस ने क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं और पर्व के दौरान सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के जरिए निगरानी करने की बात कही है। प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपेक्षा की है ताकि मोहर्रम का त्योहार परंपरागत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। इस फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान शामिल रहे।

# मोहर्रम को लेकर नबीनगर में प्रशासन अलर्ट, शांति-सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नवीनगर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस इंस्पेक्टर सूरज कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती और नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बुधवार को क्षेत्र का भ्रमण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से मुलाकात कर मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी सद्भाव के साथ मनाने में सहयोग की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि नवीनगर में मोहर्रम पर्व हमेशा से परंपरागत तरीके और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता रहा है। यहां की गंगा-जमुनी तहजीब मिसाल है और इस बार भी पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। प्रशासन ने भी लोगों को भरोसा दिलाया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

# बटाने पुल डायवर्जन का डीएम ने किया निरीक्षण,15 दिन में पूरा करने का अल्टीमेटम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)बटाने पुल के डायवर्जन निर्माण में हो रही देरी पर जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने कड़ी नाराजगी जताई है। गुरुवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंची डीएम ने कार्य की धीमी गति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को 15 दिनों के भीतर हर हाल में काम पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा कि बटाने पुल से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। डायवर्जन में अनावश्यक देरी से आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। जनहित और सुरक्षित आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए काम में तेजी लानी होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि काम के दौरान आने वाली हर समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। आम लोगों की सुविधा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। जिला पदाधिकारी ने साफ चेतावनी दी कि यदि 15 दिन में डायवर्जन का काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। औरंगाबाद जिला प्रशासन ने दोहराया कि विकास कार्यों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और जनहित में पूरा करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# बालू लदे ट्रैक्टर को छुड़ाने के प्रयास में पुलिस से झड़प, मोबाइल छीना; मटियाभिटा में पुलिस की बड़ी छापेमारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



25 जून। पोठिया थाना क्षेत्र के दलुआहाट नेपाली चौक पर अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम के साथ कथित हाथापाई और मोबाइल छीनने की घटना के बाद गुरुवार को मटियाभिटा गांव में भारी पुलिस बल के साथ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस वाहनों के गांव पहुंचने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

छापेमारी अभियान का नेतृत्व ठाकुरगंज एसडीपीओ-2 मनोज कुमार सिंह ने किया। उनके साथ सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार पंथ, पोठिया थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कैप्टन संजय पांडे, पहाड़कट्टा थानाध्यक्ष फुलेंद्र कुमार, छत्तरगाछ कैंप प्रभारी शैलेश कुमार, ठाकुरगंज थानाध्यक्ष अंजय अमन, अपर थानाध्यक्ष मणिभूषण पासवान सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

पुलिस के अनुसार, चिचुआबाड़ी पिकेट प्रभारी ब्रिज प्रसाद बैजू को सूचना मिली थी कि दलुआहाट क्षेत्र में अवैध रूप से बालू खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

बताया जाता है कि कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और ट्रैक्टर पर लदे बालू को हाइड्रोलिक के माध्यम से खाली कर दिया। पुलिस का आरोप है कि जब जब्त ट्रैक्टर को थाना ले जाने की तैयारी की जा रही थी, तभी कुछ लोगों ने अवैध बालू कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की एवं हाथापाई की घटना हुई।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर कार्रवाई का वीडियो बना रहे एक पुलिसकर्मी का मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और आरोपितों की पहचान की।

इसी क्रम में गुरुवार को मटियाभिटा गांव में मुख्य आरोपित अबूशमा के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया। हालांकि आरोपित ट्रैक्टर के साथ फरार बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

पोठिया थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कैप्टन संजय पांडे ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने, मोबाइल छीनने तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत पोठिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन, सरकारी कार्य में बाधा डालने और कानून हाथ में लेने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पटना के पालीगंज में बीस सूत्री बैठक में सीओ रहे अनुपस्थित

## कई विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता :- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को आयोजित बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हंगामेदार रही। बैठक की अध्यक्षता मिथलेश कुमार ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई, लेकिन अंचलाधिकारी महेश कुमार की अनुपस्थिति ने सदस्यों को नाराज कर दिया। बैठक के दौरान जब सदस्य भूमि सुधार और अंचल संबंधी योजनाओं पर चर्चा करना चाहते थे, तो पता चला कि अंचलाधिकारी महेश कुमार बैठक से नदारद हैं। इसे लेकर उपस्थित जन प्रतिनिधियों और बीस सूत्री सदस्यों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। सदस्यों का कहना था कि अंचल से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं और जनता की समस्याएं लंबित हैं, जिन पर सीओ की मौजूदगी में ही ठोस निर्णय लिया जा सकता था। उनकी अनुपस्थिति से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नाराजगी के बावजूद, बैठक में अन्य विभागों से जुड़ी कई विकास योजनाओं के समाधान और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ सुशील कुमार ने आश्वस्त किया कि अन्य विभागों के माध्यम से जनहित के कार्यों को गति दी जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख अनीशा कुमारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह शाही के अलावा सदस्य नारायण कुमार, उत्तम कुमार, संदीप गुप्ता, रवींद्र शर्मा, जितेंद्र कुमार राम, ब्रह्मदेव बिंद, सुधांशु पटेल और राजीव रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।उपस्थित सदस्यों ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में होने वाली बैठकों में सभी विभागों के अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता से जुड़े कार्यों का समयबद्ध तरीके से निष्पादन हो सके। अनुपस्थित अधिकारियों को लेकर सदस्यों ने खेद व्यक्त किया और उन्हें अपने दायित्वों के प्रति गंभीर होने की नसीहत दी।



# पीपीयू में बीएड, एलएलबी और बीए-एलएलबी की परीक्षाएं 2 जुलाई से विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत शेड्यूल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (PPU) ने सत्र 2026 की बीएड, एलएलबी और बीए-एलएलबी परीक्षाओं का आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इन सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आगामी 2 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा को लेकर छात्रों में तैयारी शुरू हो गई है।बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सुबह की पाली (सुबह 9:30 बजे) में आयोजित होंगी। 2 जुलाई को 'चाइल्डहुड एंड ग्रोइंग अप', 3 को 'कंटेंपरेरी इंडिया एंड एजुकेशन', 4 को 'लर्निंग एंड टीचिंग', 6 को 'लैंग्वेज अक्रॉस द करिकुलम', 7 को 'पेडागोजी ऑफ ए स्कूल सब्जेक्ट', 8 को 'अंडरस्टैंडिंग डिसिप्लिन्स एंड सब्जेक्ट' और 9 जुलाई को 'जेंडर, स्कूल एंड सोसाइटी इन एजुकेशन' विषय की परीक्षा होगी। वहीं, बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दोपहर की पाली (दोपहर 2 बजे) में होंगी। 2 जुलाई को 'पेडागोजी ऑफ ए स्कूल सब्जेक्ट', 3 को 'नॉलेज एंड करिकुलम', 4 को 'असेसमेंट फॉर लर्निंग', 6 को 'क्रिएटिंग एन इंक्लूसिव स्कूल' और 7 जुलाई को 'ऑप्शनल कोर्स' की परीक्षा आयोजित की जाएगी। तीन वर्षीय एलएलबी और पांच वर्षीय बीए-एलएलबी की परीक्षाएं भी 2 जुलाई से ही शुरू होंगी।